सोमवार, 16 फरवरी 2026

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 16 – 29 |
| आर्द्रता | 32% |
| सूर्योदय: 06:09 | सूर्यास्त: 17:33 |

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, फाल्गुन कृष्णपक्ष चतुर्दशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : धैर्य एक ऐसा पौधा है जिस पर हमेशा मीठे फल ही लगते हैं।



नेपाल पर बड़ी जीत से सुपर आठ में पहुंचा वेस्टइंडीज पृष्ठ 8

# महाशिवरात्रि पर महाविजय : भारत की जीत की हैट्रिक

## पाकिस्तान को हरा सुपर 8 में पहुंचा

### रनों के अंतर से सबसे बड़ी जीत



**कोलंबो :** आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप ए मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को 61 रन से हराकर सुपर आठ चरण में दमदार अंदाज में प्रवेश किया। स्पिनरों की मददगार पिच पर सलामी बल्लेबाज इशान किशन के तूफानी अर्धशतक और गेंदबाजों के सामूहिक प्रदर्शन ने मैच को एकतरफा बना दिया। 176 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम 18 ओवर में 114 रन पर सिमट गई। भारत के लिए हार्दिक पंड्या (16 रन पर दो विकेट), वरुण चक्रवर्ती (17 रन पर दो विकेट), जसप्रीत बुमराह (17 रन पर दो विकेट) और अक्षर पटेल (29 रन पर दो विकेट) ने धारदार गेंदबाजी की। पाकिस्तान की ओर से उस्मान खान (44) ने संघर्ष किया, जबकि शाहीन शाह अफरीदी नाबाद 23 रन ही बना सके। इस जीत के साथ टी20 विश्व कप में भारत की पाकिस्तान पर नौ मुकाबलों में आठवीं जीत दर्ज हुई। इससे पहले भारत ने सात विकेट पर 175 रन बनाए। इशान ने 40 गेंद में 10 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 77 रन की आक्रामक पारी खेली। उन्होंने तिलक वर्मा (25) के साथ दूसरे विकेट के लिए 87 रन जोड़े। कप्तान सूर्यकुमार यादव (32) और शिवम दुबे (27) ने भी उपयोगी योगदान दिया, जबकि अंत में रिंकू सिंह ने चार गेंद में नाबाद 11 रन बनाकर स्कोर 175 तक पहुंचाया। पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। सईम अयूब (25 रन पर तीन विकेट) सबसे सफल गेंदबाज रहे, जबकि अबरार अहमद और शादाब खान को भी सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की शुरुआत बेहद खराब रही। दूसरे ओवर तक तीन विकेट गिर चुके थे। बुमराह और पंड्या ने शुरुआती झटके देकर दबाव बना दिया। बाद में अक्षर और चक्रवर्ती ने मध्यक्रम को समेट दिया। इशान ने पावर प्ले में आक्रामक रुख अपनाते हुए 27 गेंद में अर्धशतक पूरा किया, जो भारत-पाकिस्तान मुकाबलों में सबसे तेज अर्धशतकों में से एक रहा। उनके आउट होने के बाद भी भारत ने नियमित अंतराल पर रन बनाए। अंतिम पांच ओवर में पाकिस्तान को 82 रन की जरूरत थी, लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने कोई मौका नहीं दिया। लगातार विकेट गिरते रहे और 18वें ओवर में पूरी टीम पवेलियन लौट गई। इस प्रभावशाली जीत के साथ भारत ने न केवल सुपर आठ में जगह पक्की की, बल्कि खिताबी दावेदारी भी मजबूती से पेश कर दी। भारत ने टी20 में पाकिस्तान के खिलाफ रनों के लिहाज से जीत के मामले में 2012 के अपने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। भारत की यह प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाफ रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत है।

### ईशान किशन का कमाल

ईशान किशन ने इस अर्धशतक के साथ ही कुछ बड़े कमाल कर दिखाए। आपको बता दें ईशान किशन पहली बार पाकिस्तान के खिलाफ टी20 मैच खेलने उतरे और उन्होंने पहली पारी में ही पचासा जड़ दिया। ईशान किशन ने पावरप्ले में ही पाकिस्तान के खिलाफ 42 रन जड़ दिए। पहली बार किसी भारतीय बल्लेबाज ने पाकिस्तान के खिलाफ टी20 इंटरनेशनल पावरप्ले में इतने रन बनाए हैं।

### स्थान, प्रारूप या तारीख बदले पर नतीजा एक जैसा रहेगा : अमित शाह

पाकिस्तान के खिलाफ जीत हासिल करने के बाद गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर भारतीय खिलाड़ियों को बधाई दी। अमित शाह ने कहा, टीम इंडिया ने शानदार खेला है। प्रारूप, स्थान और तारीखें भले ही बदल जाएं, लेकिन भारत बनाम पाकिस्तान का नतीजा हमेशा एक जैसा रहेगा। पूरी टीम को बधाई!

# डॉक्टरों का 'अंसार इंटेरिम' गैंग देश में तबाही मचाने वाला था

## सफेदपोश टेरर नेटवर्क की जांच में खुलासा



**नई दिल्ली :** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने हाल ही में 'वाइट कॉलर' टेरर मॉड्यूल का खुलासा किया है। इसमें कई डॉक्टरों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि इन आरोपियों ने 2016 में कट्टरपंथी विचारधारा को अपनाया था। साथ ही केंद्र शासित प्रदेश और उसके बाहर खतरनाक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए 'अंसार इंटेरिम' नाम का एक नया टेरर ग्रुप बनाया था। इस मामले की जांच अब नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी कर रही है। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, इंटर-स्टेट टेरर नेटवर्क का पता सबसे पहले बीते साल 19 अक्टूबर को तब चला जब श्रीनगर के बाहरी इलाके नौगाम के बनपोरा में दीवारों पर जैश ए मोहम्मद के पोस्टर लगे। श्रीनगर पुलिस ने केस दर्ज किया और उउढत फुटेज को एनालाइज किया, जिससे तीन लोकल लोगों- आरिफ निसार डार उर्फ साहिल, यासिर-उल-अशरफ, और मकसूद अहमद डार उर्फ शाहिद को अरेस्ट किया गया। इन सभी पर पहले भी पत्थरबाजी के केस दर्ज थे। उनसे पूछताछ के बाद शोपियां के एक पूर्व पैरामेडिक से इमाम बने मौलवी इरफान अहमद को गिरफ्तार किया गया। आरोप है कि उसी पर पोस्टर सप्लाई किए गए थे और उसने डॉक्टरों को कट्टरपंथी बनाने के लिए अपनी पहुंच का इस्तेमाल किया।

**जांच में चौंकाने वाले खुलासे**

जांच करने वालों को बाद में पता चला कि आरोपी डॉक्टर मुजम्मिल गनी, उमर-उन-नबी और अदील राथर अपने भाई मुजफ्फर राथर (फरार), मौलवी इरफान, कारी आमिर और तुफैल गाजी के साथ अप्रैल 2022 में श्रीनगर के डाउनटाउन में ईदगाह में मिले थे। इस मीटिंग के दौरान, उन्होंने आतंकी संगठन 'अंसार इंटरिम' बनाने का फैसला किया, जिसमें अदील को 'अमीर' (चीफ), मौलवी इरफान को 'डिप्टी अमीर' और गनी को ट्रेजरर बनाया गया।

उन्होंने यह भी बताया कि आतंकवादी समूहों में 'अंसार' को आमतौर पर विश्व स्तर पर प्रतिबंधित आतंकी संगठन अल-कायदा से जोड़ा जाता है। अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार किए गए डॉक्टरों और उपद-'शकों ने पूछताछ करने वालों को बताया कि सक्रिय आतंकवादियों से उनके सभी संपर्क टूट जाने के कारण एक नया समूह बनाने की आवश्यकता उत्पन्न हुई। बैठक के दौरान सदस्यों को भूमिकाएं और 'कोड' सौंपे गए। उमर ने समन्वयक की भूमिका संभाली और गनी के साथ मिलकर वित्त व खरीद का काम संभाला। साल 2023 में समूह ने हरियाणा के सोहना और नूंह क्षेत्रों से उर्वरक खरीदने का निर्णय लिया। उमर के निर्देश पर, फरीदाबाद की रसायन की एक दुकान से एनपीके (जिसे इस संदर्भ में आमतौर पर पोटेशियम नाइट्रेट के नाम से जाना जाता है) भी खरीदा गया।

# कल साल का पहला सूर्य ग्रहण

**नई दिल्ली :** कल साल का पहला सूर्य ग्रहण लगने वाला है। यह खग-ोलीय घटना ज्योतिष और धार्मिक दोनों ही दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण होगी, क्योंकि इसका खास प्रभाव देश-दुनिया के साथ-साथ व्यक्ति के जीवन पर भी देखने को मिलता है। दरअसल, हिंदू धर्म में सूर्य ग्रहण को अशुभ समय माना गया है। मान्यता है कि, ग्रहण काल की अवधि में नकारात्मक शक्तियां सक्रिय होती हैं और इससे शुभ और मांगलिक कार्यों को करने से बचना चाहिए अन्यथा रुकावट आ सकती हैं। यही नहीं ग्रहण में जहां पूजा-पाठ की मनाही होती हैं, वहीं दान का विशेष महत्व माना जाता है। हालांकि, यह सूर्य ग्रहण भारत में नहीं नजर आएगा, इसलिए इसका कोई भी प्रभाव मान्य नहीं होगा। यह सूर्य ग्रहण 17 फरवरी 2026, मंगलवार के दिन लगेगा। ग्रहण भारतीय समय के मुताबिक, शाम 5 बजकर 26 मिनट पर शुरू होगा और इसका समापन शाम 7 बजकर 57 मिनट पर होगा। यह एक वलयाकार सूर्य ग्रहण होगा, जिसे रिंग ऑफ फायर भी कहा जाता है। इस दौरान आसमान में एक आग का छल्ला दिखाई देता है।


# भारत और फ्रांस रक्षा सहयोग को प्रगाढ़ करने के लिए कल करेंगे वार्ता

**नयी दिल्ली :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कल बेंगलुरु में फ्रांस के रक्षा मंत्री कैथरीन वाउटरिन के साथ अहम बातचीत करेंगे। उम्मीद की जा रही है कि इस द्विपक्षीय वार्ता से रक्षा सहयोग को प्रगाढ़ बनाने को लेकर कुछ अहम निर्णय किये जाएंगे। रक्षा मंत्रालय द्वारा रविवार को दी गई जानकारी के मुताबिक छठे फ्रांस-भारत रक्षा संवाद के दौरान रक्षा सहयोग समझौते को अगले 10 वर्षों के लिए नवीनीकृत किए जाने की उम्मीद है। उसके मुताबिक दोनों मंत्रियों की उपस्थिति में बैठक में 'हैमर मिसाइलों के निर्माण' के लिए संयुक्त उद्यम पर एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाने की भी संभावना है। एक बयान में कहा गया, ''दोनों मंत्रियों के कर्नाटक के वेमागल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों द्वारा टाटा एयरबस के एच125 लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर के अंतिम असेंबली के ऑनलाइन उद्घाटन समारोह में भी शामिल होने भी उम्मीद है।'' मंत्रालय ने बताया कि सिंह 17 फरवरी को बेंगलुरु में फ्रांस की सशस्त्र सेना और भूतपूर्व सैनिक मामलों की मंत्री कैथरीन वाउटरिन के साथ छठे भारत-फ्रांस वार्षिक रक्षा संवाद की सह-अध्यक्षता करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि बैठक में द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के सभी पहलुओं की समीक्षा की जाएगी, जिसमें औद्योगिक सहयोग के विस्तार पर विशेष तौर पर गौर किया जाएगा।

### लोकसभा अध्यक्ष बिरला बांग्लादेश में तारिक रहमान के शपथ ग्रहण समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे

**नयी दिल्ली :** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला 17 फरवरी को बांग्लादेश में प्रधानमंत्री पद के लिए तारिक रहमान के शपथ ग्रहण समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। विदेश मंत्रालय ने रविवार को यह घोषणा की। इस मामले से अवगत लोगों ने बताया कि विदेश सचिव विक्रम मिसरी और लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह के भी बिरला के साथ जाने की संभावना है। ऐसी जानकारी है कि बांग्लादेश ने ढाका में आयोजित होने वाले समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आमंत्रित किया था। मोदी हालांकि इसमें शामिल नहीं हो पाएंगे, क्योंकि उन्हें 17 फरवरी को मुंबई में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ वार्ता करनी है।

# मॉस्को में 20 फरवरी को होगा रामलीला का मंचन



**लखनऊ :** राम मंदिर आंदोलन और अयोध्या में भव्य दीपोत्सव की सांस्कृतिक गूंज रूस तक पहुंचने वाली है। आगामी 20 फरवरी को रूस की राजधानी मॉस्को में एक वृहद रामलीला का मंचन किया जाएगा। राज्य सरकार द्वारा जारी एक बयान के अनुसार यह रामलीला रूस में भारतीय दूतावास और जवाहरलाल नेहरू सांस्कृतिक केंद्र (जेएनसीसी) के सहयोग से आयोजित की जा रही है। बयान के मुताबिक, इस रामलीला में रूस के कलाकार रामायण महाकाव्य के प्रमुख किरदारों को निभाएंगे। इनमें रूसी अभिनेता एवगेनी श्री राम की भूमिका निभाएंगे, इसके अलावा डारिया सीता का, मूरत लक्ष्मण का और दिमित्री हनुमान का किरदार अदा करेंगे। डॉक्टर रामेश्वर सिंह की अगुवाई वाली रूसी-भारतीय मैत्री संस्था 'दिशा' इस रामलीला कार्यक्रम की मुख्य आयोजक है। सिंह ने कहा कि रामलीला सच्चाई, गरिमा और आदर्श आचरण का एक सार्वभौमिका संदेश देती है और इसने रूसी दर्शकों के बीच खासी दिलचस्पी पैदा की है। उन्होंने कहा कि मॉस्को में यह रामलीला रूस में भारत के राजदूत विनय कुमार के सहयोग से आयोजित की जा रही है और यह अयोध्या की सांस्कृतिक पहल के बढ़ते वैश्विक प्रभाव को दिखाता है।

# बजट 'अभी नहीं तो कभी नहीं' वाला पल नहीं, बल्कि 'हम तैयार हैं' वाला क्षण : प्रधानमंत्री मोदी



### पीएम मोदी का विशेष साक्षात्कार

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि इस साल का बजट मजबूरी के कारण पैदा हुआ अभी नहीं तो कभी नहीं वाला पल नहीं था, बल्कि तैयारी और प्रेरणा से उपजा हम तैयार हैं वाला क्षण था। उन्होंने कहा कि यह बजट एक विकसित राष्ट्र बनने की भारत की प्रबल इच्छा को रेखांकित करता है। मोदी ने 'पीटीआई-भाषा' के साथ विशेष साक्षात्कार में कहा कि उनकी सरकार का कोई भी बजट सामान्य 'बही खाता' दस्तावेज तैयार करने की मानसिकता से नहीं बनाया गया, क्योंकि यह हमारा दृष्टिकोण नहीं है। प्रधानमंत्री ने कुछ साल पहले लाल किले की प्राचीर से की गई यही समय है, सही समय है घो-षणा को याद करते हुए कहा कि उनकी सरकार में अब समय आ गया है की भावना हमेशा से ही मौजूद रही है। मोदी ने कहा, लेकिन आज यह भावना एक राष्ट्रीय प्रतिबद्धता और समूचे समाज को उद्देश्यों के लिए एकजुट करने का संकल्प बन गई है। हमारे राष्ट्र में एक नया आत्मविश्वास पैदा हुआ है। उन्होंने कहा, विभिन्न प्रकार की चुनौतियों के इस दौर में भी हमारे राष्ट्रीय चरित्र ने अपनी मजबूत पहचान दिखाई है और हम कठिन वैश्विक परिस्थितियों में भी विकास का एक उज्ज्वल उदाहरण हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्होंने तय कर लिया है कि भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य की दिशा में विकास के अगले चरण में प्रवेश करने के लिए तैयार है और क्या यह अभी नहीं तो कभी नहीं वाली स्थिति है, मोदी ने कहा कि महामारी के बाद की विश्व व्यवस्था भारत के लिए नये द्वार खोल रही है, जिसमें देश व्यापार और नवाचार में नयी दिल्ली के साथ साझेदारी करने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा, हमारे पास एक युवा और कुशल आबादी है; और हम कम मुद्रास्फीति और व्यापक आर्थिक स्थिरता के साथ मजबूत विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हमारे युवा अंतरिक्ष, खेल और स्टार्टअप जैसे विविध क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का परिचय दे रहे हैं। हमने राजनीतिक स्थिरता और सुधार-केंद्रित नीतियां सुनिश्चित की हैं।

### मैं कभी पूरी तरह संतुष्ट नहीं होता; सार्वजनिक जीवन में कुछ रचनात्मक करने की बेचैनी जरूरी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि स्वभाव से ''वह कभी संतुष्ट नहीं होते'' हैं क्योंकि उनका मानना है कि सार्वजनिक जीवन में कुछ रचनात्मक करने के लिए बेचैनी, ज्यादा करने की लगातार इच्छा, तेजी से सुधार करने और बेहतर सेवा करने की जरूरत होती है। मोदी ने हालांकि इस बात पर भी जोर दिया कि 'सुधार एक्सप्रेस' की यात्रा में हासिल की गई प्रगति के स्तर को स्वीकार करना भी महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री मोदी ने 'पीटीआई-भाषा' के साथ एक विशेष साक्षात्कार में कहा कि लोगों के लिए अधिक हासिल करने और देश को आगे बढ़ाने की हमेशा एक मजबूत इच्छा रहती है। यह पूछे जाने पर कि क्या वे भारत की 'सुधार एक्सप्रेस' द्वारा कई क्षेत्रों में गति पकड़ने से हुई प्रगति से संतुष्ट हैं, मोदी ने कहा, आपने पूछा है कि क्या मैं सुधार एक्सप्रेस में हुई प्रगति से संतुष्ट हूं। मैं कहना चाहूंगा कि स्वभाव से मैं कभी पूरी तरह संतुष्ट नहीं होता। मेरा मानना है कि सार्वजनिक जीवन में कुछ रचनात्मक करने के लिए बेचैनी, ज्यादा करने की लगातार इच्छा, तेजी से सुधार करने और बेहतर सेवा करने की जरूरत होती है।'' प्रधानमंत्री मोदी ने एक लिखित साक्षात्कार में कहा, ''जी हां, हमारी जनता के लिए और अधिक हासिल करने और अपने देश को आगे ले जाने की प्रबल इच्छा हमेशा बनी रहती है। साथ ही, सुधार एक्सप्रेस के सफर के दौरान हासिल की गई प्रगति को भी स्वीकार करना महत्वपूर्ण है।''

### रक्षा सुधारों के एक दशक का लाभ 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान देखने को मिला

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि रक्षा सुधारों के एक दशक के लाभ 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान स्पष्ट रूप से दिखाई दिए। उन्होंने साथ ही इस बात पर जोर दिया कि भारत को सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए हर समय तैयार रहना होगा। मोदी ने 'पीटीआई-भाषा' के साथ एक विशेष साक्षात्कार में कहा कि विश्व में तेजी से महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे देश के रूप में, भारत का यह कर्तव्य है कि वह वर्तमान वास्तविकताओं के अनुरूप अपने रक्षा क्षेत्र का आधुनिकीकरण करे। प्रधानमंत्री ने केंद्रीय बजट 2026-27 में रक्षा क्षेत्र के लिए आवंटित 7.85 लाख करोड़ रुपये का हवाला देते हुए कहा कि यह आवंटन पिछले बजट से 15 प्रतिशत अधिक है और किसी भी मंत्रालय या विभाग को दिया गया अब तक का सबसे बड़ा आवंटन है। उन्होंने कहा कि पहले दिन से ही सरकार का रुख स्पष्ट रहा है कि वह देश के रक्षा बलों का समर्थन करने और उन्हें मजबूत बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। मोदी ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों को भारतीय नवाचार और उद्योग के सर्वश्रेष्ठ उपकरणों से लैस होना चाहिए, क्योंकि प्रौद्योगिकी दुनिया को नया आकार दे रही है और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पिछले 11 वर्षों से इस क्षेत्र में आधुनिकीकरण और आत्मनिर्भरता पर काम कर रही है। 'ऑपरेशन सिंदूर' पर प्रधानमंत्री ने कहा कि सशस्त्र बलों द्वारा दिखाए गए साहस पर पूरा देश गर्व महसूस करता है।

### विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होगी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होगी और सरकार द्वारा उठाए गए कदम उन्हें सशक्त बनायेंगे। प्रधानमंत्री ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए एक विशेष साक्षात्कार में कहा कि पिछले कुछ वर्षों में यह गर्व का विषय रहा है कि भारतीय महिलाएं विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व कर रही हैं। उन्होंने कहा, ''चाहे अंतरिक्ष हो या स्टार्ट-अप, वे बड़ा प्रभाव डाल रही हैं।'' मोदी ने कहा कि महिलाओं का कल्याण उनकी सरकार के हर फैसले का मार्गदर्शन करता है और प्रत्येक जिले में बालिकाओं के लिए 'स्टेम' (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) छात्रावास स्थापित करने की नयी पहल से महिलाओं में शिक्षा और नवाचार में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष 1.5 लाख देखभालकर्ताओं को प्रशिक्षित करने और सहायक स्वास्थ्य पेशेवरों के लिए संस्थानों का विस्तार करने का निर्णय स्वास्थ्य देखभाल कार्य को औपचारिक रूप देगा, जो काफी हद तक अनौपचारिक क्षेत्र तक ही सीमित रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देखभालकर्ताओं को प्रशिक्षित करने से महिलाओं के लिए सम्मानजनक, प्रमाणित रोजगार के अवसर बनेंगे और साथ ही भारत की स्वास्थ्य क्षमता भी मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि इस वर्ष के बजट में अर्थव्यवस्था के नए युग के क्षेत्रों को भी शामिल किया गया है और 15,000 विद्यालयों तथा 500 महाविद्यालयों में 'एवीजीसी (एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट, गेमिंग और कॉमिक्स) कंटेंट क्रिएटर लैब्स' तथा औपचारिक रचनात्मक ढांचे की स्थापना के जरिए सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि एनीमेशन, वीएफएक्स, गेमिंग और डिजिटल कंटेंट जैसे क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी रिकॉर्ड स्तर तक पहुंचे।

### संप्रग सरकार के कुप्रबंधन के कारण व्यापार वार्ताएं कभी निष्कर्ष तक नहीं पहुंच सकीं

प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार पर निशाना साधते हुए रविवार को कहा कि संप्रग सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन के कारण भारत व्यापार वार्ताओं में मजबूती से अपना पक्ष नहीं रख सका और एक भी बातचीत निष्कर्ष तक नहीं पहुंच सकी। 'पीटीआई-भाषा' के साथ विशेष साक्षात्कार में मोदी ने कहा कि भारत ने ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, ब्रिटेन, यूरोपीय संघ (ईयू) और अमेरिका के साथ जो व्यापार समझौते किए हैं, उनसे सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए, खास तौर पर श्रम-प्रधान क्षेत्रों में, इन देशों में लगभग शून्य शुल्क या अन्य देशों की तुलना में काफी कम शुल्क पर वस्तुओं के निर्यात के रास्ते खुल गए हैं। प्रधानमंत्री कहा, इन व्यापार समझौतों पर भले ही हाल ही में मुहर लगी हो, लेकिन ये अधिक प्रतिस्पर्धी घरेलू उद्योग, आत्मविश्वास से भरपूर दृष्टिकोण और खुले विचारों का नतीजा हैं। ये आज की दुनिया में पाए जाने वाले दुर्लभ गुण हैं। हाल के वर्षों में भारत की ओर से किए गए व्यापार समझौतों की बात करने से पहले यह याद करना अहम है कि हम एक दशक पहले कहां खड़े थे। उन्होंने कहा कि संप्रग सरकार ने अपने शासनकाल में कछ व्यापार समझौते करने की कोशिश की, लेकिन यह यात्रा अनिश्चितता और अस्थिरता से भरी रही।



## देशव्यापी साजिशों का हो पर्दाफाश

पिछले दिनों दिल्ली में अप्रत्याशित रूप से लोगों की गुमशुदगी की घटनाओं ने नीति-नियंताओं व अदालतों समेत पूरे देश का ध्यान खींचा। इस मामले में संज्ञान लेते हुए देश की शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार को इस बात की जांच करने के निर्देश दिए कि देश के विभिन्न इलाकों में बच्चों की लगातार लापता होने की घटनाओं में कहीं किसी देशव्यापी गिरोहों का हाथ तो नहीं है? संकट कितना बड़ा है यह इस बात से पता चलता है कि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के अनुसार साल 2023 में सारे देश से करीब आठ लाख लोग लापता हुए हैं, जिनमें अधिकांशत: बच्चे, महिलाएं और लड़कियां शामिल रही हैं। जाहिर तौर पर लापता लोगों का बढ़ता आंकड़ा कहीं न कहीं तंत्र की लापरवाही को ही उजागर करता है, जिसके चलते अपराधी-तत्व अपनी साजिशों को अंजाम देने में कामयाब हो जाते हैं। इसी साल जनवरी के पहले पखवाड़े में सिर्फ दिल्ली से आठ सौ लोगों के लापता होने की खबरों ने देशवासियों की चिंताओं को बढ़ाया है। देशवासियों में इस बात को लेकर भी चिंता और नाराजगी है कि इस गंभीर आपराधिक संकट के समाधान के लिए राष्ट्रीय स्तर पर केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के समन्वय से कोई व्यापक अभियान क्यों नहीं चलाया जाता। विडंबना यह है कि राष्ट्रीय स्तर पर ऐसा कोई प्रामाणिक आंकड़ा उपलब्ध नहीं है, जिससे यह पता चल सके कि राज्यवार कितने लोग वापस लौटे हैं और कितने लोग अभी भी गायब हैं। निश्चित रूप से इस संकट से निपटने के लिए एकीकृत राज्यवार ब्योरा उपलब्ध कराने की जरूरत है। बताया जाता है कि केंद्र सरकार के प्रतिनिधि ने सुप्रीम कोर्ट में इस बात को स्वीकार किया है कि राज्यों से लापता बच्चों और उनसे जुड़े अभियोजन के अंतिम आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं। दरअसल, यह पहली बार नहीं है कि शीर्ष अदालत ने लापता बच्चों के आंकड़े जुटाने को कहा हो। कोर्ट ने बीते साल दिसंबर में भी केंद्र सरकार से लापता बच्चों से जुड़े पिछले छह साल के देशव्यापी आंकड़े उपलब्ध कराने को कहा था।

दरअसल, कोर्ट ने इस बाबत राज्य के साथ बेहतर तालमेल स्थापित करके प्रामाणिक जानकारी जुटाने को कहा था। इतना ही नहीं, गुमशुदा बच्चों की तलाश के मामले में नोडल अधिकारियों की नियुक्ति के भी निर्देश दिए गए थे। इस दिशा में अपेक्षित प्रगति का न होना हमारे तंत्र की व्यवस्थागत कमियों को ही उजागर करता है। निर्विवाद रूप से सारे देश से यदि लाखों लोगों के लापता होने के आंकड़े सामने आ रहे हैं, तो बहुत संभव है कि इसके पीछे कोई संगठित गिरोह काम कर रहा होगा। साथ ही यह भी पता लगाने की जरूरत है कि लापता लोगों के मामले में अपराधियों की कारगुजारियों में कहीं एकरूपता तो नहीं है। विगत में मानव तस्करी के मामले गाहे-बगाहे उजागर होते रहे हैं, जिसमें लड़कियों को देह व्यापार के धंधे में धकेलने के भी आरोप लगते रहे हैं। लेकिन इस संकट का समाधान तभी संभव होगा जब देश के सभी राज्यों से प्रामाणिक आंकड़े जुटाए जाएंगे। उनके व्यापक अध्ययन से अपराध करने की वास्तविक तस्वीर सामने आ सकेगी। इसके साथ ही जरूरी है कि राज्य सरकारें भी अपने दायित्व को गंभीरता से निभाएं। इस मामले में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त न की जाए। इसके अलावा निगरानी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही भी सुनिश्चित की जानी चाहिए। देश की कानून-व्यवस्था में भरोसा कायम करने के लिए इन घटनाओं को शासन-प्रशासन के स्तर पर गंभीरता से लिया जाना भी जरूरी है। यहां इस बात की भी पड़ताल होनी चाहिए कि केंद्रीय महिला व बाल विकास मंत्रालय की तरफ से राज्यों में बच्चों की गुमशुदगी के आंकड़े दर्ज करने के लिए जो पोर्टल बनाया गया है, उसमें नियमित रूप से आंकड़े क्यों नहीं दर्ज किए जाते हैं। यह विडंबना है कि सरकारों को जिस दायित्व को अपने स्तर पर ईमानदारी से निभाने की जरूरत होती है, उसके लिये देश की शीर्ष अदालत को बार-बार याद दिलाना पड़ता है। नागरिकों को जागरूक करने के लिए भी सुरक्षा गाइड लाइन्स जारी करने की जरूरत है, जिससे लोग बच्चों की सुरक्षा के लिए सजग व सतर्क रह सकें।

# SHe-Box पोर्टल: कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा का डिजिटल कवच



सावित्री ठाकुर

भारत जब 2047 में अपनी स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष की ओर अग्रसर है, तब प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने महिला-नेतृत्वित विकास को राष्ट्रीय प्रगति का केंद्र बिंदु बनाया है। महिलाओं की समावेशी आर्थिक वृद्धि में निर्णायक भूमिका को स्वीकार करते हुए सरकार ने ऐसा सुरक्षित, सम्मानजनक और संवेदनशील कार्य वातावरण तैयार करने पर विशेष ध्यान दिया है, जिससे महिलाएं आत्मविश्वास के साथ कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ सकें। इसी दिशा में कार्यस्थल पर महिलाओं का उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 एक महत्वपूर्ण आधार स्तंभ के रूप में कार्य करता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने बीते एक दशक में महिला सशक्तिकरण को केवल एक नारा नहीं, बल्कि नीति, संरचना और प्रभावी क्रियान्वयन का विषय बनाया है। नारी शक्ति को राष्ट्र की उन्नति का आधार मानते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका और सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में व्यापक संस्थागत सुधार किए गए हैं। इसी दूरदर्शी दृष्टिकोण का एक महत्वपूर्ण और व्यावहारिक उदाहरण है महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा वर्ष 2017 में प्रारंभ किया गया SHe-Box पोर्टल, जो कार्यस्थल पर महिलाओं की गरिमा, सुरक्षा और न्याय तक सहज पहुंच सुनिश्चित करने के लिए एक सशक्त डिजिटल मंच के रूप में उभरा है।

आज भारत में महिलाओं की कार्यबल में भागीदारी लगातार बढ़ रही है। महिला श्रम बल भागीदारी दर 2017-18 में 23.3% से बढ़कर 2023-24 में 41.7% हो गई। सरकारी और निजी क्षेत्रों के साथ-साथ स्टार्टअप्स, सेवा क्षेत्र, शिक्षा, स्वास्थ्य और असंगठित क्षेत्रों में भी महिलाएँ बड़ी संख्या में कार्यरत हैं। ऐसे में यह अनिवार्य हो जाता है कि कार्यस्थल सुरक्षित, सम्मानजनक और भय-मुक्त हों। कार्यस्थल पर महिलाओं का उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 इसी उद्देश्य से बनाया गया था। मोदी सरकार ने कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए डिजिटल गवर्नेंस के तहत डक्श-डे पोर्टल को 29 अगस्त 2024 को तकनीकी सुधारों के साथ पुनः लॉन्च किया, जिससे यह अधिक उपयोगकर्ता-अनुकूल और पारदर्शी बन सके।

यह पोर्टल देशभर में गठित आंतरिक समितियों और स्थानीय समितियों से संबंधित सूचनाओं का एक केंद्रीकृत भंडार प्रदान करता है।

SHe-Box पोर्टल का उन्नत संस्करण महिलाओं को सीधे संबंधित खउ या डउ के पास शिकायत दर्ज करने की सुविधा देता है। इससे शिकायत प्रक्रिया में होने वाली देरी और अनावश्यक मानवीय हस्तक्षेप में कमी आती है। शिकायतकर्ता अपनी शिकायत की स्थिति को ऑनलाइन ट्रैक भी कर सकती हैं। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह मंच सरकारी या निजी, संगठित या असंगठित – हर क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं के लिए समान रूप से सुलभ है। इससे यह स्पष्ट होता है कि मोदी सरकार की महिला सुरक्षा की नीति किसी एक वर्ग तक सीमित नहीं, बल्कि समावेशी है।

प्रधानमंत्री मोदी के डिजिटल इंडिया विज़न के अनुरूप, SHe-Box महिलाओं को सुरक्षित, सरल और गोपनीय तरीके से शिकायत दर्ज करने और उसकी प्रगति ट्रैक करने की सुविधा देता है। पोर्टल पर दर्ज की गई शिकायत सीधे संबंधित कार्यस्थल की आंतरिक समिति या जिले की स्थानीय समिति तक पहुँचती है। गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए यह व्यवस्था की गई है कि आंतरिक समिति की अध्यक्ष के अलावा कोई अन्य व्यक्ति शिकायत का विवरण नहीं देख सकता, जिससे पीड़िता की पहचान सुरक्षित रहती है।

POSH Act के तहत सरकार का दायित्व है कि वह शिकायतों से संबंधित आंकड़ों का संधारण और निगरानी करे। इस अधिनियम के अंतर्गत किसी भी शिकायत की जाँच के लिए 90 दिनों की समय-सीमा निर्धारित की गई है, जिसका पालन सुनिश्चित करने में SHe-Box पोर्टल महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। समयबद्ध निपटारे को सुनिश्चित करने के लिए मंत्रालय द्वारा डैशबोर्ड अलर्ट, ईमेल और मेसेज के माध्यम से नियमित रिमाइंडर भेजे जा रहे हैं। यह सक्रिय प्रणाली मोदी सरकार की उत्तरदायित्व और परिणाम आधारित शासन की सोच को दर्शाती है।

SHe-Box की प्रभावशीलता में नोडल अधिकारियों की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रत्येक कार्यस्थल पर नियुक्त नोडल अधिकारी, नियोक्ता, आंतरिक/ स्थानीय समिति और शिकायतकर्ता के बीच समन्वय स्थापित करते हैं। यह व्यवस्था यह सुनिश्चित करती है कि शिकायतें केवल दर्ज न हों, बल्कि उन पर समय पर और नियमानुसार कार्रवाई भी हो।

महिला-केंद्रित नीतियों के व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखें तो आज देश में 10 करोड़ से अधिक महिलाएँ स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं, और लखपति दीदी जैसी पहल के माध्यम से लाखों महिलाएँ आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं। वहीं नमो ड्रोन दीदी जैसी अभिनव योजनाएँ महिलाओं को आधुनिक तकनीक, कृषि सेवाओं और उद्यमिता से जोड़ते हुए उन्हें नए और औपचारिक कार्यक्षेत्रों में प्रवेश का अवसर दे रही हैं। ऐसे में जब बड़ी संख्या में महिलाएँ पहली बार संगठित और औपचारिक कार्यस्थलों का हिस्सा बन रही हैं, SHe-Box जैसे प्लेटफॉर्म उन्हें यह भरोसा देते हैं कि सरकार उनके साथ खड़ी है – न केवल कानून बनाकर, बल्कि उसे ज़मीन पर प्रभावी और जवाबदेह ढंग से लागू करके।

बहुभाषी समर्थन, रीयल-टाइम ट्रैकिंग और पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से SHe-Box पोर्टल कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा को केवल एक कानूनी प्रावधान तक सीमित नहीं रखता, बल्कि उसे एक व्यवस्थित, भरोसेमंद और जवाबदेह संस्थागत ढांचे में परिवर्तित करता है।

SHe-Box वास्तव में एक दूरदर्शी विज़न का सशक्त प्रतिबिंब है, जहाँ नारी शक्ति को भय से मुक्त कर, सम्मान और आत्मविश्वास के साथ कार्यस्थलों में आगे बढ़ने का अवसर दिया जा रहा है, ताकि महिलाएँ अपनी पूरी क्षमता के साथ विकसित भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभा सकें। (लेखक महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री, भारत सरकार, हैं)

# सोलर पैनल वेस्ट: भविष्य की सबसे बड़ी पर्यावरणीय चुनौती



प्रो. आरके जैन

- ऊर्जा की जीत, पर्यावरण की हार: किसकी जिम्मेदारी?
- वेस्ट टू वेल्थ या वेस्ट टू विनाश: भारत के सामने विकल्प

भारत की सौर ऊर्जा क्रांति आज दुनिया के लिए एक प्रेरक उदाहरण बन चुकी है। स्वच्छ, सस्ती और टिकाऊ ऊर्जा की ओर बढ़ता भारत जलवायु परिवर्तन के खिलाफ संघर्ष में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। विशाल सोलर पार्क, छतों पर लगे पैनल और सरकारी योजनाएं इस परिवर्तन की पहचान बन गई हैं। लेकिन इस चमकते भविष्य के पीछे एक गंभीर और अनदेखा संकट धीरे-धीरे आकार ले रहा है। यह संकट है सोलर पैनल वेस्ट की सुनामी, जो आने वाले वर्षों में पर्यावरण, स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था के लिए भारी चुनौती बन सकती है। काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वॉटर (सीईईडब्ल्यू) की 2025 रिपोर्टों के अनुसार यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए, तो हरा विकास काले कचरे में बदल सकता है।

पिछले एक दशक में भारत ने सौर ऊर्जा के क्षेत्र में असाधारण प्रगति की है। सौ गीगावाट से अधिक क्षमता हासिल करना और 2030 तक सैकड़ों गीगावाट का लक्ष्य तय करना राष्ट्रीय आत्मविश्वास को दर्शाता है। सरकारी प्रोत्साहन योजनाओं, निजी निवेश और अंतरराष्ट्रीय सहयोग ने इस क्षेत्र को नई गति दी है। पीएम सूर्य घर योजना और उत्पादन आधारित प्रोत्साहन जैसी पहलों ने लाखों लोगों को सौर ऊर्जा से जोड़ा है। परंतु इस तेज विस्तार के साथ यह भी सच है कि पैनलों की औसत आयु केवल पच्चीस से तीस वर्ष होती है। बीते वर्षों में लगाए गए पैनल अब धीरे-धीरे अनुपयोगी हो रहे हैं। इंटरनेशनल रिन्यूएबल एनर्जी एजेंसी के अध्ययन बताते हैं कि आने वाले दशकों में यह संख्या तेजी से बढ़ेगी और कचरे का रूप ले लेगी।

सोलर पैनल केवल साधारण शीशा या धातु नहीं होते। इनके भीतर सिलिकॉन, एल्यूमीनियम, कॉपर और प्लास्टिक के साथ-साथ लेड, कैडमियम और क्रोमियम जैसे जहरीले तत्व भी मौजूद होते हैं। जब ये पैनल बिना वैज्ञानिक प्रक्रिया के खुले मैदानों या लैंडफिल में फेंक दिए जाते हैं, तो वर्षा जल के साथ इनमें मौजूद रसायन मिट्टी और भूजल में घुल जाते हैं। इससे खेतों की उर्वरता कम होती है और पीने का पानी दूषित होता है। कृषि-प्रधान देश भारत में इसका प्रभाव अत्यंत गंभीर हो सकता है। अनियंत्रित निपटान से माइक्रोप्लास्टिक और विषैली गैसें भी वातावरण में फैलती हैं, जो मानव स्वास्थ्य पर लंबे समय तक असर डालती हैं।

भविष्य का परिदृश्य और भी चिंताजनक दिखाई देता है। विशेषज्ञों के अनुसार, 2030 तक भारत में संचयी सोलर पैनल वेस्ट लगभग 6 लाख टन तक पहुंच सकता है और 2047 तक यह लगभग 1.12 करोड़ टन (11 मिलियन टन) तक पहुंच सकता है। बीबीसी और अन्य अंतरराष्ट्रीय मीडिया संस्थानों ने भी इस खतरे को गंभीरता से रेखांकित किया है। यदि समय रहते रिसाइक्लिंग और पुनः उपयोग की व्यवस्था नहीं बनाई गई, तो यह संकट पर्यावरणीय आपदा के साथ-साथ आर्थिक नुकसान का कारण भी बनेगा। अरबों रुपये मूल्य की धातुएं और संसाधन कचरे में बदल जाएंगे, जिन्हें फिर कभी वापस नहीं पाया जा सकेगा।

पर्यावरणीय प्रभाव केवल मिट्टी और पानी तक सीमित नहीं हैं। भारी धातुएं धीरे-धीरे खाद्य श्रृंखला में प्रवेश कर जाती हैं और मनुष्यों तथा पशुओं के शरीर में जमा होने लगती हैं। इससे कैंसर, श्वसन रोग और तंत्रिका तंत्र से जुड़ी बीमारियों का खतरा बढ़ता है। राजस्थान, गुजरात, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश जैसे बड़े सोलर हब विशेष रूप से जोखिम में हैं। बिना प्रोसेसिंग के पड़े पैनल धीरे-धीरे कार्बन उत्सर्जन और प्रदूषण को बढ़ाते हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि यदि पर्याप्त रिसाइक्लिंग संयंत्र नहीं बने, तो आने वाले दशकों में यह समस्या असहनीय स्तर पर पहुंच सकती है।


वर्तमान स्थिति इस चुनौती के अनुरूप मजबूत नहीं कही जा सकती। ई-वेस्ट नियमों में सोलर पैनलों को शामिल तो किया गया है, लेकिन उनका प्रभावी क्रियान्वयन अभी कमजोर है। विस्तारित उत्पादक जिम्मेदारी जैसे प्रावधान कागजों तक सीमित दिखाई देते हैं। देश में सीमित संख्या में ही आधुनिक रिसाइक्लिंग प्लांट मौजूद हैं, जबकि भविष्य के लिए सैकड़ों की आवश्यकता होगी। द एनर्जी एंड रिसोर्सेज़ इंस्टीट्यूट की रिपोर्टों के अनुसार, तकनीकी कमी, निवेश अभाव और जागरूकता की कमी इस क्षेत्र की सबसे बड़ी बाधाएं हैं। अधिकांश वेस्ट आज भी अनौपचारिक डंपिंग स्थलों में चला जाता है, जहां से प्रदूषण फैलता रहता है।

इसके विपरीत, यदि सर्कुलर इकोनॉमी को गंभीरता से अपनाया जाए, तो यही संकट एक बड़े अवसर में बदल सकता है। वैज्ञानिक रिसाइक्लिंग से सिलिकॉन, सिल्वर और कॉपर जैसे मूल्यवान तत्व दोबारा उपयोग में लाए जा सकते हैं। इससे आयात पर निर्भरता घटेगी और घरेलू उद्योग को मजबूती मिलेगी। यह क्षेत्र आने वाले वर्षों में हजारों करोड़ रुपये का बाजार बन सकता है और लाखों युवाओं को रोजगार दे सकता है। सर्कुलर मॉडल न केवल पर्यावरण की रक्षा करता है, बल्कि आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को भी साकार करता है। दुर्भाग्यवश, पर्याप्त तैयारी न होने के कारण भारत अभी इस संभावना का पूरा लाभ नहीं उठा पा रहा है।

अब नीतिगत स्तर पर त्वरित और ठोस कदम उठाना अनिवार्य हो गया है। विस्तारित उत्पादक जिम्मेदारी को सख्ती से लागू करना होगा, ताकि कंपनियां अपने उत्पादों के जीवनचक्र की जिम्मेदारी लें। अनुसंधान और नवाचार में निवेश बढ़ाकर स्वदेशी तकनीक विकसित करनी होगी। स्थानीय निकायों और पंचायतों को प्रशिक्षण देकर उन्हें वेस्ट प्रबंधन की प्रक्रिया से जोड़ा जाना चाहिए। मिनिस्ट्री ऑफ एनवायरनमेंट, फॉरेस्ट एंड क्लाइमेट चेंज के नेतृत्व में एक राष्ट्रीय सर्कुलर टास्कफोर्स का गठन इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम हो सकता है। अंतरराष्ट्रीय सहयोग से उन्नत तकनीक और अनुभव प्राप्त किए जा सकते हैं।

सोलर पैनल वेस्ट की यह सुनामी कोई अपरिहार्य नियति नहीं है। सही नीति, मजबूत इच्छाशक्ति और सामूहिक प्रयास से इसे रोका जा सकता है। 2030 तक उत्पन्न होने वाला कचरा यदि वैज्ञानिक ढंग से प्रबंधित किया गया, तो वह संकट नहीं, बल्कि संसाधन बन सकता है। सरकार, उद्योग, वैज्ञानिक समुदाय और आम नागरिकों को मिलकर वेस्ट टू वेल्थ की सोच अपनानी होगी। सौर ऊर्जा का भविष्य तभी उज्ज्वल और टिकाऊ होगा, जब वह पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार होगा। अन्यथा, सूर्य की रोशनी एक दिन अंधेरे की कहानी में बदल सकती है। आज लिया गया निर्णय ही आने वाली पीढ़ियों की दिशा तय करेगा।

## भारत सद्भावना और सामाजिक सामंजस्य का वैश्विक केंद्र है : आरएसएस प्रमुख मोहन भगवत



**गोरखपुर (उप्र) :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भगवत ने भारत को सद्भावना और सामाजिक सामंजस्य का वैश्विक केंद्र बताते हुए रविवार को जोर देकर कहा कि देश की सभ्यतागत विचारधारा लेन-देन वाले संबंधों के बजाय एकता और आपसी जुड़ाव की भावना पर आधारित है। आरएसएस के मीडिया प्रकोष्ठ ने यह जानकारी दी। आरएसएस के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में तारामंडल स्थित बाबा गंभीरनाथ सभागार में आयोजित 'सामाजिक सद्भाव' सम्मेलन को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि समाज की पहचान परस्पर जुड़ाव से होती है, न कि स्वार्थ से। उन्होंने कहा, कई देशों में रिश्तों को लेन-देन के रूप में देखा जाता है। हमारे देश में मानवीय रिश्ते अपनेपन की भावना पर आधारित हैं। भारत की विविधता पर प्रकाश डालते हुए आरएसएस प्रमुख ने कहा, हम भारत को अपनी माता मानते हैं। वही दिव्य चेतना हम सब में निवास करती है। यही बंधन हमें हमारी भिन्न-भिन्न पहचानों के बावजूद एकजुट रखता है। उन्होंने कहा कि समाज को कायम रखने के लिए केवल कानून लागू करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि सामाजिक सद्भाव भी आवश्यक है। आरएसएस के 100 वर्ष पूरे होने का जिक्र करते हुए भागवत ने कहा कि यह उपलब्धि जश्न मनाने का नहीं, बल्कि आत्मनिरीक्षण का विषय है। उन्होंने सामाजिक एकता को मजबूत करने के लिए साल में दो से तीन बार खंड विकास स्तर की बैठकें आयोजित करने का आह्वान किया और समुदायों से जातिगत सरोकारों से परे व्यापक हिंदू समाज के लिए काम करने का आग्रह किया।

## झारखंड के पूर्व मंत्री दुलाल भुइयां भाजपा में शामिल

**रांची :** झारखंड के पूर्व मंत्री दुलाल भुइयां रविवार को अपने समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। पार्टी के एक पदाधिकारी ने यह जानकारी दी। झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदित्य साहू और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने रांची में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान भुइयां का पार्टी में स्वागत किया। भुइयां ने कहा कि उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) छोड़ दी क्योंकि यह पार्टी अब वैसी नहीं रही जैसी दो दशक पहले पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के समय हुआ करती थी। उन्होंने कहा, हम दिवंगत शिबू सोरेन के सिपाही थे और झारखंड आंदोलनों में भाग लिया था।

## कमजोरी महसूस होने के बाद अस्पताल ले जाए गए पंजाब के मुख्यमंत्री, हालत स्थिर

**चंडीगढ़ :** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को रविवार को कमजोरी महसूस होने के बाद जांच के लिए मोहाली के फोर्टिस अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि मान की हालत स्थिर बनी हुई है और उन्हें निगरानी के लिए भर्ती कराया गया है। इससे पहले, मान को संगरूर से मोहाली लाया गया था। वह महाशिवरात्रि के अवसर पर आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के साथ मत्था टेकने संगरूर जिले के धूरी में स्थित श्री रणकेश्वर महादेव शिव मंदिर पहुंचे थे। फोर्टिस अस्पताल की ओर से एक बयान में कहा गया है कि मुख्यमंत्री नियमित चिकित्सा जांच के लिए अस्पताल गए थे। फोर्टिस अस्पताल ने बयान में कहा, '' उनका व्यापक नैदानिक मूल्यांकन और मानक निदान संबंधी जांच की गई। स्वास्थ्य संबंधी उनके सभी महत्वपूर्ण मानक स्थिर हैं और सामान्य सीमा के भीतर हैं। उन्हें फिलहाल थकावट महसूस हो रही है तथा उन्हें निगरानी और सहायक देखभाल के लिए भर्ती कराया गया है। उनकी हालत स्थिर है और वे विशेषज्ञ चिकित्सकों के एक दल की देखरेख में हैं।''

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 16 फरवरी, सोमवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2082, फाल्गुन कृष्णपक्ष चतुर्दशी, 17:30 तक, नक्षत्र : श्रावण, 20:36 तक, योग : वरीघा, 25:42 तक, सूर्योदय: 06:33, सूर्यास्त: 17:00, चन्द्रोदय : 05:18, चन्द्रास्त: 16:09, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : कुम्भ, चन्द्र राशि : मकर, राहू काल : 07:36 से 09:01

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि वाले जातकों के लिए यह सप्ताह जरा संभलकर चलने का संकेत कर रहा है। इस सप्ताह मेष राशि वालों को अपनी वाणी और पर संयम रखना होगा।

**वृष :** वृषभ राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह काफी उतार-चढ़ाव लिए रह सकता है। इस सप्ताह आकस्मिक समस्याओं के चलते मूल कार्य एवं लक्ष्य प्रभावित हो सकते हैं।

**मिथुन :** मिथुन राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह मिश्रित फलदायी कहा जाएगा, हालांकि सप्ताह की शुरुआत आपके लिए अनुकूल कही जाएगा। इस दौरान लंबी अथवा छोटी दूरी की यात्रा संभव है।

**कर्क :** कर्क राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह अत्यंत ही शुभ रहने वाला है। सप्ताह की शुरुआत किसी बहुप्रतीक्षित शुभ समाचार से होगी। उच्च शिक्षा की राह में आ रही बाधाएं दूर होंगी।

**सिंह :** सिंह राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह अल्प लाभकारी कहा जाएगा। इस सप्ताह आपको जोश की बजाय होश से काम करने की आवश्यकता रहेगी।

**कन्या :** कन्या राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह मिश्रित फलदायी कहा जाएगा। इस सप्ताह आपको अपने गुप्त शत्रुओं से सावधान रहने की आवश्यकता रहेगी।

**तुला :** तुला राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह बेहद शुभ रहने वाला है। सप्ताह की शुरुआत में बहुप्रतीक्षित मनोकामना के पूरा होने से मन हर्षित रहेगा।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह यह सप्ताह अत्यंत ही शुभ रहने वाला है। आपको सप्ताह की शुरुआत से सुख-सौभाग्य की प्राप्ति होगी।

**धनु :** धनु राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह अत्यंत ही शुभ कहा जाएगा। इस सप्ताह लंबे समय से अटके हुए कार्यों में गति आएगी। इस सप्ताह आपका उत्साह एवं पराक्रम बढ़ा-चढ़ा रहेगा।

**मकर :** मकर राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह थोड़ा ज्यादा ही भागदौड़ भरा रहने वाला है। हालांकि किसी भी कार्य के लिए आपके द्वारा किया गया कठिन परिश्रम और प्रयास सफल होगा।

**कुम्भ :** कुंभ राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह करियर कारोबार से लेकर घर-परिवार के लिए अनुकूल कहा जाएगा। इस दौरान नौकरीपेशा लोगों के अतिरिक्त आय के स्रोत बनेंगे।

**मीन :** मीन राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह थोड़ा उठापटक वाला रह सकता है। इस सप्ताह मीन राशि के लोगों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए अधिक परिश्रम और भागदौड़ करनी पड़ सकती है।

## वर्ग पहेली नं. 3353



*ऊपर से नीचे :-* 1) बहस, 2) एक हिंस्र पशु, 3) भ्रम, 4) पधारना, 5) बिलकुल, 6) सुस्ती, 10) केश-गुच्छ, 12) राज़ी करना, 14) गुज़ारा, 17) ज़नानख़ाना, 20) महकना, 22) कैफ़, 23) अतिथि, 25) एक हिंस्र पशु, 27) असहनीय, 28) शिशु, 29) मल्लिका, 30) यानछत.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*बायें से दायें :-* 1) लिए, 4) फ़िदा, 6) एक छोटा गोल कंद, 7) माँग के लिए सामूहिक गर्जना, 8) विस्तीर्ण, 9) एक धातु, 11) दो से विभाज्य, 13) सौ में सौ, 15) डाँटना, 16) अनुपात; मूल्य, 18) सुझाव, 19) शहर, 21) हीन आपत्ति, 24) बायाँ, 26) श्रेष्ठ; राजा, 28) मुस्कान, 31) दियासलाई, 32) मातामही, 33) ढलान, अवनति.

*पिछली पहेली का उत्तर*



## सुडोकू-पहेली-3311

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | 4 | |
| | | | | | | 6 | | |
| | 9 | 4 | 3 | | | | 7 | |
| 6 | 2 | | | 5 | 7 | | | |
| | 3 | | | | 1 | | | |
| 8 | 1 | | | | 4 | | | 6 |
| | | | 4 | | | 8 | 3 | 7 |
| | | | 9 | | | | | 5 |
| | | | | 6 | 5 | | | 9 |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3310 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 2 | 3 |
| 4 | 2 | 8 | 3 | 9 | 5 | 7 | 6 | 1 |
| 2 | 1 | 7 | 9 | 5 | 8 | 6 | 3 | 4 |
| 5 | 6 | 4 | 1 | 3 | 2 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 3 | 9 | 7 | 4 | 6 | 1 | 5 | 2 |
| 9 | 5 | 2 | 6 | 7 | 4 | 3 | 1 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 5 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 |
| 7 | 4 | 6 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 | 5 |

# राज्य में 'बांग्लार युवा साथी' के पंजीकरण का काम शुरू



❑ बेरोजगार युवाओं को मिलेगी वित्तीय मदद

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सरकार ने बेरोजगार युवाओं को नई 'बांग्लार युवा साथी' योजना के तहत वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए उनके पंजीकरण के वास्ते शिविरों का संचालन रविवार को शुरू कर दिया। सभी 294 विधानसभा क्षेत्रों में संचालित इन शिविरों में महिलाओं और किसानों के लिए अन्य कल्याणकारी योजनाओं के लिए नए आवेदन भी स्वीकार किए जाएंगे। कई शिविरों में लंबी कतारें देखी गईं और स्नातकोत्तर छात्रों सहित प्रतिभागियों ने नई योजना पर संतोष व्यक्त किया। इस योजना के तहत 21-40 वर्ष की आयु वर्ग के बेरोजगार युवाओं को अधिकतम पांच वर्षों की अवधि के लिए 1,500 रुपये का मासिक भत्ता प्रदान किया जाएगा। ये शिविर 26 फरवरी तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित होंगे। महिलाओं के लिए 'लक्ष्मी भंडार' प्रत्यक्ष लाभ अंतरण योजना और कृषक बंधु और कृषि श्रमिक भत्ता योजनाओं के लिए भी आवेदन स्वीकार किए जाएंगे।

## ममता में युवओं का समझा नब्ज : शशि पांजा



महिला एवं बाल कल्याण मंत्री शशि पांजा ने रविवार को कहा कि ममता बनर्जी ने युवाओं का दर्द बांटा है। शशि पांजा ने स्पष्ट दावा किया कि मुख्यमंत्री ने बेरोजगार युवाओं की नब्ज को समझ लिया है। शशि पांजा ने कहा कि यह अच्छा लग रहा है, लेकिन हमारी उनके प्रति जिम्मेदारी भी है। लोग आने लगे हैं। वे फॉर्म भरेंगे, इस परियोजना के बारे में जानेंगे। इससे पता चलता है कि ममता बनर्जी ने जो सोचा है, वह वास्तव में युवाओं की नब्ज़ को छू गया है। इसलिए हम चाहते हैं कि यह परियोजना जल्द से जल्द शुरू हो। दूसरी ओर, वित्त राज्य मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने कहा- जिन युवाओं को नौकरी नहीं मिल रही है, उन्हें प्रोत्साहन देने के लिए पांच साल का ऋण दिया जा रहा है। इसमें उनकी क्या समस्या है?

# युवासाथी कैंप के पहले दिन ही बवाल, चोपड़ा में मारपीट

❑ कई आवेदक बिना फॉर्म लिए लौटे

**उत्तर दिनाजपुर :** राज्य सरकार की नई योजना 'युवासाथी' के तहत पंजीकरण के पहले ही दिन उत्तर दिनाजपुर जिले के चोपड़ा में अफरातफरी की स्थिति बन गई। बेरोजगारी भत्ता पाने के लिए लंबी कतार में खड़े आवेदकों के बीच मामूली कहासुनी अचानक हाथा-पाई में बदल गई। हालात इतने बिगड़ गए कि कई युवक-युवतियां डर के कारण लाइन छोड़कर घर लौट गए। मारपीट में दो लोग घायल बताए जा रहे हैं।

रविवार दोपहर चोपड़ा के बीडीओ कार्यालय परिसर में यह घटना हुई। झड़प की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मारपीट में शामिल युवकों को लाइन से हटाने की कोशिश की गई, लेकिन इससे कुछ समय के लिए स्थिति और तनावपूर्ण हो गई। फॉर्म वितरण का काम अस्थायी रूप से रोकना पड़ा। बाद में पुलिस और प्रशासन की सक्रियता से हालात सामान्य हुए और पंजीकरण प्रक्रिया फिर से शुरू की गई, हालांकि भीड़ पहले की तुलना में काफी कम हो गई।

चोपड़ा के बीडीओ सौरव माझी ने दावा किया कि यह झगड़ा व्यक्तिगत विवाद था और इसका पंजीकरण प्रक्रिया से कोई संबंध नहीं है। इस्लामपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डेंडुप शेरपा ने बताया कि मारपीट की घटना को लेकर किसी ने लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई है। पुलिस पहुंचते ही स्थिति नियंत्रित कर ली गई।

इधर, मालदा जिले के चांचल विधानसभा क्षेत्र में भी युवसाथी कैंप के दौरान फॉर्म वितरण को लेकर धक्का-मुक्की और अफरातफरी देखी गई। फॉर्म लेने के लिए महिलाओं और युवाओं की भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे अव्यवस्था फैल गई। बार-बार माइकिंग के बावजूद पुलिस और प्रशासन को भीड़ नियंत्रित करने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

प्रशासन का कहना है कि आगे से बेहतर भीड़ प्रबंधन के लिए अतिरिक्त व्यवस्था की जाएगी, ताकि पात्र आवेदकों को बिना किसी परेशानी के योजना का लाभ मिल सके।

# पैरा शिक्षकों ने धर्मेंद्र प्रधान से मासिक मानदेय बढ़ाने का किया आग्रह

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के पैरा शिक्षकों के एक संगठन ने बढ़ती महंगाई और वित्तीय कठिनाइयों का हवाला देते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्तर पर उनके मासिक मानदेय को बढ़ाने का आग्रह किया है। पार्श्व शिक्षक ओइक्यामंच के संयोजक भागीरथ घोष ने 14 फरवरी को कोलकाता दौरे के दौरान मंत्री को सौंपे गए एक पत्र में पैरा शिक्षकों को 'समाज में गरिमापूर्ण जीवन जीने' में सक्षम बनाने के लिए एक उचित वेतन संरचना शुरू करने का अनुरोध किया। घोष ने कहा कि केंद्र और राज्य के बीच 60:40 प्रतिशत की वित्त पोषण प्रणाली के तहत प्राथमिक स्तर पर पैरा शिक्षकों को वर्तमान में 10,000 रुपये प्रति माह और उच्च प्राथमिक स्तर पर 13,000 रुपये प्रति माह मिलते हैं। उन्होंने कहा कि जीवनयापन की वर्तमान लागत की तुलना में यह राशि बहुत कम है।'' उन्होंने मांग की कि मानदेय को ''उचित सीमा तक बढ़ाया जाए।

संगठन ने यह भी मांग की कि पैरा शिक्षकों के लिए निर्धारित केंद्रीय आवंटन सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित किया जाए और मानदेय प्रणाली को समाप्त किया जाए। इस बीच, भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के संयुक्त संयोजक और एक अन्य पैरा शिक्षक संगठन डब्ल्यूबीपीटीटीए के नेता पिंटू परुई ने कहा कि उन्होंने शनिवार को शहर में एक कार्यक्रम के दौरान प्रधान को अपनी शिकायतों से अवगत कराया था और मंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया था कि वह इस मामले पर गौर करेंगे।

# वोटर सूची में उम्र की गड़बड़ी पर सुनवाई, बीए-लओ की पिटाई, सिर फूटा, अस्पताल में भर्ती



**कोलकाता :** एसआईआर प्रक्रिया के दौरान बीएलओ की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। ताजा घटना नदिया जिले के कालिगंज में सामने आई, जहां एक बीएलओ पर कथित रूप से बेरहमी से हमला किया गया। घायल बीएलओ साहेब अली शेख फिलहाल अस्पताल में उपचाराधीन हैं।

साहेब अली शेख कालिगंज ब्लॉक के 225 नंबर पार्ट के बीएलओ हैं और उनका घर रावतारा गांव में है। जानकारी के मुताबिक, एक परिवार को एसआईआर सुनवाई के लिए बुलाया गया था, क्योंकि मतदाता सूची में पिता की उम्र से बेटी की उम्र पांच वर्ष अधिक दर्ज हो गई थी।

घायल बीएलओ के रिश्तेदार मोहम्मद मोंटू शेख ने आरोप लगाया कि सुनवाई के संबंध में जानकारी देने पर आयातोला शेख और उनके परिवार के लोगों ने लकड़ी से हमला कर दिया। उनके अनुसार, बीएलओ ने कहा था कि उम्र संबंधी त्रुटि उनके हाथ में नहीं है, इसके बावजूद उन पर हमला किया गया।

हमले में साहेब अली शेख के सिर पर गंभीर चोट आई। पहले उन्हें कालिगंज अस्पताल में भर्ती कराया गया, बाद में बेहतर इलाज के लिए शक्तिनगर अस्पताल रेफर किया गया।

घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# जिनके नाम अंतिम मतदाता सूची में नहीं होंगे, वे दोबारा अप्लाई कर सकेंगे : सीईओ

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में मतदाता सूची के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) की सुनवाई के आखिरी दिन राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मनोज कुमार अग्रवाल ने कहा कि मतदाता सूची में नाम रजिस्टर कराने का काम यहीं खत्म नहीं होता। 28 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची जारी होने के बाद भी नाम रजिस्टर कराने का मौका मिलेगा। सभी वैध मतदाता जिनके नाम अंतिम मतदाता सूची में नहीं हैं, वे फिर से आवेदन कर सकते हैं। एसआईआर नोटिस की सुनवाई के आखिरी दिन सीईओ अग्रवाल ने कहा कि करीब 1।5 करोड़ नोटिस की सुनवाई का काम पूरा हो गया है। यह काम पिछले दो महीने से चल रहा था। उन्होंने कहा कि इस बार, पूरा मामला ईआरओ और एईआरओ पर निर्भर करता है। उनके हाथ में बहुत पावर है। इसलिए उन्हें बिना किसी डर या भेदभाव के अपना काम पूरा करना होगा। अब एक पारदर्शी और निष्पक्ष मतदाता सूची तैयार करनी होगी। इसलिए अब जितने भी फॉर्म और सुनवाई नोटिस अपलोड होने बाकी हैं, उन्हें कानून के हिसाब से ठीक से निपटाना होगा। मनोज कुमार अग्रवाल ने उन लोगों को भरोसा दिलाया जिनका नाम अंतिम मतदाता सूची में नहीं होगा। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग का उद्देश्य किसी का नाम बाहर करना नहीं है। अगर किसी का नाम बाहर होता है तो संबंधित वोटर को ऑर्डर मिलेगा। उसके बाद, उनके पास डीईओ (जिला निर्वाचन अधिकारी) के पास अपील करने का मौका है। फिर, उन्हें सीईओ के पास अपील करनी होगी। उन्होंने कहा कि जिनके नाम ड्राफ्ट लिस्ट में नहीं थे, उन्हें फॉर्म-6 भरकर अप्लाई करना होगा। अंतिम मतदाता सूची में नाम न होने का मतलब यह नहीं है कि सब कुछ खत्म हो गया है। तब भी वोटर लिस्ट में अपना नाम जुड़वाने का मौका मिलेगा। यानी, वैध मतदाता अपना नाम दोबारा रजिस्टर करा सकेंगे।

## भाजपा ने ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारियों की घोषणा

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारियों यानी ऑफिस बियरर्स की घोषणा कर दी है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य के निर्देश पर रविवार को ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारियों की घोषणा की गई। मोर्चा का अध्यक्ष शुभेंदु सरकार (बुला) को बनाया गया है। 8 उपाध्यक्ष, 3 महामंत्री, 8 मंत्री, 1 ऑफिस सेक्रेटरी, ज्वाइंट सेक्रेटरी, ट्रेजरर यानी कोषाध्यक्ष, आईटी इन-चार्ज, सोशल मीडिया इन-चार्ज और मीडिया इन-चार्ज की नियुक्त की गयी है। पार्टी ने विजय कुमार महतो, प्रसेनजीत घोष, अमलेंदु विकास दत्त, सुदीप पॉल, विनीता बराल मोदक, प्रियंका हवलदार, जगदीश प्रमाणिक और सुभाष महतो को ओबीसी मोर्चा का उपाध्यक्ष बनाया गया है। ईश्वर दयाल साव, सुब्रत मंडल और सुमित पॉल को महामंत्री बनाया गया है। मीनाक्षी दास कर्माकर, संचिता बाग, अमित साहा, उमेश यादव, प्रेम साव, प्रकाश जायसवाल, संजीव बनिक और राखाल नटुआ को पश्चिम बंगाल प्रदेश भाजपा के ओबीसी मोर्चा का मंत्री बनाया गया है। संदीप घोष (रिषी) को ऑफिस सेक्रेटरी और अनिमेष मंडल को ज्वाइंट ऑफिस सेक्रेटरी नियुक्त किया गया है। ओबीसी मोर्चा के सोशल मीडिया इन-चार्ज की जिम्मेदारी सायंतनी दास भौमिक को और मीडिया इन-चार्ज की भूमिका अशोक खवाड़िया को दी गयी है।

# 'बांग्लार युवा साथी' मुख्यमंत्री की दूरदर्शिता का प्रमाण : कुणाल घोष



**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता और वरिष्ठ नेता कुणाल घोष ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कई महत्वपूर्ण राजनीतिक मुद्दों पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने विशेष रूप से राज्य सरकार की नई 'बांग्लार युवा साथी' परियोजना पर भाजपा की आलोचना की और इसे मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की दूरदर्शिता का प्रमाण बताया। कुणाल घोष ने कहा कि 'बांग्लार युवा साथी' परियोजना एक बहुत अच्छी पहल है, जो बेरोजगार युवाओं को आर्थिक सहारा देगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह परियोजना चुनावी घोषणा नहीं है, बल्कि पहले से चल रही सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की श्रृंखला का हिस्सा है। रूपोश्री, स्वास्थ्य साथी, लक्ष्मीर भंडार जैसी लगभग सौ योजनाओं से राज्य में पहले ही सामाजिक कल्याण का मजबूत ढांचा खड़ा हो चुका है। घोष ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा खुद विरोधाभास से जूझ रही है। जब ममता दीदी कोई परियोजना शुरू करती हैं, तो पहले विरोध करती हैं। लक्ष्मीर भंडार को 'भिक्षा' कहा, लेकिन अब उनकी सरकारें ममता बनर्जी की नकल कर रही हैं। उन्होंने बिहार में भाजपा की घोषणाओं का जिक्र करते हुए कहा कि वे भी ममता बनर्जी की योजनाओं की नकल कर रहे हैं। भाजपा यह कहने वाली कौन होती है कि ऐसी परियोजनाओं को बढ़ावा दिया जाए? उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी राज्य के समग्र विकास के लिए काम कर रही हैं, जबकि भाजपा ने 2 करोड़ नौकरियों का वादा किया था, लेकिन वे कहां हैं? उल्टे, उनकी आर्थिक नीतियों से नौकरियां घटी हैं। कुणाल घोष ने समग्र रूप से ममता बनर्जी की सरकार की तारीफ की और कहा कि भाजपा ममता बनर्जी से डरी हुई है, इसलिए इन योजनाओं का विरोध कर रही है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे इस स्कीम का लाभ उठाएं और राज्य के विकास में योगदान दें।

# गुजरात में बंगाल की महिला की मौत ने भाजपा शासित राज्यों में सुरक्षा संकट को उजागर किया : तृणमूल कांग्रेस

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस ने रविवार को आरोप लगाया कि गुजरात में बंगाल की एक प्रवासी महिला की मौत भाजपा शासित राज्यों में पश्चिम बंगाल के श्रमिकों के लिए सुरक्षा के बढ़ते संकट की ओर इशारा करती है और यह प्रणालीगत कानून-व्यवस्था की विफलताओं की भयावह याद दिलाती है। सत्तारूढ़ पार्टी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि पूर्व बर्दवान जिले की निवासी और गुजरात में एक होटल परिचारिका के रूप में काम करने वाली 38 वर्षीय सोनमोनी बैराग्य का शव वहां के एक रेस्तरां के अंदर से बरामद किया गया। किसी मकसद का प्रत्यक्ष उल्लेख किए बिना तृणमूल ने दावा किया कि यह घटना भाजपा शासित राज्यों में बंगाली प्रवासी श्रमिकों के खिलाफ अपराधों के एक चिंताजनक पैटर्न के बीच हुई है। तृणमूल ने महाराष्ट्र में बंगाल के प्रवासी कामगार सुखेन महतो की हाल ही में हुई हत्या का भी जिक्र किया और आरोप लगाया कि भाजपा ने उस मामले की गंभीरता को कमतर करके आंकने का प्रयास किया था। इसमें कहा गया है कि हालांकि जांच जारी है और बैराग्य की मौत के पीछे का सटीक मकसद अभी तक पता नहीं चल पाया है, लेकिन भाजपा शासित राज्यों में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति बंगाली श्रमिकों की सुरक्षा और गरिमा के बारे में गंभीर चिंताएं पैदा करती है। इन आरोपों पर भाजपा की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। पूर्व बर्दवान जिले के नंदांगघाट इलाके में रहने वाले उसके (बैराग्य) परिवार के सदस्यों के अनुसार, गुजरात के होटल अधिकारियों ने दावा किया कि उसने अपने कमरे में आत्महत्या कर ली, लेकिन उन्हें इसमें कुछ गड़बड़ी का संदेह है। उनकी बहन शेफाली कर्माकर ने शनिवार को नंदनघाट थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें आरोप लगाया गया कि बैराग्य आत्महत्या नहीं कर सकती थी। पूर्व बर्दवान जिले के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि नंदनघाट थाने में एक शिकायत प्राप्त हुई थी और पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## डोमिसाइल प्रमाणपत्र जारी करने को लेकर अफवाहें निराधार, लालबाजार की स्पष्ट सफाई



**कोलकाता :** डोमिसाइल प्रमाणपत्र जारी करने को लेकर सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों पर कोलकाता पुलिस ने कड़ा रुख अपनाया है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि आपातकालीन आधार पर डोमिसाइल प्रमाणपत्र जारी करने में उसकी कोई प्रत्यक्ष भूमिका नहीं है और इस संबंध में प्रसारित दावे पूरी तरह निराधार हैं। लालबाजार की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि कुछ समूह जानबूझकर भ्रामक जानकारी फैला रहे हैं। सोशल मीडिया पर यह दावा किया जा रहा है कि डोमिसाइल प्रमाणपत्र जारी करने की प्रक्रिया में कोलकाता पुलिस सक्रिय भूमिका निभा रही है। पुलिस ने इस दावे को खारिज करते हुए कहा कि नियमों के तहत वह केवल सत्यापन से संबंधित जानकारी संबंधित प्राधिकरण को भेजती है। प्रमाणपत्र जारी करने का अधिकार या प्रक्रिया पुलिस के अधीन नहीं है। बयान में यह भी स्पष्ट किया गया कि कोलकाता पुलिस ने किसी को भी कोई डोमिसाइल प्रमाणपत्र जारी नहीं किया है। इस संबंध में झूठी खबरें या अफवाहें फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी सूचना पर विश्वास करने से पहले आधिकारिक स्रोतों से सत्यापन कर लें और अफवाहों से दूर रहें। गलत जानकारी फैलाकर भ्रम या अनावश्यक दहशत पैदा करने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**Name Change**

I, Lal Mohammad Sk (old name) son of Abu Mohammad, residing at 64, Gaon sapri, Thana.no-15, village-sapri, Anchal-hasanpur, District – samastipur, Pin-848205, India, have changed my name and shall henceforth be known as Lal Mohammad (new name), as declared Before The Ld 1st class judicial magistrate at rosera samastipur Bihar, vide an affidavit No 3198 dated 05/02/2026. Lal Mohammad (new name) and Lal Mohammad Sk (old name) both are same and one identical person.

**Name Change**

I, RAVINDRA KUMAR SINGH AND RAVINDRA KR SINGH (OLD NAMES), SON OF HARINARAYAN SINGH, RESIDING AT HAUZAPURA, HAUZPUR URF KHAUAZPURA, HAUZPURA, DIST - VAISHALI, PIN - 844111,BIHAR, INDIA, HAVE CHANGED MY NAME AND SHALL HENCEFORTH BE KNOWN AS RAVINDRA SINGH (NEW NAME) AS DECLARED BEFORE THE NOTARY PUBLIC AT KOLKATA ON 13/02/2026. RAVINDRA KUMAR SINGH AND RAVINDRA KR SINGH (OLD NAMES) AND RAVINDRA SINGH (NEW NAME), ALL ARE SAME AND ONE IDENTICAL PERSON.





महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर विशेष अनुष्ठान और प्रार्थना करने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु शिवालयों एवं शिव मंदिरों में उमड़े

# मुख्यमंत्री ममता ने महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दीं, धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार का किया उल्लेख

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को लोगों को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दीं और कहा कि उनकी सरकार ने पिछले 15 वर्ष में धार्मिक सद्भाव बनाए रखने तथा सभी समुदायों के उपासना स्थलों के जीर्णोद्धार के लिए निरंतर प्रयास किए हैं। इस दिन, ममता बनर्जी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि राज्य में विभिन्न धर्मों के शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व की समृद्ध परंपरा रही है। उन्होंने कहा कि इस विरासत को बरकरार रखने के लिए उनकी सरकार ने पूरे राज्य में धार्मिक स्थलों के पुनरुद्धार और विकास का कार्य किया है। उन्होंने भगवान शिव को नमन करते हुए कहा कि जलपाईगुड़ी के प्रसिद्ध जलपेश मंदिर समेत कई प्रमुख मंदिरों का जीर्णोद्धार किया गया है। उन्होंने कहा कि जलपेश मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए एक स्काईवॉक का निर्माण किया गया है। उन्होंने बताया कि तारकेश्वर मंदिर के आसपास बुनियादी ढांचे के विकास और सौंदर्यीकरण के लिए राज्य सरकार ने तारकेश्वर विकास प्राधिकरण का गठन किया है। उन्होंने कहा कि इसके तहत रोशनी की व्यवस्था, सड़कों का विकास और समग्र पुनरुद्धार का कार्य किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बर्दवान, कूचबिहार, उत्तर दिनाजपुर, बीरभूम और पश्चिम मेदिनीपुर समेत कई जिलों के शिव मंदिरों में जीर्णोद्धार और विकास कार्य किए गए हैं। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही बकरेश्वर में पर्यटन ढांचे का भी उन्नयन किया गया है। उन्होंने घोषणा की कि सिलीगुड़ी में एक 'महाकाल महातीर्थ' विकसित किया जा रहा है, जहां भगवान शिव की दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमाओं में से एक प्रतिमा स्थापित की जाएगी। ममता ने इस अवसर पर कामना की कि सभी के जीवन में शांति और सांप्रदायिक सद्भाव बरकरा रहे।

## ममता ने तारिक रहमान को भेजा उपहार, बीएनपी की जीत पर दी बधाई



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को बांग्लादेश के 13वें राष्ट्रीय संसदीय चुनाव में तारिक रहमान की पार्टी की बड़ी जीत पर उन्हें फूल और मिठाइयां भेजकर बधाई दी। गुलशन स्थित बीएनपी चेयरपर्सन के राजनीतिक कार्यालय में पार्टी के मीडिया सेल सदस्य अतीकुर रहमान रुमान ने इन फूलों और मिठाइयों को स्वीकार किया। इस मौके पर गुलशन कार्यालय में विशेष अधिकारी मेहेदुल इस्लाम मेहेदी भी मौजूद थे।

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
▪ MATRIMONIAL ▪ EDUCATION ▪ OBITUARY
▪ PROPERTY ▪ NAME CHANGE ▪ REMEMBRANCE
▪ RECRUITMENT ▪ PUBLIC NOTICE ▪ DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | www samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# मालदह में मचा सियासी घमासान, चुनाव से पहले बिहार नंबर की बाइकें आने को लेकर आरोप-प्रत्यारोप

**मालदह :** विधानसभा चुनाव से पहले मालदह जिले में सियासी विवाद तेज हो गया है। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि भाजपा चुनाव से पहले बिहार से बड़ी संख्या में बाइकें मंगा रही है, जिसके पीछे कथित साजिश है। तृणमूल का दावा है कि इन बाइकों के जरिए चुनाव के दौरान अशांति फैलाने की कोशिश की जा रही है। रविवार की सुबह मालदह जिला भाजपा कार्यालय के सामने बिहार नंबर प्लेट वाली कई बाइकें खड़ी दिखाई दीं। इसे लेकर तृणमूल ने सवाल उठाते हुए कहा कि वोट से पहले दूसरे राज्य से बाइक 'आयात' करना संदेहजनक है। मालदह जिला तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष रहिम बक्शी ने आरोप लगाया कि चुनाव में अव्यवस्था पैदा करने के इरादे से बिहार से सात-आठ लॉरी बाइकें लाई जा रही हैं। वहीं, तृणमूल के जिला प्रवक्ता शुभमय बोस ने कहा कि पूरे मामले को जिला प्रशासन के संज्ञान में लाया गया है और भाजपा जानबूझकर माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रही है। इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए भाजपा नेतृत्व ने तृणमूल के दावों को बेबुनियाद और काल्पनिक करार दिया है। मालदह भाजपा के सांगठनिक जिलाध्यक्ष अजय गांगुली ने कहा कि चुनाव के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं की आवाजाही और प्रचार के लिए इन बाइकों की व्यवस्था की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कोई नई बात नहीं है और पिछले चुनावों में भी ऐसा किया गया था। भाजपा का दावा है कि इस बार कुल 14 बाइकें आई हैं, जिनके सभी कागजात वैध हैं। अजय गांगुली ने कहा कि बिहार में चुनाव खत्म हो चुके हैं। अब पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव हैं। कार्यकर्ताओं को बूथों तक पहुंचने और निगरानी रखने के लिए इन बाइकों की जरूरत होती है। ये पहले सिलीगुड़ी आईं, फिर मालदह पहुंचीं और आगे कोलकाता समेत अन्य जिलों में भी भेजी जाएंगी। बंगाल में चुनाव समाप्त होने के बाद इन्हें अन्य स्थानों पर भेज दिया जाएगा। इस मुद्दे पर मालदह में राजनीतिक तापमान चढ़ गया है। जहां तृणमूल इसे चुनाव से पहले साजिश करार दे रही है, वहीं भाजपा इसे सांगठनिक तैयारी बताते हुए किसी भी तरह की अनियमितता से इनकार कर रही है।




# बाबा बासुकीनाथ डानकुनी धाम में महा शिवरात्रि महोत्सव का भव्य आयोजन





**हुगली :** बाबा बासुकीनाथ डानकुनी धाम में महा शिवरात्रि महोत्सव 2026 का भव्य एवं धार्मिक आयोजन रविवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के निवेदक कुसुम देवी खरकिया एवं बाबा बासुकीनाथ के समस्त भक्तगण रहे। महोत्सव के अवसर पर भजन-कीर्तन, नृत्यनाटिका, बाबा की बारात, श्रृंगार, प्रसाद तथा भंडारे का विशेष आयोजन किया गया। धार्मिक वातावरण में श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। भजन संध्या में प्रसिद्ध गायक नवीन जोशी, पवन शर्मा, अरविंद सहल तथा नवीन म्यूजिकल ग्रुप ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी के लिए भंडारा प्रसाद की समुचित व्यवस्था की गई थी। पूरे परिसर में भक्ति और श्रद्धा का वातावरण देखने को मिला। महोत्सव को सफल बनाने में सुशील खारकिया, विकास जायसवाल, राजीव जायसवाल, विनय कसेरा, कमलेश कुमार साव, पवन अग्रवाल, मुकेश कसेरा, किशन खंडेलवाल सहित अन्य भक्तों का विशेष योगदान रहा।

## टाटा एआईए ने लॉन्च किए एनहैंस्ड वैल्यू इंडेक्स फंड्स अपनों की सुरक्षा भी, भविष्य की बढ़त भी

**कोलकाता :** भारत की बीमा कंपनी टाटा एआईए ने 'वैल्यू इन्-वेस्टिंग' पर आधारित दो नए फंड पेश किए हैं। यह रणनीति उन कंपनियों को चुनने पर टिकी है, जिनमें भविष्य में बड़ी बढ़त हासिल करने की पूरी क्षमता है। ये फंड लार्ज, मिड और स्मॉल-कैप की ऐसी 50 चुनिंदा कंपनियों में पैसा लगाते हैं जो आने वाले समय में मार्केट लीडर बन सकती हैं। इसके जरिए निवेशकों को न केवल बेहतर कमाई का मौका मिलता है, बल्कि जीवन बीमा की सुरक्षा भी मिलती है। इन नए फंड्स में निवेश करने का मौका 9 से 16 फरवरी 2026 तक है। जो लोग इस दौरान निवेश करेंगे, उन्हें 16 फरवरी 2026 को मात्र 10 की शुरूआती कीमत पर यूनिट्स दी जाएंगी।

# टॉलीगंज के अभिजात आवास में लगी आग, दहशत में नीचे उतरे कई फिल्मी सितारे

**कोलकाता, समाज्ञा**

महानगर में एक बार फिर आग लगने की बड़ी घटना सामने आई है। टॉलीगंज स्थित अभिजात आवास डायमंड सिटी के टावर-(दो) में रविवार की सुबह अचानक आग लग गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की चार गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और त्वरित राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आग चौथी मंज़िल पर लगी। प्राथमिक तौर पर शॉर्ट सर्किट को आग लगने का कारण माना जा रहा है। जिस फ्लैट में आग लगी, वहां उस समय कोई मौजूद नहीं था। एहतियात के तौर पर पूरे परिसर के निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया। इस आवासीय परिसर में टॉलीवुड के कई जाने-माने सितारे रहते हैं। आग की खबर मिलते ही अभिनेता यश दासगुप्ता और अभिनेत्री-सांसद नुसरत जहां अपने बच्चे के साथ घबराहट में नीचे उतर आए। विधायक-अभिनेत्री सायंतिका बनर्जी ने बताया कि घटना के समय वह वहां मौजूद नहीं थीं और पूरी तरह सुरक्षित हैं। दमकल कर्मियों ने युद्धस्तर पर काम करते हुए आग को काबू में किया, जिससे वह अन्य हिस्सों में फैलने से बच गई। इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, हालांकि भारी संपत्ति नुकसान की आशंका जताई जा रही है। पुलिस भी मौके पर पहुंची और सुरक्षा व्यवस्था संभाली।


# जय श्री श्याम सेवा संघ के निशान महोत्सव में दिखा श्याम की भक्ति फागुन की मस्ती का संगम

**कोलकाता :** बाबा श्याम की भक्ति और दीन-दु:खियों की सेवा में जुटी लगभग 40 वर्ष पुरानी संस्था 'जय श्री श्याम सेवा संघ' ने आज अपना वार्षिक निशान महोत्सव पूरे भक्ति-भाव से मनाया। जैसोर रोड की गोकुल धाम सोसाइटी के बैंक्वेट हॉल में आज शाम बाबा श्याम की नयनाभिराम झांकी के समक्ष दीप व ज्योत प्रज्वलन के साथ शुरू हुए इस महोत्सव में भजनों का शुभारंभ सेवा संघ परिवार के सदस्यों द्वारा श्री गणेश-गुरूदेव-पितरेश आदि देवी-देवताओं की वंदना के साथ हुआ और फिर अभिषेक शर्मा, सौरव शर्मा केशू, सूरज शर्मा और तुषार चौधरी सरीखे लोकप्रिय भजन प्रवाहकों ने बाबा श्याम के गुणगान की जो झड़ी लगी वो रात तक चलती रही। लहराते देखे हैं हमने श्याम निशान करोड़ो, हाथां में लेके निशान चालांगा खाटूधाम, दीनानाथ मेरी बात छानी कोनी तेरे से, जैसे अनगिनत भजनों के साथ ढप-धमाल की ताल पर बच्चे, बड़े, बुजुर्ग सभी श्याम नाम की भक्ति और फागुन की मस्ती में गोते लगाते नजर आये। महोत्सव के शुभारंभ से समापन तक भक्तो का आना जारी रहा। इस अवसर सेवा संघ के श्रद्धेय गुरुवर ब्रह्मलीन श्रीचंद जी शर्मा द्वारा निर्देशित उस भव्य रजत निशान की पूजा-अर्चना की गई जो सेवा संघ परिवार खाटूधाम में फाल्गुन मेला पर 17 किलोमीटर लम्बी पैदल यात्रा के जरिए बाबा श्याम को अर्पित करेगा। आज का निशान महोत्सव आरती व प्रसाद वितरण के साथ सम्पन्न हुआ।



# दुर्गापुर के निजी मेडिकल कॉलेज में फंदे से लटकता छात्र का शव बरामद

**आसनसोल :** दुर्गापुर के आईक्यू सिटी मेडिकल कॉलेज में बिहार का मेडिकल छात्र की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत से सनसनी फैल गयी। रविवार को आईक्यू सिटी मेडिकल कॉलेज में प्रथम वर्ष का छात्र लावण्य प्रताप (22) का हॉस्टल के बाथरूम में झूलता शव बरामद हुआ। सूत्रों के अनुसार, मृतक लावण्य प्रताप बिहार के पटना के भोला रोड निवासी थे। लावण्य प्रताप दुर्गापुर की आईटी सिटी मेडिकल कॉलेज में प्रथम वर्ष के छात्र थे। इस वर्ष वार्षिक परीक्षा में बेहतर अंक लावण्य को नहीं मिली थी। शनिवार की देर रात हॉस्टल के कमरे के शौचालय गया था। काफी देर तक बाहर नहीं निकलने पर सहयोगियों को संदेह होने पर सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पहुंची एवं बाथरूम का दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया। जहां लावण्य का झूलता शव देख सभी दंग रह गए। रविवार की दोपहर डिप्टी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में शव का पोस्टमार्टम किया गया। उसके बाद, शव को आसनसोल जिला अस्पताल भेजा गया। बेटे की मौत की खबर पाकर रविवार को पिता और अन्य रिश्तेदार दुर्गापुर पहुंचे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा।



# केतुग्राम में सात दिन से लापता युवक का सड़ा-गला शव बरामद, हत्या की आशंका

**पूर्व बर्दवान :** जिले के केतुग्राम थाना इलाके में रविवार को सात दिनों से लापता एक युवक का सड़ा-गला शव बरामद होने से इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान बुद्धदेव माझी (39) के रूप में हुई है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की है। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, बुद्धदेव केतुग्राम के निरोद गांव का निवासी था। कुछ वर्ष पहले पारिवारिक कलह के चलते उसकी पत्नी घर छोड़कर चली गई थी। इसके बाद, बुद्धदेव का इलाके की ही एक विवाहित महिला से कथित प्रेम संबंध बन गया। बताया गया है कि महिला का पति बाहर राज्य में प्रवासी मजदूर के रूप में काम करता था। संबंध उजागर होने पर पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ, जो थाना तक पहुंचा। सूत्रों के मुताबिक, लगभग तीन महीने पहले वह महिला अपने पति का घर छोड़कर बुद्धदेव के घर रहने लगी थी। इसे लेकर दोनों परिवारों में तनाव चल रहा था। इसी बीच, करीब सात दिन पहले बुद्धदेव घर से निकला और लापता हो गया। परिजनों ने केतुग्राम थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। रविवार की सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग-(छह) के किनारे एक नाले से बुद्धदेव का सड़ा-गला शव बरामद किया गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजनों का आरोप है कि बुद्धदेव की हत्या की गई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मौत के कारणों की पुष्टि की जाएगी। सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।



# जलपाईगुड़ी फ्लाईओवर के नीचे पुलिस कर्मी के बेटे का रक्तरंजित शव बरामद

**जलपाईगुड़ी :** जलपाईगुड़ी-सिलीगुड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग पर गौरीहाट इलाके के एक फ्लाईओवर के नीचे रविवार के तड़के एक युवक का रक्तरंजित शव मिला। मृतक की पहचान राज थापा (36) के रूप में हुई है। वह जलपाईगुड़ी के नयाबस्ती इलाके का निवासी था। राज थापा पेशे से सिविल इंजीनियर थे और उनके पिता पुलिस विभाग में कार्यरत थे। मिली जानकारी के अनुसार, वह बाइक से सिलीगुड़ी से जलपाईगुड़ी लौट रहे थे। रविवार भोर करीब चार बजे फ्लाईओवर के ऊपर उनकी बाइक पड़ी देखी गई, जिसके बाद नीचे खोजबीन करने पर उनका शव बरामद हुआ। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, फ्लाईओवर के ऊपर सड़क किनारे एक मोटरसाइकिल पड़ी मिली, जबकि युवक का शव करीब नौ फुट नीचे पड़ा था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक अनुमान है कि पीछे से किसी तेज रफ्तार वाहन ने बाइक को टक्कर मारी, जिससे संतुलन बिगड़ने पर युवक फ्लाईओवर से नीचे गिर गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि, यह हादसा था या इसके पीछे कोई अन्य कारण, इसकी जांच की जा रही है।

# स्टॉक होल्डिंग सर्विस लिमिटेड ने देशभर में लॉन्च किया 'स्टॉकफिन 2.0' निवेश एप

**कोलकाता, समाज्ञा :** स्टॉक होल्डिंग सर्विस लिमिटेड (एचएसएल) ने अपने नए निवेश मोबाइल एप 'स्टॉकफिन 2.0' का देशव्यापी शुभारंभ किया है। कंपनी, स्टॉक होल्डिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एसएचसीआईएल) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक इकाई है और सेबी-पंजीकृत कॉरपोरेट स्टॉक ब्रोकर के रूप में कार्यरत है। यह एप देश में तेजी से बढ़ रहे खुदरा निवेशकों को सरल, सुरक्षित और एकीकृत डिजिटल निवेश मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विकसित किया गया है।

कंपनी के अनुसार, स्टॉकफिन 2.0 आधुनिक तकनीकी संरचना पर आधारित है, जिसमें बेहतर गति, उन्नत प्रदर्शन और नया इंटरफेस शामिल है। यह महानगरों के साथ-साथ टियर-2 और टियर-3 शहरों के निवेशकों की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। एप के माध्यम से इक्विटी, डेरिवेटिव्स (एफ एंड ओ), स्टॉक एसआईपी, म्यूचुअल फंड, ईटीएफ, एसएमई शेयर और आईपीओ में निवेश की सुविधा एक ही मंच पर उपलब्ध है। रीयल-टाइम डैशबोर्ड, तकनीकी संकेतक, शोध रिपोर्ट और 'बाय टुडे, सेल टुमारो' जैसे फीचर निवेशकों को सूचित निर्णय लेने में मदद करते हैं।

सुरक्षा के लिए एमपिन, बायोमेट्रिक लॉगिन और ओटीपी सत्यापन की व्यवस्था की गई है। अधिकारियों ने कहा कि यह एप डिजिटल निवेश को व्यापक और सुलभ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।



## बजाज लाइफ इंश्योरेंस पेंशन फंड मैनेजर बनने और गिफ्ट सिटी लाइसेंस के लिए करेगा आवेदन

**कोलकाता :** बजाज लाइफ इंश्योरेंस ने पेंशन और अंतरराष्ट्रीय बीमा सेवाओं के क्षेत्र में बड़ा कदम उठाने की घोषणा की है। कंपनी के निदेशक मंडल ने पेंशन फंड मैनेजमेंट कंपनी शुरू करने और गांधीनगर स्थित गिफ्ट सिटी में इंटरनेशनल फाइनेंशियल सर्विसेज सेंटर के तहत इंश्योरेंस ऑफिस स्थापित करने के प्रस्ताव को मंज़ूरी दे दी है। इस अवसर पर तरुण चुग, एमडी एवं सीईओ, बजाज लाइफ इंश्योरेंस ने कहा, पेंशन फंड रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी, आईएफएससीए, आईआरडीएआई और गिफ्ट सेज से मंज़ूरी लेने के लिए बोर्ड की स्वीकृति मिलना हमारे लिए एक अहम पड़ाव है। भारत में मज़बूत पेंशन समाधानों की बड़ी ज़रूरत है। पेंशन फंड मैनेजमेंट कंपनी बनने से हम एनपीएस और रिटायरमेंट से जुड़े सभी समाधान अपने ग्राहकों को दे सकेंगे।



57, विवेकानंद रोड स्थित शिव मंदिर में धूमधाम से मना महाशिवरात्री का पूजन

# कटवा स्टेशन पर ट्रेन के खाली कोच में आग लगी, कोई हताहत नहीं

**पूर्व बर्दवान :** जिले में रविवार के तड़के कटवा रेलवे स्टेशन पर खड़ी खाली यात्री ट्रेन के एक डिब्बे में आग लग गई। पूर्वी रेलवे के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली।

दमकल विभाग के अधिकारियों के अनुसार, सुबह करीब 4:30 बजे प्लेटफॉर्म नंबर दो पर खड़ी कटवा-अजीमगंज यात्री ट्रेन के एक कोच में आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद दमकल की दो गाड़ियों ने करीब 30 मिनट में आग पर काबू पा लिया। पूर्वी रेलवे के एक प्रवक्ता ने कहा कि रेलवे कर्मचारियों ने तत्परता दिखाते हुए प्रभावित डिब्बे को बाकी डिब्बों से अलग कर दिया, जिससे आग फैलने से रोका जा सका। अधिकारी ने बताया कि हावड़ा मंडल इस घटना की विस्तृत जांच करेगा और एक फॉरेंसिक टीम भी घटनास्थल का दौरा करेगी। उन्होंने कहा कि आग लगने के सही कारणों का पता जांच पूरी होने के बाद ही चल सकेगा।

स्टेशन पर मौजूद यात्रियों ने डिब्बे को आग की लपटों में घिरा देखा, जिससे प्लेटफॉर्म पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। कोच बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सीटें पूरी तरह जलकर राख हो गईं। बाहरी हिस्से पर भी व्यापक नुकसान के निशान दिखे। बाद में, हावड़ा मंडल के डीआरएम विशाल कपूर ने कटवा पहुंचकर प्रभावित कोच का निरीक्षण किया।



# जंगलमहल में माओवादी नामांकित पोस्टर से सनसनी, तृणमूल नेताओं को चेतावनी

**पुरूलिया :** जंगलमहल इलाके में माओवादी (माओवादी) नाम से लगाए गए पोस्टरों को लेकर रविवार को इलाके में हड़कंप मच गया। सफेद कागज पर लाल स्याही से लिखे इन पोस्टरों के सामने आने से, खासकर आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनज़र, सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ गई है। इन पोस्टरों में तृणमूल कांग्रेस के कुमड़ा क्षेत्र अध्यक्ष भवतोष दास समेत कुल आठ लोगों के नाम लिखे गए हैं। पोस्टर में इन सभी को चेतावनी देते हुए कहा गया है कि उनके खिलाफ 'जन-अदालत' में सुनवाई होगी। साथ ही, पंचायत परियोजनाओं में भ्रष्टाचार और नौकरी दिलाने के नाम पर पैसे लेने जैसे गंभीर आरोप भी लगाए गए हैं। जानकारी के अनुसार, रविवार के तड़के बांदोवान थाना अंतर्गत कुमड़ा इलाके में तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय पार्टी कार्यालय और यजपुर प्राथमिक विद्यालय की दीवारों पर माओवादी नामांकित कई पोस्टर चिपकाए गए थे। सुबह स्थानीय लोगों की नजर इन पोस्टरों पर पड़ी, तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी पोस्टरों को जब्त कर लिया। पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है। बांदोवान थाना पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है।




# गरफा मेन रोड पर दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर, दोनों चालक घायल

**कोलकाता :** कोलकाता के गरफा थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर एक सड़क दुर्घटना में दो मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा 15 फरवरी 2026 को लगभग 2:10 बजे गरफा मेन रोड, नंदिबागान के पास हुआ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, दो मोटरसाइकिलों के बीच आमने-सामने की टक्कर हुई। पहली मोटरसाइकिल के चालक आकाश भौमिक (30), निवासी 130/1एल, सरत घोष गार्डन रोड, कोलकाता-78, दुर्घटना में घायल हो गए। बताया गया है कि वह बिना हेलमेट के वाहन चला रहे थे। उन्हें उपचार के लिए केपीसी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।

दूसरी मोटरसाइकिल के चालक सुनील मिस्त्री (58), निवासी 378, गांगुली बागान रोड, गड़िया, कोलकाता-84, भी इस टक्कर में घायल हुए। वह हेलमेट पहने हुए थे। उन्हें इलाज के लिए रिवाइवल नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है।

दोनों घायलों को कई चोटें आई हैं। दुर्घटना के बाद स्थानीय थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों मोटरसाइकिलों को अपने कब्जे में ले लिया और आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर काफी जोरदार थी, जिससे दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।

पुलिस मामले की जांच कर रही है कि दुर्घटना तेज रफ्तार, लापरवाही या अन्य किसी कारण से हुई। साथ ही, पुलिस ने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने और हेलमेट पहनकर वाहन चलाने की अपील की है, ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।




# शिव रूप में पूजित हुई मां राजराजेश्वरी, महाशिवरात्रि पर उमड़ा जनसैलाब

**हुगली, समाज्ञा :** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर हुगली जिले के विभिन्न शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही मंदिरों में हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष गूंजते रहे।

कोन्नगर बारह महादेव मंदिर, राजराजेश्वरी मंदिर और तारकेश्वर धाम समेत तमाम शिवालयों में भक्तों की लंबी कतारें देखी गईं। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक कर निरोग जीवन, शांति, समृद्धि और अकाल मृत्यु से रक्षा की कामना की। राजराजेश्वरी सिद्ध पीठ में भगवान शिव की बारात पहुंची। कोन्नगर राजराजेश्वरी मंदिर में देवों के देव महादेव शंकर की विशेष पूजा-अर्चना की गई। मंदिर में चारों प्रहर का पूजन संपन्न हुआ। भगवान शिव को आशुतोष कहा जाता है वे अल्प उपासना से भी प्रसन्न हो जाते हैं और भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं।

दूध, दही, गन्ने का रस, बेलपत्र, बेल, धतूरा और शक्कर सहित विभिन्न पूजन सामग्रियों से भोले शंकर का अभिषेक किया गया। इस अवसर पर मां राजराजेश्वरी का शिवरूप में भव्य श्रृंगार किया गया, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा। मंदिर के प्रभारी सच्चित स्वरूप महाराज, श्रीधर शास्त्री और रज्योतिषपीठ पंडित आचार्य रवि शंकर द्विवेदी ने विधिवत पूजन संपन्न कराया। सच्चित स्वरूप महाराज ने बताया कि सनातन धर्म में तीन रात्रियों का विशेष महत्व है कालरात्रि, महारात्रि और मोहरात्रि। इनमें महारात्रि अर्थात शिवरात्रि का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण है।

सुबह से ही मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। भगवान शंकर के मणि शिवलिंग के साथ मां राजराजेश्वरी का शिव रूप में श्रृंगार कर पूजन किया गया। मंदिर में पिछले 29 वर्षों से इसी विधि से पूजन की परंपरा निभाई जा रही है। प्रतिवर्ष अंतिम प्रहर में विश्व कल्याण और शांति के लिए विशेष अभिषेक किया जाता है।

पूरे मंदिर परिसर को आकर्षक बिजली चलित रोशनी से सजाया गया था। भक्तों ने हर हर महादेव, भोले शंकर की जय और बम बम भोले के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। शाम को भंसाली परिवार की ओर से भजन संध्या का आयोजन कर शिव भजनों की प्रस्तुति दी गई। भजन गायकों ने अपनी मधुर वाणी से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। वहीं लक्ष्मीकांत, लक्ष्मी और मंजू पोद्दार ने विशेष शिव पूजन और प्रसाद वितरण की जिम्मेदारी संभाली। महाशिवरात्रि के इस पावन पर्व पर श्रद्धा, आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।



# बांग्लादेश में चुनाव के बाद सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा का मुद्दा अहम : शुभेंदु अधिकारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने बांग्लादेश में चुनाव के बाद हुए राजनीतिक बदलावों के मद्देनजर सीमा पर हो रहे घटनाक्रमों को लेकर चिंता व्यक्त की है। रविवार को शुभेंदु ने इस पर चिंता जताते हुए आरोप लगाया कि सीमा पर उभरी एक 'गंभीर राजनीतिक एकजुटता' के मद्देनजर कड़ी सतर्कता और सीमा पर मजबूत बुनियादी ढांचे की आवश्यकता है। भाजपा नेता ने 'एक्स' पर एक



पोस्ट में दावा किया कि जमात-ए-इस्लामी ने बांग्लादेश के 2026 के आम चुनाव में सतखिरा से रंगपुर तक के जिलों में 68 निर्वाचन क्षेत्रों में जीत हासिल की, जो पश्चिम बंगाल के संवेदनशील सीमावर्ती क्षेत्रों के सामने स्थित हैं। नेता प्रतिपक्ष ने 'सिलीगुड़ी कॉरिडोर' को भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को मुख्य भूमि से जोड़ने वाली एक रणनीतिक जीवन रेखा बताते हुए कहा कि उस क्षेत्र में किसी भी वैचारिक एकजुटता के लिए बढ़ी हुई सतर्कता और मजबूत सुरक्षा व्यवस्था की आवश्यकता होगी। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की सरकार सीमा पर बाड़ लगाने के लिए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) द्वारा आवश्यक भूमि अधिग्रहण में पूर्ण सहयोग देने में बार-बार विफल रही है। उन्होंने कलकत्ता उच्च न्यायालय के उस निर्देश का भी हवाला दिया जिसमें राज्य को बाड़ लगाने के लिए आवश्यक भूमि सौंपने को कहा गया था और यह भी कहा गया था कि राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित मामलों में प्रशासनिक देरी अस्वीकार्य है। शुभेंदु अधिकारी ने इस स्थिति को 'बदला हुआ भू-राजनीतिक परिदृश्य' करार देते हुए पश्चिम बंगाल के लिए आवश्यक उपायों की एक श्रृंखला का उल्लेख किया, जिसमें बीएसएफ के साथ पूर्ण सहयोग भी शामिल है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि केंद्र और राज्य दोनों में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली 'डबल इंजन' सरकार ही सीमा सुरक्षा सुनिश्चित कर सकती है।

# कसबा में रिहायशी इमारत में आग, बुजुर्ग महिला की झुलसकर मौत

**कोलकाता :** कसबा थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर एक रिहायशी इमारत में भीषण आग लगने से 88 वर्षीय बुजुर्ग महिला की दर्दनाक मौत हो गई। यह घटना 15 फरवरी 2026 को करीब 2:40 बजे हुई। आग 44बी, धर्मतला रोड, प्रांतिक पल्ली, कोलकाता-42 स्थित (जी+4) बहुमंजिला आवासीय भवन की दूसरी मंजिल पर स्थित एक फ्लैट में लगी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, फ्लैट में रहने वाली नमिता रॉय (88), पत्नी स्वर्गीय भूपेश चंद्र रॉय, आग की चपेट में आ गईं। आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल विभाग को खबर दी गई।



दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची और लगभग 4:40 बजे आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक नमिता रॉय गंभीर रूप से झुलस चुकी थीं।

उन्हें तत्काल उपचार के लिए सीएनएमसी एंड हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, महिला को गंभीर जलन की चोटें आई थीं। आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है। दमकल विभाग और पुलिस की ओर से जांच शुरू कर दी गई है।

घटना के बाद इलाके में शोक और दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आग तेजी से फैली, जिससे बचाव का समय नहीं मिल सका। फिलहाल नुकसान की विस्तृत जानकारी और आग लगने के सटीक कारणों का पता लगाया जा रहा है। कसबा थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# युवा वर्ग ने कतारबद्ध होकर भरा युवा साथी योजना का फार्म

**हुगली :** जिले में राज्य सरकार की नई युवा साथी योजना को लेकर जहां युवाओं में उत्साह है वहीं इसको लेकर राजनीतिक विवाद तेज होते जा रहा है। राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बजट में 21 से 40 वर्ष तक के माध्यमिक उत्तीर्ण युवाओं के लिए युवा साथी योजना की घोषणा की है। इसके तहत पात्र युवाओं को प्रतिमाह 1500 रुपये भत्ता दिए जाने का प्रावधान है।

रविवार को हुगली जिले के रिसड़ा, श्रीरामपुर और वैद्यवाटी सहित विभिन्न क्षेत्रों में बड़ी संख्या में युवा कतारबद्ध होकर आवेदन पत्र भरते नजर आए। कई स्थानों पर लंबी लाइनों का दृश्य देखने को मिला। हालांकि, जिन युवतियों को 'लक्ष्मी भंडार योजना' के तहत पहले से भत्ता



मिल रहा है, उन्हें इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा। लाइन में खड़े कई युवाओं ने कहा कि उन्हें केवल भत्ता नहीं, बल्कि रोजगार चाहिए। उनका कहना था कि राज्य सरकार को उद्योगों के विस्तार और रोजगार सृजन पर अधिक ध्यान देना चाहिए, क्योंकि केवल भत्ते से युवाओं का भविष्य नहीं संवरेगा।

श्रीरामपुर नगर पालिका के चेयरमैन गिरधारी साहा ने कहा कि मुख्यमंत्री महिलाओं की तरह ही बेरोजगार युवाओं के हितों के प्रति भी संवेदनशील हैं। यहां अन्य राजनीतिक दलों की तरह योजना धर्म या राजनीतिक आधार पर भेदभाव नहीं करती। उन्होंने कहा कि बंगाल में रहने वाला हर नागरिक, चाहे उसकी भाषा या राजनीतिक विचारधारा कुछ भी हो, इस योजना का लाभ पाने का हकदार है।

वहीं भाजपा ने इस योजना की आलोचना करते हुए कहा कि सरकार युवाओं को भत्ता देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के बजाय निर्भर बना रही है। पार्टी का आरोप है कि रोजगार उपलब्ध कराने के बजाय भत्ता देकर वोट बैंक की राजनीति की जा रही है। योजना को लेकर जहां एक ओर युवाओं में उत्साह है, वहीं दूसरी ओर रोजगार के मुद्दे पर बहस भी तेज होती दिखाई दे रही है।

### सुसाइड नोट लिखकर महानंदा कैनाल में व्यक्ति ने लगाई छलांग

**सिलीगुड़ी :** सिलीगुड़ी महकमा के फांसीदेवा के काशीराम इलाके में एक व्यक्ति ने सुसाइड नोट लिखकर महानंदा कैनाल में रविवार सुबह छलांग लगा दी। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान मिलनपल्ली निवासी मनोज डालमिया (48) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, वह स्कूटी से काशीराम पहुंचे और नहर किनारे वाहन खड़ा कर नोट लिखने के बाद कूद गए। नोट में उन्होंने अपनी बहन के लिए न्याय की मांग की है। सूचना मिलते ही फांसीदेवा पुलिस थाने की टीम मौके पर पहुंची। बाद में, आपदा प्रबंधन दल को भी बुलाया गया, जो व्यक्ति की तलाश में जुटा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कोन्नगर में यात्रियों के लिए चलाया गया रेलवे सुरक्षा जागरूकता अभियान

**कोलकाता, समाज्ञा**

पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल द्वारा 13 फरवरी को कोन्नगर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों एवं आम नागरिकों के बीच सुरक्षित व्यवहार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष रेलवे सुरक्षा जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इस अवसर पर हावड़ा मंडल की मंडलीय सांस्कृतिक संघ ने यमराज शीर्षक से एक विषयगत प्रस्तुति के माध्यम से लेवल क्रॉसिंग तथा रेलवे पटरियों के समीप असुरक्षित व्यवहार के गंभीर परिणामों को प्रभावशाली और प्रतीकात्मक ढंग से प्रस्तुत किया।

इस प्रस्तुति ने यात्रियों और स्थानीय निवासियों का ध्यान




आकर्षित करते हुए रेलवे सुरक्षा नियमों के पालन के महत्व को सरल एवं यादगार तरीके से रेखांकित किया। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों, दैनिक यात्रियों और रेलवे कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया तथा अभियान को अपना समर्थन प्रदान किया, जिससे रेलवे सुरक्षा के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता का संदेश स्पष्ट हुआ। जागरूकता अभियान के दौरान पटरियों को पार करने के लिए फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) एवं सबवे के उपयोग, रेलवे सिग्नल एवं चेतावनी संकेतों का कड़ाई से पालन करने तथा रेलवे लाइन एवं लेवल क्रॉसिंग के समीप मोबाइल फोन के उपयोग से बचने पर विशेष बल दिया गया।

## विदेश की खबरें

# नेपाल चुनावों से पहले 63 सूत्रीय आचार संहिता, नकद वित्तीय सहायता पर लगाम

**काठमांडू :** नेपाल के निर्वाचन आयोग ने पांच मार्च को होने वाले चुनावों से पहले 63 सूत्रीय आचार संहिता जारी करते हुए रविवार को राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों से कहा कि वे 25,000 नेपाली रुपये से अधिक की वित्तीय सहायता केवल बैंकिंग लेन-देन के माध्यम से ही स्वीकार करें। निर्वाचन आयोग ने यह भी कहा है कि राजनीतिक दल और उम्मीदवार केवल दो मार्च तक



ही प्रचार कर सकते हैं। आचार संहिता संबंधी आयोग के नोटिस में उल्लेखित 60 से अधिक बिंदुओं में से प्रमुख बिंदु यह है कि राजनीतिक दल और उनके उम्मीदवार 25,000 रुपये से अधिक की वित्तीय सहायता केवल बैंकिंग लेन-देन के माध्यम से ही स्वीकार कर सकते हैं। आयोग ने राजनीतिक दलों और उनके उम्मीदवारों से निर्धारित तिथियों दो मार्च तक और सुबह सात बजे से शाम सात बजे के बीच प्रचार अभियान चलाने को कहा है, और पांच मार्च को होने वाले आम चुनाव से 48 घंटे पहले सभी अभियानों को रोकने को कहा है। पिछली प्रथा के अनुरूप, निर्वाचन आयोग ने प्रचार अभियानों के लिए प्लास्टिक सामग्री या पॉलीथीन के उपयोग को भी प्रतिबंधित कर दिया। निर्वाचन आयोग के नोटिस में कहा गया है कि यदि कोई भी व्यक्ति आचार संहिता का उल्लंघन करता है, तो ऐसे उम्मीदवारों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### ईरान के शीर्ष राजनयिक जिनेवा में अमेरिका के साथ 'अप्रत्यक्ष' वार्ता में भाग लेंगे: समाचार एजेंसी

**दुबई :** ईरान के शीर्ष राजनयिक रविवार को तेहरान से जिनेवा के लिए रवाना हुए, जहां अमेरिका के साथ परमाणु वार्ता का दूसरा दौर आयोजित होगा। यह जानकारी ईरानी सरकारी मीडिया ने दी। सरकारी समाचार एजेंसी 'आईआरएनए' ने अपने टेलीग्राम चैनल पर बताया कि विदेश मंत्री अब्बास अराघची और उनका प्रतिनिधिमंडल पिछले सप्ताह ओमान में हुए अप्रत्यक्ष वार्ता के पहले दौर के बाद स्विट्ज़रलैंड की राजधानी जिनेवा के लिए रवाना हो गया। ओमान जिनेवा में होने वाली वार्ता में मध्यस्थता करेगा। अराघची के स्विटजरलैंड और ओमान के अपने समकक्षों के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के महानिदेशक से भी मुलाकात करने की उम्मीद है।

# जमात-ए-इस्लामी ने बांग्लादेश चुनाव परिणामों को चुनौती दी

**ढाका :** बांग्लादेश में हाल में संपन्न हुए चुनावों में मुख्य विपक्षी दल के रूप में उभरी जमात-ए-इस्लामी ने रविवार को परिणामों को चुनौती देते हुए निर्वाचन आयोग से उन 32 निर्वाचन क्षेत्रों में मतों की पुनर्गणना कराने की मांग की, जहां उसके उम्मीदवारों को ''अनुचित तरीके से पराजित'' किया गया था। पार्टी ने बृहस्पतिवार को हुए चुनावों में अपने पूर्व सहयोगी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की जीत को स्वीकार करने वाले फेसबुक संदेश को भी वापस ले लिया।

चुनाव परिणाम शुक्रवार को घोषित किए गए थे। तारिक रहमान के नेतृत्व वाली बीएनपी ने 49.97 प्रतिशत मतों और 209 सीट के साथ दो-तिहाई बहुमत से सत्ता हासिल की, जबकि जमात-ए-इस्लामी ने 31.76 प्रतिशत मतों और 68 सीट के साथ अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। रविवार को निर्वाचन आयोग (ईसी) में औपचारिक शिकायत दर्ज कराने के बाद, जमात के वरिष्ठ नेता हामिदुर रहमान आजाद ने कहा, ''हमने 32 ऐसे निर्वाचन क्षेत्रों की पहचान की है, जहां हमारे उम्मीदवारों को अनुचित तरीके से हराया गया।'' आजाद ने निर्वाचन आयोग परिसर में पत्रकारों से कहा, ''मतदान की शुरुआत तो अच्छी रही, लेकिन अंत अच्छा नहीं रहा।'' उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी ने 32 निर्वाचन क्षेत्रों में मतों की दोबारा गिनती की मांग की है। इस बीच, निर्वाचन आयुक्त अनवारुल इस्लाम ने पत्रकारों को बताया कि यदि आयोग को अदालत से कोई आदेश प्राप्त होता है, तो वह जमात की मांग के अनुसार मतों की दोबारा गिनती पर फैसला करेगा। उन्होंने कहा, उनकी मांग की जांच और विश्लेषण आवश्यक है। कानून उन्हें अवसर प्रदान करता है - यदि चुनाव से संबंधित कोई शिकायत हो, तो वे न्यायालय को सूचित कर सकते हैं। न्यायालय तदनुसार निर्णय लेगा।'' आयुक्त ने कहा कि निर्वाचन आयोग मतदान प्रबंधन से संतुष्ट है।

## 150 कुंडीय महायज्ञ के साथ 'महर्षि महिमा पर्व' का भव्य समापन, वैदिक मंत्रोच्चार से गुंजायमान हुआ महानगर

### ऋषि बोधोत्सव और महाशिवरात्रि पर 150 परिवारों की सामूहिक आहुतियां, चार दिवसीय महोत्सव संपन्न






**कोलकाता, समाज्ञा :** आर्य समाज स्थापना के 150वें गौरवशाली वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित चार दिवसीय 'महर्षि महिमा पर्व एवं ऋषि बोधोत्सव' का समापन रविवार को महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर श्रद्धा और उल्लास के साथ हुआ। 'आर्य समाज स्थापना समारोह समिति' के तत्वावधान में आयोजित इस महोत्सव के अंतिम दिन आध्यात्मिक उत्साह और सामूहिक सहभागिता का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। प्रातः 8 बजे 19, विधान सरणी स्थित आर्य समाज मंदिर में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। पिछले चार दिनों से चल रहे 'चतुर्वेद शतकम यज्ञ' की पूर्णाहुति आचार्य राहुल देव शास्त्री और पंडित योगेशराज उपाध्याय के पौरोहित्य में संपन्न हुई। यज्ञ के उपरांत श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

महाशिवरात्रि को आर्य समाज में 'ऋषि बोध दिवस' के रूप में भी मनाया जाता है। इस अवसर पर महर्षि दयानंद के जीवन और विचारों पर विशेष व्याख्यान हुए। आचार्य ज्वलंत शास्त्री, प्रो. विनय विद्यालंकार और प्रकाश आर्य ने अपने विचार रखते हुए कहा कि यदि उस कालखंड की शिवरात्रि ऋषि के जीवन में 'बोध रात्रि' न बनती, तो आज भी समाज अंधविश्वास और कुरीतियों के गहरे अंधकार में डूबा रहता। विद्वानों ने बताया कि कैसे एक छोटी सी घटना ने बालक मूलशंकर को महर्षि दयानंद बना दिया और संपूर्ण सनातन धर्म का पुनरुद्धार हुआ।

महोत्सव का मुख्य आकर्षण संध्या 5 बजे शिमला व्यायाम समिति पार्क (काली सिंघी पार्क) में आयोजित 'बहु-कुण्डीय यज्ञ' रहा। आर्य समाज की स्थापना के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 150 आर्य परिवारों ने एक साथ बैठकर यज्ञ की वेदी पर आहुतियां समर्पित कीं। एक साथ गुंजायमान होते वेद मंत्रों और यज्ञ की पवित्र अग्नि से संपूर्ण क्षेत्र का वातावरण अत्यंत दैवीय और ऊष्मामयी हो गया। इस अवसर पर भजनोपदेशक प्रदीप आर्य ने अपने 'ऋषि गीतों' से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।

समापन अवसर पर समिति के मंत्री दीपक आर्य ने आयोजन की सफलता का श्रेय कार्यकर्ताओं और सदस्यों को दिया। उन्होंने कहा, इतना विशाल और भव्य आयोजन केवल समर्पित कार्यकर्ताओं के निस्वार्थ परिश्रम से ही संभव हो पाया है। उन्होंने सभी सहयोगियों और विद्वानों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। सामूहिक शांति पाठ के साथ इस चार दिवसीय महोत्सव का विधिवत समापन हुआ। यह आयोजन अपनी वैचारिक प्रखरता, महामहिम राज्यपाल की उपस्थिति और विशाल जनभागीदारी के कारण महानगर के लिए स्मरणीय बन गया।

### भारत ने रूस से तेल खरीदना बंद करने की प्रतिबद्धता जताई है : रूबियो

**म्यूनिख :** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा है कि भारत ने रूसी तेल खरीदना बंद करने की प्रतिबद्धता जतायी है। यह बयान भारत द्वारा यह बात दोहराने के कुछ दिनों बाद आया है कि कच्चे तेल की खरीद के संबंध में नयी दिल्ली के निर्णयों के लिए राष्ट्रीय हित 'मार्गदर्शक कारक' होगा और ऊर्जा नीति के प्रमुख आधार पर्याप्त उप-लब्धता, उचित मूल्य निर्धारण और आपूर्ति की विश्वसनीयता हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नयी दिल्ली के साथ एक व्यापार समझौते की घोषणा करते हुए दावा किया था कि भारत ने रूस से कच्चा तेल नहीं खरीदने की प्रतिबद्धता जतायी है। तब से ही, अमेरिका ने कई बार दावा किया है कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर देगा। शनिवार को म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में रुबियो ने कहा, ''भारत के साथ हमारी बातचीत में हमें उनकी प्रतिबद्धता मिली है कि वे अतिरिक्त रूसी तेल खरीदना बंद कर देंगे।'' रुबियो रूस-यूक्रेन युद्ध और मॉस्को पर लगाए गए प्रतिबंधों से जुड़े एक सवाल का जवाब दे रहे थे। इस समझौते की घोषणा के बाद, ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश में भारत द्वारा रूस से कच्चा तेल खरीदने पर अगस्त में लगाए गए अतिरिक्त शुल्क को वापस ले लिया था। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने सोमवार को कहा था कि कच्चे तेल की खरीद पर भारत का दृष्टिकोण ऊर्जा प्रवाह में स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए आपूर्ति के कई स्रोत बनाए रखने और उनमें विविधता लाने का रहा है।

### पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की जेल में डॉक्टरों ने जांच की



**इस्लामाबाद :** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को नेत्र समस्या होने के बाद डॉक्टरों की एक टीम ने रविवार को उनकी जांच की। उनकी पार्टी ने हालांकि इस जांच को खारिज कर दिया। उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के एक वकील ने खान की स्वास्थ्य स्थितियों के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त करने के लिए बृहस्पतिवार को उनसे मुलाकात की। रिपोर्ट के अनुसार खान ने अपनी दाहिनी आंख की लगभग 85 प्रतिशत दृष्टि खोने की शिकायत की थी। अदालत ने अधिकारियों को 16 फरवरी से पहले 73 वर्षीय पूर्व क्रिकेटर से नेता बने खान की विस्तृत चिकित्सा जांच कराने का आदेश दिया था। सूत्रों ने बताया कि डॉक्टरों की एक टीम ने खान से मुलाकात की और उनकी आंख की विस्तृत जांच की। उन्होंने बताया, ''चिकित्सा जांच एक घंटे तक चली और रक्त के नमूने एकत्र करने के बाद टीम चली गई।'' पिछले महीने, खान को इस्लामाबाद के 'पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज' (पीआईएमएस) ले जाया गया था और उनकी आंख का ऑपरेशन किया गया था। हालांकि, वकील से मुलाकात के दौरान उन्होंने दृष्टि कमजोर होने की शिकायत की, जिसके बाद उनके परिवार और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ ने उनका निजी अस्पताल में इलाज कराने की मांग उठाई थी।

# काजा कलास ने भारत के साथ सुरक्षा संबंधों पर प्रकाश डाला

**म्यूनिख :** यूरोपीय संघ की शीर्ष अधिकारी काजा कलास ने रविवार को म्यूनिख में भारत के साथ सुरक्षा संबंधों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस गुट ने अब तक भारत सहित दस देशों के साथ रक्षा साझेदारी की है। कलास ने इसके साथ ही इस बात पर जोर दिया कि अंतरराष्ट्रीय संबंध इसकी प्राथमिकताओं में से एक है। यूरोपीय आयोग की उपाध्यक्ष कलास ने रविवार को म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में कहा कि बढ़ती नयी चुनौतियों का सामना करने के लिए, यूरोप को एक नयी सुरक्षा नीति पर काम करना होगा। यूरोपीय संघ के विदेश मामलों और सुरक्षा नीति की उच्च प्रतिनिधि कलास ने कहा कि देश लगातार बढ़ते शुल्क के खतरे सहित, कठिन वैश्विक परिस्थितियों में जोखिमों का प्रबंधन करने के लिए अपनी सा-झेदारी में विविधता लाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि अधिकांश देश एक ही चीज चाहते हैं: स्थिरता, विकास और अपने लोगों के लिए समृद्धि। उन्होंने कहा, ''इसे हासिल करने का सबसे अच्छा तरीका है मिलकर काम करना। उन्होंने कहा, ''यूरोपीय संघ ने दुनिया का सबसे बड़ा मुक्त व्यापार नेटवर्क बनाया है। लगभग 80 देश अब यूरोपीय संघ के व्यापार समझौतों के दायरे में हैं। व्यापार के अलावा, हम सुरक्षा और रक्षा के क्षेत्र में भी साझेदारी कर रहे हैं, अब तक 10 देश इसमें शामिल हो चुके हैं, जिनमें भारत और ऑस्ट्रेलिया भी शामिल हैं।'' कलास ने कहा कि विस्तार एक भू-राजनीतिक विकल्प है और ''हमें हां कहना ही होगा।'' उन्होंने कहा, ''वहां तक पहुंचने का सबसे अच्छा तरीका साथ मिलकर आगे बढ़ना है।'' भारत और यूरोपीय संघ ने पिछले महीने एक ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसे सबसे बड़ा समझौता कहा जा रहा है, जिसका उद्देश्य दो अरब लोगों का बाज़ार तैयार करना है। प्रधानमंत्री मोदी और यूरोपीय संघ के शीर्ष नेतृत्व ने व्यापार और रक्षा सहयोग के साथ आपसी संबंधों को मज़बूत करने तथा नियम-आधारित विश्व व्यवस्था की दिशा में काम करने के लिए एक व्यापक एजेंडा पेश किया। दोनों पक्षों ने दो महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए जिनमें से एक सुरक्षा और रक्षा सहयोग से जबकि दूसरा यूरोप में भारतीय प्रतिभाओं की आव-जाही से संबंधित है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### गोरखपुर में हर्ष फायरिंग में 'डीजे ऑपरेटर' की मौत

**गोरखपुर (उप्र):** गोरखपुर जिले में कथित तौर पर हर्ष फायरिंग में एक 'डीजे ऑपरेटर' की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार यह घटना शनिवार शाम गगहा थाना इलाके में 'गुरु कृपा मैरिज हॉल' के निकट हुई। पुलिस और चश्मदीदों के मुताबिक, गगहा के पांडेयपार निवासी हरि गोविंद गुप्ता के बेटे शुभ्रांश की बारात समारोह स्थल की ओर बढ़ रही थी तभी बारात में शामिल एक युवक ने कथित तौर पर पिस्तौल से हर्ष फायरिंग शुरू कर दी। चश्मदीदों के अनुसार तीन गोलियां चलाई गईं दो हवा में चलीं, जबकि तीसरी 'डीजे ऑपरेटर' छोटू (18) के सिर में लगी और वह मौके पर गिर पड़ा। पुलिस के अनुसार छोटू को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद बारात में शामिल कई लोग वहां से चले गए, हालांकि शादी की रस्में बाद में पूरी कर ली गईं। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और कुछ लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। पुलिस अधीक्षक (दक्षिण) दिनेश पुरी ने पुष्टि की कि छोटू की मौत हर्ष फायरिंग के दौरान गोली लगने से हुई।

### झारखंड: सीसीएल के सुरक्षा गार्ड को गोली मारी गई, गंभीर रूप से घायल

**रामगढ़ (झारखंड):** झारखंड के रामगढ़ जिले में 'सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड' (सीसीएल) के एक सुरक्षा गार्ड को अज्ञात हमलावरों ने गोली मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। एक पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना शनिवार देर रात हुई जब मोटरसाइकिल सवार बंदूकधारियों ने जमुरिया बाजार इलाके में बरकाकाना में तैनात बिहारी राम पर गोली चला दी। अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा गार्ड को पहले सीसीएल अस्पताल ले जाया गया और बाद में रांची के एक अस्पताल रेफर कर दिया गया। उन्होंने बताया कि गार्ड की हालत गंभीर बताई गई है।

### सीबीआई ने नीट अभ्यर्थी की मौत की जांच के सिलसिले में जहानाबाद में उसके पैतृक गांव का दौरा किया

**जहानाबाद:** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की एक टीम ने रविवार को बिहार के जहानाबाद में उस नीट अभ्यर्थी के पैतृक गांव का दौरा किया, जिसकी पिछले महीने पटना में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत को लेकर राज्य में सियासी तूफान खड़ा हो गया है। सीबीआई के 31 जनवरी को मामले की जांच औपचारिक रूप से अपने हाथ में लेने और प्राथमिकी दर्ज करने के कुछ दिनों बाद उसके अधिकारियों की एक टीम जहानाबाद में छात्रा के गांव पहुंची। छात्रा छह जनवरी को पटना के चित्रगुप्त नगर स्थित एक निजी छात्रावास में बेहोश अवस्था में मिली थी। उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां पांच दिन कोमा में रहने के बाद उसकी मौत हो गई थी। छात्रा के परिवार ने उसके यौन उत्पीड़न का दावा करते हुए अधिकारियों पर मामले को दबाने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस मामले के सिलसिले में छात्रावास के एक कर्मचारी को गिरफ्तार किया है।

### प्रधानमंत्री मोदी 28 फरवरी को अजमेर का दौरा करेंगे

**जयपुर:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 फरवरी को अजमेर का दौरा करेंगे और राजस्थान में 23,500 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। यह जानकारी रविवार को एक आधिकारिक बयान में दी गई। कार्यक्रम के दौरान राज्य स्तरीय रोजगार अभियान के तहत 21,000 युवाओं को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री की उपस्थिति विकसित राजस्थान के संकल्प को नई गति देगी और जनता में नई ऊर्जा का संचार करेगी।

### बिहार के लखीसराय में नाबालिग से यौन उत्पीड़न, एक गिरफ्तार

**लखीसराय:** बिहार के लखीसराय जिले में रविवार को आठ वर्षीय बच्ची के साथ कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि परिजनों की शिकायत के आधार पर 45 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) अवधेश दीक्षित ने बताया कि यह घटना मेदनी चौक इलाके में सुबह के समय घटी। दीक्षित ने पत्रकारों को बताया, लड़की के परिवार ने बताया कि वह अपने घर के पास फूल तोड़ने गई थी, तभी आरोपी उसे जबरन एक सुनसान जगह पर ले गया और उसके साथ यौन उत्पीड़न किया।

# महाशिवरात्रि पर 40 लाख श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाई



### महाशिवरात्रि पर काशी समेत प्रदेश के शिवालयों में उमड़े श्रद्धालु, विशेष व्यवस्थाएं की गईं

काशी समेत प्रदेश के शिव मंदिरों में महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन कर जलाभिषेक किया और मंगल कामना की। महाशिवरात्रि के अवसर पर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गोरखनाथ मंदिर के शक्तिपीठ में भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया और राज्य की जनता के स्वास्थ्य, समृद्धि और शांति के लिए प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने देवता को दूध, दही, घी, शहद और चीनी से स्नान कराया, जिसके बाद परंपरा के अनुसार वैदिक रुद्राभिषेक किया गया। मुख्यमंत्री ने अंधियारी बाग स्थित प्राचीन मानसरोवर मंदिर में भी दर्शन किए और वैदिक मंत्रों के बीच अभिषेक के दौरान दूध और जल अर्पित किया।

**प्रयागराज:** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित माघ मेला, रविवार को महाशिवरात्रि पर्व के स्नान के साथ संपन्न हो गया। महाशिवरात्रि पर रविवार को 40 लाख श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई। मेला प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि रविवार की देर रात से ही श्रद्धालुओं का मेला क्षेत्र में आगमन और गंगा स्नान जारी रहा और आज लगभग 40 लाख श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में स्नान किया। उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व पर स्नान के साथ पिछले करीब डेढ़ महीने से संगम नगरी में जारी माघ मेला निर्विघ्न रूप से संपन्न हो गया। अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष माघ मेले में 22 करोड़ से अधिक लोगों ने गंगा और संगम में स्नान किया। माघ मेले के दौरान 18 जनवरी को मौनी अमावस्या पर सबसे अधिक 4.36 करोड़ श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में स्नान किया। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की संख्या के लिहाज से इस वर्ष के माघ मेले ने 2013 के प्रयागराज कुंभ के रिकॉर्ड को काफी पीछे छोड़ दिया। 2013 (समाजवादी पार्टी की सरकार) में आयोजित प्रयागराज कुंभ में लगभग 12 करोड़ श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में स्नान किया था। इस वर्ष माघ मेला स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और प्रशासन के बीच तनातनी को लेकर सुर्खियों में रहा। मौनी अमावस्या पर स्नान के दौरान संगम नोज पर उस समय विवाद खड़ा हो गया, जब भारी भीड़ का हवाला देते हुए पुलिस ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को पालकी पर सवार होकर भारी संख्या में समर्थकों के साथ संगम जाने से कथित तौर पर रोक दिया। इस घटना के बाद से ही स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने माघ मेले में किसी पर्व पर गंगा स्नान नहीं किया और सरकार के साथ उनका विवाद जारी रहा। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि सभी घाटों पर सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीम तैनात हैं तथा नाविकों व गोताखोरों को भी सभी घाटों पर तैनात किया गया है। वर्मा ने बताया कि सभी घाटों पर पर्याप्त संख्या में चेंजिंग रूम उपलब्ध रहे और सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन के माध्यम से मेला क्षेत्र की निगरानी की गई। सभी अधिकारी मेला क्षेत्र में भ्रमणशील रहे।

### मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में 'जनता दर्शन' में 100 से अधिक लोगों की समस्याएं सुनीं

**गोरखपुर (उप्र):** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन का आयोजन कर लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनकर अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। यह जानकारी एक आधिकारिक बयान में दी गई। जनता दर्शन में आए लोगों से मुख्यमंत्री ने कहा, 'चिंता न करें, हर समस्या का समाधान होगा और सबकी भरपूर मदद की जाएगी।' मुख्यमंत्री ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ित व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और तत्परता से उसका निष्पक्ष तथा समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराएं। रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब 150 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने आश्वस्त किया कि सभी समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। प्रार्थना पत्र अधिकारियों को हस्तगत कर दिए गए और उन्हें कहा गया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए।

## काशी विश्वनाथ मंदिर में देश-विदेश के 62 मंदिरों से प्राप्त पवित्र वस्तुएं अर्पित की गईं




**वाराणसी (उप्र):** महा शिवरात्रि के अवसर पर भगवान श्री विश्वेश्वर महादेव के वाराणसी स्थित श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में देश-विदेश के 62 मंदिरों से प्राप्त पावन भेंट अर्पित की गईं। उत्तर प्रदेश सरकार के एक बयान के अनुसार, इन भेंटों में पावन वस्त्र, रज और पवित्र जल शामिल हैं। ये भेंट श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड, उत्तराखंड के श्री केदारनाथ, मुंबई के लाल बाग राजा और श्री सिद्धिविनायक मंदिर, गुजरात के द्वारकाधीश मंदिर, राजस्थान के नाथद्वारा मंदिर और श्रीलंका के लक्ष्मी मंदिर से आई हैं। मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विश्व भूषण मिश्रा ने रविवार को बताया कि दुनिया भर के 62 प्रमुख मंदिरों से भोग और वस्त्र प्राप्त हुए हैं। मिश्रा ने बताया कि श्रीलंका के अलावा मलेशिया से भी भेंट आई हैं। उन्होंने बताया कि यह परंपरा इसी वर्ष से शुरू की गई है।

## रामविलास पासवान के बारे में विधायक की टिप्पणी को लेकर लोजपा (रामविलास) का विरोध प्रदर्शन

**पटना:** बिहार विधानसभा के मौजूदा बजट सत्र के दौरान दिवंगत रामविलास पासवान को बेचारा कहने से संबंधित राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के विधायक की टिप्पणी के खिलाफ रविवार को लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) के नेताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने राजद को दलित विरोधी करार दिया और पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव का पुतला फूंका। बोध गया विधानसभा सीट से राजद के विधायक कुमार सर्वजीत ने बुधवार को लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के संस्थापक और पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान की राजनीतिक यात्रा का जिक्र करते हुए उन्हें बेचारा कहा था। सर्वजीत ने विधानसभा अध्यक्ष से आग्रह किया था कि बिहार की राजनीति में पासवान के योगदान को रेखांकित करते हुए पटना में प्रमुख स्थान पर उनकी प्रतिमा स्थापित की जाए। दलित नेता पासवान ने साल 2000 में लोजपा की स्थापना की थी। 2021 में विभाजित होने के बाद पार्टी दो धड़ों में बंट गई, जिनमें से एक लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) का नेतृत्व पासवान के बेटे चिराग पासवान जबकि दूसरे धड़े राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी की अगुवाई रामविलास पासवान के भाई पशुपति कुमार पारस करते हैं। लोजपा (रामविलास) के प्रदेश प्रमुख राजू तिवारी और मंत्री सुमन कुमार पासवान ने रविवार को विरोध प्रदर्शन में भाग लिया। तिवारी ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, विधानसभा में हमारी पार्टी के संस्थापक के लिए इस्तेमाल किया गया एक शब्द यह दर्शाता है कि तेजस्वी यादव की मानसिकता दलित विरोधी और समाज विरोधी है। तिवारी ने कहा कि उनकी पार्टी सोमवार को विधानसभा में राजद के खिलाफ प्रदर्शन करेगी। रामविलास पासवान प्रमुख दलित नेता थे, जो पांच दशक के अपने राजनीतिक करियर के दौरान छह अलग-अलग प्रधानमंत्रियों की सरकार में केंद्रीय मंत्री रहे।

## अंतरराष्ट्रीय बाल कैंसर दिवस: समय पर पहचान से 80 प्रतिशत बच्चों की बचाई जा सकती है जान



**जयपुर:** अंतरराष्ट्रीय बाल कैंसर दिवस के अवसर पर रविवार को चिकित्सकों के एक समूह ने इस बात पर जोर दिया कि समय पर निदान और उचित उपचार के माध्यम से कैंसर से प्रभावित 80 प्रतिशत से अधिक बच्चों की जान बचाई जा सकती है। भगवान महावीर कैंसर अस्पताल में बाल कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. शिवानी माथुर ने कहा कि बच्चों में कैंसर के मामले वयस्कों के कैंसर से भिन्न होते हैं और अक्सर तेजी से बढ़ते हैं, जिसके लिए विशेष उपचार की जरूरत होती है। हालांकि, बच्चों में इससे उबरने की दर अधिक होती है। उन्होंने बताया कि बच्चों में कैंसर के सबसे आम प्रकारों में ब्लड कैंसर, ब्रेन ट्यूमर, किडनी कैंसर और हड्डियों का कैंसर शामिल हैं। भगवान महावीर कैंसर चिकित्सालय के रक्त कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. उपेन्द्र शर्मा ने बताया कि 'नेशनल कैंसर रजिस्ट्री प्रोग्राम' के अनुसार, भारत में कैंसर के कुल मामलों में से लगभग चार प्रतिशत मामले 0-14 वर्ष की आयु के बच्चों में होते हैं और हर साल लगभग 50,000 नए मामले सामने आते हैं। इन मामलों में ब्लड कैंसर की हिस्सेदारी 25-30 प्रतिशत है। उन्होंने उल्लेख किया कि बीमारी का शुरुआत में पता लगने से इससे उबरने की संभावना काफी बढ़ जाती है। चिकित्सकों के अनुसार, सामान्य चेतावनी संकेतों में लगातार बुखार, वजन में असामान्य कमी, लंबे समय तक थकान, हड्डियों या जोड़ों में दर्द, बार-बार संक्रमण और असामान्य सूजन शामिल हैं। उन्होंने माता-पिता को सलाह दी कि वे लंबे समय तक रहने वाले लक्षणों को नजरअंदाज न करें और तुरंत चिकित्सीय परामर्श लें।

## रिकॉर्ड दो बार रेट बकलर ट्रॉफी जीतने वाले सर्जन बने झारखंड के डॉ. बिभूति कश्यप



**रांची:** नेत्र रोग सोसायटी ने झारखंड के युवा रेटिना सर्जन डॉ. बिभूति कश्यप को एक ही वर्ष में दो रेट बकलर ट्रॉफी जीतने वाले दुनिया के एकमात्र सर्जन बनने के लिए सम्मानित किया है। रेट बकलर ट्रॉफी को अक्सर सर्जिकल रेटिना का 'ऑस्कर' कहा जाता है। इस पुरस्कार में आरएस ओवेन्स द्वारा बनाई गई आठ पाउंड वजनी, 24 कैरेट सोने की परत चढ़ी प्रतिमा वाली ट्रॉफी होती है। यह वही कंपनी है जो प्रतिष्ठित अकादमी पुरस्कारों की ट्राफियां बनाती है। अखिल भारतीय नेत्र रोग सोसाइटी (एआईओएस) के अध्यक्ष डॉ. पार्थ बिस्वास ने शनिवार रात यहां झारखंड नेत्र रोग सोसाइटी (जेओएस) के वार्षिक सम्मेलन में कहा, 'प्रतिष्ठित अमेरिकन सोसाइटी ऑफ रेटिना स्पेशलिस्ट में दो पुरस्कार जीतना एक बड़ी उपलब्धि है। हमें उन पर गर्व है।' एआईओएस के उपाध्यक्ष डॉ. मोहन राजन ने डॉ. कश्यप को भारतीय नेत्र विज्ञान का 'चमकता सितारा' करार दिया।

### निजी बस की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्तियों की मौत

**जयपुर:** राजस्थान के पाली जिले में रविवार सुबह एक मोटरसाइकिल सामने से आ रही निजी से टकरा गई जिससे दो पहिया वाहन सवार दो लोगों की मौत हो गई जबकि जबकि एक गंभीर घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। गुड़ा एंदला थाने के सहायक पुलिस निरीक्षक शिव नारायण ने बताया कि मृतकों की पहचान खौड़ निवासी गिरधारी (46) और श्रवण (38) के तौर पर हुई है। वहीं चांगवा गांव निवासी भैराराम जख्मी है। पुलिस ने बताया महाशिवरात्रि पर तीनों मोटरसाइकिल से परशुराम महादेव मंदिर दर्शन के लिए जा रहे थे और खौड़ से करीब एक किलोमीटर दूर मामाजी मंदिर के पास एक वाहन को ओवरटेक करने के दौरान उनकी मोटरसाइकिल सामने से आ रही निजी बस से टकरा गई।

## बलिया में दलित युवक की हत्या के आरोपी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

**बलिया (उप्र):** बलिया जिले के रसड़ा कोतवाली क्षेत्र में एक दलित युवक की हत्या के मामले में आरोपी पांच लोगों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार दो हत्यारोपी मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से घायल हो गए हैं। पुलिस ने बताया कि रसड़ा कस्बे के गुरगुजपुर के सत्य प्रकाश राम (30) शनिवार को अपराह्न घर आ रहे थे, तभी शराब के ठेके के पास उसका तीन लोगों से विवाद हो गया। इस विवाद के दौरान आरोपियों ने चाकू से वार कर सत्य प्रकाश की हत्या कर दी। इस मामले में सत्यप्रकाश के भाई ओम प्रकाश की शिकायत पर सवरा गांव के सुंदरम सिंह, राजा सिंह और उमाकांत पांडेय के विरुद्ध हत्या तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की सुसंगत धारा में नामजद मामला दर्ज किया गया है।

# मथुरा में बनेगा देश का पहला राष्ट्रीय गो-संस्कृति संग्रहालय



**मथुरा (उप्र):** उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद की पहल पर मथुरा स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय परिसर में देश का पहला राष्ट्रीय गो-संस्कृति संग्रहालय स्थापित किया जाएगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। आगरा के मंडलायुक्त नगेंद्र प्रताप ने बताया कि इसके लिए विश्वविद्यालय परिसर में ही भूमि चिह्नित कर ली गई है। उन्होंने बताया कि यह संग्रहालय गोवंश के धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व के साथ-साथ वैज्ञानिक दृष्टि से गाय और उसके उत्पादों की उपयोगिता को आम जनमानस तक पहुंचाएगा। मंडलायुक्त ने बताया कि परंपरा और विज्ञान के इस अनूठे संगम के माध्यम से गो-संरक्षण, गो-पालन और गो-आधारित जीवनशैली की समग्र समझ विकसित की जाएगी। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्र, मंडलायुक्त नगेंद्र प्रताप, जिलाधिकारी सीपी सिंह, मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष लक्ष्मी एन, परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सूरज पटेल, परिषद के पर्यावरण सलाहकार मुकेश शर्मा तथा विश्वविद्यालय के डॉ. अमित शुक्ला ने शनिवार को प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण कर परियोजना की रूपरेखा पर चर्चा की। मंडलायुक्त ने बताया कि संग्रहालय में डिजिटल और प्रतीकात्मक स्वरूप में गोवंश के लगभग 100 मॉडल प्रदर्शित किए जाएंगे जिनमें देश में पाई जाने वाली सभी प्रमुख गोवंशीय नस्लों के साथ-साथ लुप्तप्राय प्रजातियों को भी शामिल किया जाएगा, ताकि भावी पीढ़ी को भारत की समृद्ध गो-परंपरा का समग्र परिचय मिल सके।

### 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट एंड एक्सपो 2026' में अपनी तकनीक और क्षमता दिखाएंगे बिहार के इनोवेटर

**पटना:** दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में सोमवार से शुरू होने जा रहे 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट एंड एक्सपो 2026' में बिहार के इनोवेटर भी अपनी तकनीक और क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है। विज्ञप्ति में कहा गया है मंगलवार को सम्मेलन में राज्य के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी बिहार पैवेलियन का उद्घाटन करेंगे। विज्ञप्ति में कहा गया है कि सम्मेलन में बिहार की उपस्थिति ने दुनिया को यह संदेश दिया है कि यह राज्य पूर्वोत्तर भारत के आईटी हब के रूप में विकसित होने के मार्ग पर अग्रसर है। सम्मेलन में बिहार पैवेलियन को भारत मंडपम के हॉल 5-एफ में स्टॉल संख्या 8 और 12 में स्थापित किया गया है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि सम्मेलन के दौरान बिहार सरकार नवाचार एवं रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण घोषणा भी करेगी।

## न्यूज अपडेट

### बहुजन समाज और सपा के बीच संबंध मजबूत हो रहे: अखिलेश यादव



**लखनऊ:** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को कहा कि बहुजन समाज और सपा के बीच संबंध मजबूत हो रहे हैं तथा भविष्य में और भी गहरे होंगे। वह पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी समेत विभिन्न दलों के 15,000 से अधिक सदस्यों के सपा में शामिल होने के मौके पर बोल रहे थे। अपने संबोधन में यादव ने इसे 'पीडीए का प्रेम प्रसार समारोह' बताते हुए कहा कि यह कार्यक्रम लोगों के बीच भाईचारा तथा आपसी सहयोग को मजबूत करेगा। यादव ने 2022 के विधानसभा चुनावों के दौरान पिछड़े, दलितों और अल्पसंख्यकों समुदाय को साधने के लिए 'पीडीए' शब्द गढ़ा था। उन्होंने कहा, 'शांति और प्रगति पीडीए की नींव पर टिकी है। सामाजिक एकता सकारात्मक और प्रगतिशील राजनीति की सबसे बड़ी उपलब्धि है और इसीलिए हमने इसे पीडीए नाम दिया है।'

### मथुरा में लठामार होली के लिए मेला परिसर को सात जोन व 18 सेक्टरों बांटा गया

**मथुरा (उप्र):** उत्तर प्रदेश मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने रविवार को बताया कि मथुरा जिले में विश्व विख्यात लठामार होली के अवसर पर यहां आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए कस्बे के मेला परिसर को सात जोन व 18 सेक्टरों में बांटा गया है। मथुरा में होली की इस अनूठी परंपरा को विभिन्न नामों से जाना जाता है। इसे बरसाना में 'लठामार होली', गोकुल में 'छड़ीमार होली' और बलदेव में 'हुरंगा' के नाम से जाना जाता है, जिसमें महिलाएं खेल-खेल में पुरुषों को लाठियों या 'छड़ी' से पीटती हैं, जो भगवान कृष्ण के बचपन में गोपियों के साथ की गई शरारतों का पुनर्मंचन है। गन्ना विकास एवं चीनी मिलें मंत्री चौधरी ने 'रंगोत्सव-2026' की तैयारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता के बाद बताया कि 24 फरवरी को बरसाना के लाडिलीजी मंदिर में फाग आमंत्रण एवं लडडू होली, 25 फरवरी को लठामार होली, 26 फरवरी को नन्दगांव व रावल में लठामार होली, 27 फरवरी को श्रीकृष्णजन्म स्थान मंदिर एवं वृन्दावन के बांकेबिहारी मन्दिर में रंगों की होली तथा द्वारिकाधीश मंदिर में कुंज की होली और एक मार्च को गोकुल में छड़ीमार होली का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि तीन मार्च को फाल्गुन पूर्णिमा के अवसर पर मथुरा में चतुर्वेदी समाज का डोला निकलेगा तथा होलिका दहन किया जाएगा और चार मार्च को जनपद भर में धूलेंडी का पर्व मनाया जाएगा। मंत्री ने कहा कि इसके बाद पांच मार्च को बलदेव व जाब गांव में हुरंगा व मुखराई एवं नन्दगांव में चरकुला व हुरंगा का आयोजन किया जाएगा।

### बाराबंकी में तीन बाइकों की टक्कर में छह लोग घायल हो गए

**बाराबंकी (उप्र) :** बाराबंकी जिले के रामनगर थाना क्षेत्र के दल सराय गांव के पास रविवार को तीन मोटरसाइकिलों की आपस में हुई भिड़ंत में दो पुलिस कांस्टेबलों सहित छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घायलों को एम्बुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रामनगर ले जाया गया, जहां से उनकी नाजुक स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। उनके अनुसार, श्रावस्ती जिले के निवासी मनीष मिश्रा (20) रामनगर क्षेत्र के लोधेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन करने के बाद अनीता (25) के साथ अपनी मोटरसाइकिल से लौट रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि दल सराय गांव के पास, तेज रफ्तार मोटरसाइकिल का संतुलन बिगड़ गया और वह आगे चल रहे एक अन्य दोपहिया वाहन से टकरा गई। दूसरी मोटरसाइकिल पर सवार अजीत (23) और सनी (20) भी मंदिर दर्शन के बाद लौट रहे थे। वे उन्नाव जिले के निवासी हैं।

### आरजीएचएस में अनियमितताओं पर बड़ी कार्रवाई, आठ और कार्मिक निलंबित

**जयपुर :** राजस्थान सरकार ने स्वास्थ्य योजना (आरजीएचएस योजना) में गंभीर अनियमितताओं के आरोप में आठ कार्मिकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। चिकित्सा विभाग ने बयान जारी कर बताया कि आरजीएचएस योजना के सुचारू संचालन के लिए नियम एवं प्रक्रियाओं में जरूरी बदलाव के साथ ही लगातार अनियमितताओं पर अंकुश लगाने के लिए सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसमें कहा गया है कि अब तक अनियमितताओं के प्रकरणों में करीब 19 प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है और अस्पतालों, फार्मेसी एवं अन्य हितधारकों से करीब 39 करोड़ रुपये की रिकवरी की गई है।

### भारत-अमेरिका समझौते से किसानों और छोटे व्यापारियों पर पड़ेगा असर: पायलट

**जयपुर :** कांग्रेस ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर रविवार को सवाल उठाए और आरोप लगाया कि यह भारतीय किसानों, विशेषकर कपास और सोयाबीन की खेती करने वाले किसानों के लिए हानिकारक है। कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने कहा कि इस समझौते ने कई चिंताएं पैदा की हैं और इसका असर किसानों और छोटे व्यापारियों पर पड़ेगा। उन्होंने राज्य कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों से कहा, अमेरिका और भारत के बीच हुआ यह समझौता कई सवाल खड़े करता है। लोगों को जागरूक होना चाहिए। इसका असर खासकर सोयाबीन और कपास किसानों के भविष्य पर पड़ेगा और उन्हें नुकसान होगा। वह यहां महिला कांग्रेस कार्यक्रम के दौरान मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी लगातार संसद के भीतर और बाहर इस मुद्दे को उठा रहे हैं। पायलट ने कहा, मुझे खेद है कि किसी भी सरकार ने, चाहे वह किसी भी दल की रही हो, छोटे व्यापारियों, किसानों और युवाओं के भविष्य से इस तरह से खिलवाड़ नहीं किया।

## बुर्का पहनी महिला 'मन्नत' पूरी होने पर कांवड़ लेकर संभल पहुंची



**संभल (उप्र):** संभल जिले में मुस्लिम महिला तमन्ना मलिक का उनके घर लौटने पर 'हर-हर महादेव' के जयघोष के साथ स्वागत किया गया। वह अपनी मन्नत पूरी होने पर हरिद्वार से 170 किलोमीटर से अधिक की कांवड़ यात्रा कर गंगाजल लेकर लौटीं हैं। रविवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर, बुर्का पहनी मलिक ने संभल के क्षेमनाथ मंदिर में भगवान शिव का गंगाजल से अभिषेक किया। बदनपुर बसई गांव की निवासी तमन्ना ने साढ़े तीन साल पहले इसी गांव के हिंदू युवक अमन त्यागी से शादी की थी। इस दंपति के दो बेटे-- दो वर्षीय आर्यन और एक वर्षीय दक्ष हैं। इससे पहले, जब उनके विवाह में बाधाएं आ रही थीं, तब मलिक ने मन्नत मांगी थी कि यदि उनकी शादी त्यागी से हो जाती है, तो वह 'जलाभिषेक' करेंगी। यह जोड़ा गांव से चला गया था और विवाह करने के बाद एक साल पहले ही घर वापस लौटा है। मलिक ने संभल में पत्रकारों से कहा, मेरे पति ने मेरा पूरा सहयोग किया है और कई स्थानों पर लोगों ने फूल बरसाकर मेरा स्वागत किया। सनातन धर्म के लोगों ने कई जगहों पर हमारा स्वागत किया और जो लोग विरोध कर रहे हैं वे अज्ञानी हैं। हमें उन पर ध्यान देने की क्या जरूरत है। अपने पहनावे को लेकर उन्होंने कहा, मैं पहले भी बुर्का पहनती थी, अब किसी को इससे क्या समस्या है? मलिक 10 फरवरी को अपने पति के साथ हरिद्वार गई थीं और अगले दिन अपने गांव लौट आई थीं।

### नेहरू का 1954 में स्पीकर को हटाने पर चर्चा के दौरान कांग्रेस सांसदों को संदेश: 'व्हिप से नहीं बंधें'

**नयी दिल्ली :** भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने 1954 में विपक्ष द्वारा तत्कालीन लोकसभा अध्यक्ष जीवी मावलंकर को हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान कांग्रेस सांसदों को संदेश दिया था कि वे किसी भी 'व्हिप' या निर्देश से बंधे नहीं हैं। उन्होंने सभी सांसदों से 'दलीय संबद्धता की परवाह किए बिना' इस मामले पर विचार करने का आग्रह किया था।

### मुंबई: उद्धव ठाकरे के बेटे तेजस को बुखार के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया

**मुंबई :** शिवसेना (उबाठा) प्रमुख उद्धव ठाकरे के छोटे बेटे, जो एक प्राणी विज्ञानी हैं, को बुखार के कारण मुंबई के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पार्टी के एक पदाधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पदाधिकारी ने बताया कि तेजस की हालत में सुधार हो रहा है और उन्हें जल्द ही छुट्टी मिलने की संभावना है। पदाधिकारी ने बताया कि उन्हें तीन दिन पहले बुखार के कारण निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। तेजस 'ठाकरे वन्यजीव फाउंडेशन' के प्रमुख हैं जिसे कई प्रजातियों की खोज (खासकर पश्चिमी घाट में) करने का श्रेय मिला है।

### कर्नाटक में सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत

**बेंगलुरु :** बेंगलुरु के बाहरी इलाके नेलमंगला के पास एक कार और केएसआरटीसी बस की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना शनिवार आधी रात को हुई, जब बेंगलुरु की ओर जा रही कार कथित तौर पर डिवाइडर से टकराकर विपरीत लेन में चली गई और सामने से आ रही बस से जा टकराई। पुलिस के मुताबिक, दुर्घटना इतनी भीषण थी कि कार सवार चारों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। अधिकारियों को संदेह है कि कार तेज गति से जा रही होगी और चालक ने नियंत्रण खो दिया होगा, जिसके कारण दुर्घटना हुई। दुर्घटना में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मृतकों की उम्र 17 से 22 वर्ष है, ये डोड्डाबल्लापुरा के निवासी थे।

### कश्मीर में श्रद्धापूर्वक मनाई गई महाशिवरात्रि

**श्रीनगर :** कश्मीर में 'हेरथ' के नाम से प्रसिद्ध महाशिवरात्रि का पर्व रविवार को पूरे घाटी में श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कश्मीरी पंडितों ने मंदिरों में जाकर पूजा-अर्चना की। सबसे बड़ा जमावड़ा डल झील पर स्थित शंकराचार्य मंदिर में देखा गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और पर्यटकों ने मंदिर पहुंचकर भगवान को फूल और फल अर्पित किए तथा उनका आशीर्वाद लिया। घाटी के अन्य मंदिरों में भी यह पर्व श्रद्धा के साथ मनाया गया। 'हेरथ' का अर्थ 'हर (भगवान शिव) की रात' है और यह कश्मीरी पंडित समुदाय का एक प्रमुख त्योहार है। यह फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी को मनाया जाता है। 'हेरथ' की एक प्रमुख परंपरा में मिट्टी के पात्रों में अखरोट भिगोए जाते हैं, जो उर्वरता, समृद्धि और दिव्य आशीर्वाद का प्रतीक माने जाते हैं। बिहार से आई पर्यटक पूजा ने कहा, यह पर्व बिहार और अन्य राज्यों में भी उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस अवसर पर यहां आकर हम खुद को धन्य महसूस कर रहे हैं।

### अमर कॉलोनी में महिला की लाश मिली, सिर और अन्य अंगों पर चोट के निशान

**नयी दिल्ली :** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के अमर कॉलोनी इलाके में एक महिला का शव मिला है, जिसके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों पर चोट के निशान हैं। महिला को तत्काल अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।पुलिस ने बताया कि हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है। उसने बताया कि शनिवार तड़के ज्योति नगर पुलिस थाना क्षेत्र में एक घायल महिला के बारे में सूचना मिलने पर पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि महिला को गुरु तेग बहादुर (जीटीबी)अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## राहुल गांधी अमेरिका-यूरोपीय संघ के साथ व्यापार समझौतों को लेकर झूठ फैला रहे हैं: शाह



**गांधीनगर :** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को कांग्रेस और उसके नेता राहुल गांधी पर अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के साथ भारत के व्यापार समझौतों को लेकर किसानों को गुमराह करने और झूठ फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने रेखांकित किया कि सरकार ने देश के कृषि और दुग्ध उत्पादन क्षेत्रों की पूरी तरह से सुरक्षा की है। शाह ने व्यापार समझौतों से भारतीय किसानों को नुकसान पहुंचने के विपक्षी दल के आरोपों को ''हास्यास्पद'' बताया। उन्होंने कहा, ''जब कांग्रेस के शहजादे राहुल गांधी संसद में खड़े होकर किसानों की सुरक्षा की बात करते हैं तो मुझे हंसी आती है। कांग्रेस का देश को गुमराह करने का एक लंबा इतिहास रहा है और अब वे व्यापार समझौतों को लेकर झूठ फैला रहे हैं।'' शाह भारत की पहली केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) आधारित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) की शुरुआत करने के बाद गांधीनगर में एक सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी सरकार ने हर समझौते में किसानों के हितों की पूरी सुरक्षा सुनिश्चित की है। केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा, ''राहुल गांधी झूठ फैला रहे हैं कि यूरोपीय संघ, इंग्लैंड और अमेरिका के साथ व्यापार समझौते हमारे किसानों को नुकसान पहुंचाएंगे और हमारे डेयरी उद्योग को खत्म कर देंगे। मैं इस देश के किसानों, पशुपालकों और मछुआरों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा हस्ताक्षरित प्रत्येक समझौते में उनके हितों की पूरी तरह से रक्षा की गई है। चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है।'' उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों के कार्यकाल में भारतीय कृषि के लिए हानिकारक समझौते किए गए थे और प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 में पदभार संभालते ही ऐसे प्रावधानों को रद्द कर दिया।

### 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट': पहले दिन प्रवेश पर प्रतिबंध, 17 फरवरी से सभी के लिए खुलेगी प्रदर्शनी

**नयी दिल्ली :** 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' में प्रवेश पर कार्यक्रम के पहले दिन कुछ प्रतिबंध होंगे और इसके साथ आयोजित होने वाली प्रदर्शनी 17 फरवरी से सभी के लिए खुलेगी। रविवार को जारी एक आधिकारिक परामर्श में यह जानकारी दी गई।'इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026' के लिए तैयारियां अंतिम चरण में हैं और जोरों पर हैं।इस कार्यक्रम का उद्घाटन भारत मंडपम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सोमवार शाम को किया जाएगा।परामर्श में कहा गया, भारत मंडपम प्रदर्शनी क्षेत्र 16 फरवरी को बंद रहेगा (उद्घाटन शाम पांच बजे) और प्रदर्शनी 17 फरवरी से सभी के लिए खुलेगी।इस प्रदर्शनी में 13 देशों के पवेलियन भी होंगे, जो कृत्रिम मेधा क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को प्रदर्शित करेंगे।

## प्रधानमंत्री 16 फरवरी को 'इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो' का उद्घाटन करेंगे

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को भारत मंडपम में 'एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026' का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने यह जानकारी दी। पीएमओ ने एक बयान जारी कर बताया कि 'इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026' का आयोजन 16 से 20 फरवरी तक भारत मंडपम में 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' के साथ किया जाएगा। यह एक्सपो एआई के व्यावहारिक प्रदर्शन का एक राष्ट्रीय मंच होगा, जहां नीति व्यवहार से मिलेगी, नवाचार व्यापक स्तर पर लागू होगा और प्रौद्योगिकी आम नागरिक तक पहुंचेगी। बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री मोदी 16 फरवरी को शाम पांच बजे भारत मंडपम में 'इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026' का उद्घाटन करेंगे। यह एक्सपो 70,000 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र में फैले 10 एरेना में आयोजित होगा, जो वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनियों, स्टार्टअप, शिक्षाविदों और अनुसंधान संस्थानों, केंद्रीय मंत्रालयों, राज्य सरकारों और अंतरराष्ट्रीय भागीदारों को एक साथ लाएगा। इस एक्सपो में एआई तंत्र में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को प्रदर्शित करने वाले 13 देशों के मंडप भी होंगे। इनमें ऑस्ट्रेलिया, जापान, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड, स्विट्जरलैंड, सर्बिया, एस्टोनिया, ताजिकिस्तान और अफ्रीका के पवेलियन शामिल हैं। इस एक्सपो में 300 से अधिक चुनिंदा प्रदर्शनी मंडप और लाइव प्रदर्शन होंगे जिन्हें तीन मुख्य विषयों – लोग, ग्रह और उन्नति – के आधार पर तैयार किया गया है। इसके अलावा एक्सपो में 600 से अधिक उच्च क्षमता वाले स्टार्टअप शामिल होंगे, जिनमें से कई वैश्विक स्तर पर प्रासंगिक और जनसंख्या-स्तरीय समाधान कर रहे हैं।

**भारत-अमेरिका व्यापार समझौता**

### सिद्धरमैया ने किसानों को लेकर प्रधानमंत्री मोदी से किया सवाल



**बेंगलुरु :** भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते के प्रभाव को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से जवाब मांगते हुए कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने रविवार को कहा कि देश के किसान 'सौदेबाजी के मोहरे नहीं, बल्कि राष्ट्र की जीवनरेखा हैं'। उन्होंने प्रधानमंत्री से आग्रह किया कि वे 'भारत के हितों से समझौता न करें, राजनीतिक लाभ के लिए किसानों का सौदा न करें अथवा विदेशी दबाव के आगे न झुकें।'मुख्यमंत्री की ये टिप्पणी कांग्रेस नेता राहुल गांधी के समर्थन में आई, जिससे व्यापार समझौते को लेकर केंद्र सरकार पर विपक्ष का हमला और तेज हो गया है।सिद्धरमैया ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कई सवाल पूछते हुए दावा किया कि भारतीय किसानों के साथ 'धोखा' किया जा रहा है।मुख्यमंत्री ने कहा, ''भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का हमारे किसानों, दुग्ध उद्योग, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) प्रणाली और भारत की दीर्घकालिक कृषि स्वतंत्रता पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में राहुल गांधी द्वारा उठाई गई चिंताओं का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा स्पष्ट और ईमानदार जवाब दिया जाना चाहिए।

### भारत-ब्रिटेन की शिक्षा, संस्कृति क्षेत्रों में साझा महत्वाकांक्षाएं:ब्रिटिश काउंसिल की भारत प्रमुख

**नयी दिल्ली :** भारत और ब्रिटेन की शिक्षा, संस्कृति और रचनात्मक अर्थव्यवस्था के क्षेत्रों में ''साझा महत्वाकांक्षाएं और लक्ष्य'' हैं, और दोनों देश समावेशी विकास और युवाओं के लिए अवसरों की दिशा में एक साथ आगे बढ़ सकते हैं। यह राय नयी दिल्ली स्थित ब्रिटिश काउंसिल की प्रमुख एलिसन बैरेट ने व्यक्त की है। ब्रिटिश काउंसिल की भारत में प्रमुख बैरेट ने यहां आयोजित किये जा रहे 'एआई इम्पैक्ट समिट-2026' से पहले 'पीटीआई-भाषा' को दिए एक विशेष साक्षात्कार में कहा कि पिछले तीन वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय साझेदारी में वास्तव में 'बहुत मजबूती' आई है। उन्होंने विस्तार से बताए बिना कहा, ''हम ब्रिटेन के सांस्कृतिक संबंध संगठन हैं, और आगामी एआई शिखर सम्मेलन में एक पैवेलियन स्थापित करने की योजना बनाई गई है। हम इसके शैक्षिक और सांस्कृतिक घटकों का संचालन करेंगे।'' प्रौद्योगिकी, एआई और रचनात्मक अर्थव्यवस्था के क्षेत्रों में काम करने वाले विभिन्न संगठनों के प्रमुख और कई वैश्विक नेता 16 से 20 फरवरी तक होने वाले 'इंडिया एआई इम्पैक्ट-2026' में हिस्सा लेंगे। बैरेट ने हाल में कहा था कि इस वर्ष ब्रिटेन के आठ विश्वविद्यालय भारत में अपने परिसर खोलेंगे। उन्होंने कहा, ''साउथम्पटन विश्वविद्यालय ने गुरुग्राम में पहले ही अपना परिसर खोल दिया है (जुलाई 2025 में), और यह विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशानिर्देशों के तहत परिसर खोलने की मंजूरी प्राप्त करने वाला पहला विश्वविद्यालय है। ब्रिटेन के अन्य आठ विश्वविद्यालयों को भी मंजूरी पत्र प्राप्त हो चुका है।'' बैरेट ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''गुजरात के 'गिफ्ट सिटी' में ब्रिटेन के तीन विश्वविद्यालय खुल रहे हैं, कर्नाटक के बेंगलुरु में लिवरपूल विश्वविद्यालय और लैंकेस्टर विश्वविद्यालय के परिसर खुल रहे हैं जबकि मुंबई में यॉर्क विश्वविद्यालय, एबरडीन विश्वविद्यालय और ब्रिस्टल विश्वविद्यालय अपने परिसर खोलने जा रहे हैं।'' ब्रिटिश काउंसिल के मुताबिक, एबरडीन विश्वविद्यालय और ब्रिस्टल विश्वविद्यालय 2026 की गर्मियों तक आधिकारिक तौर पर अपने परिसरों को खोल सकते हैं।

### प्रियंका गांधी का असम दौरा 18 फरवरी से, पार्टी बैठकों में होंगी शामिल

**गुवाहाटी :** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा 18 फरवरी से असम के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगी और इस दौरान पार्टी की कई बैठकों में शामिल होंगी। कांग्रेस की प्रदेश इकाई के एक नेता ने रविवार को यह जानकारी दी। असम में आगामी कुछ महीने में विधानसभा चुनाव होने की संभावना है और इसके मद्देनजर प्रियंका गांधी का यह दौरा काफी अहम माना जा रहा है। कांग्रेस महासचिव एवं सांसद प्रियंका गांधी आगामी असम विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी की स्क्रीनिंग कमेटी की अध्यक्ष हैं। कांग्रेस की असम इकाई के महासचिव (संगठन) बिपुल गोगोई ने एक बयान में कहा कि वाद्रा इन दो दिनों के दौरान कांग्रेस के विभिन्न पदाधिकारियों के साथ कई बैठकें करेंगी। उन्होंने बताया कि प्रियंका गांधी राजनीतिक मामलों की समिति, विधायकों, जिला अध्यक्षों, विधायक दल के नेता, कार्यकारी अध्यक्षों, सांसदों, विभिन्न प्रकोष्ठ प्रमुखों और बूथ समिति प्रमुखों आदि के साथ अलग-अलग बैठकें करेंगी। गोगोई ने बताया कि वाद्रा 19 फरवरी की शाम को दिल्ली के लिए रवाना होंगी। असम विधानसभा के 126 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए चुनाव इस साल मार्च-अप्रैल में होने की संभावना है। कांग्रेस कई अन्य विपक्षी दलों के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है।

### संसद में आवारा कुत्ता लाने से संबंधित मामले में रेणुका चौधरी को विशेषाधिकार हनन का नोटिस

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस नेता और राज्यसभा सदस्य रेणुका चौधरी को अपनी कार में एक आवारा कुत्ते को संसद परिसर में लाने और सांसदों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया गया है। सूत्रों के अनुसार, राज्यसभा की विशेषाधिकार समिति ने चौधरी के खिलाफ एक शिकायत पर संज्ञान लिया है और 23 फरवरी तक आरोपों का जवाब देने के लिए कहा है। संसद के पिछले शीतकालीन सत्र के दौरान, एक दिसंबर को चौधरी आवारा कुत्ते को अपनी कार में संसद लेकर आई थीं और जब कुछ सदस्यों ने आपत्ति जताई, तो उन्होंने कथित तौर पर कहा था कि अंदर बैठे लोग काटते हैं, कुत्ते नहीं। सूत्रों ने बताया कि भाजपा सांसद बृजलाल और इंदु बाला गोस्वामी ने चौधरी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया, जिसे राज्यसभा के सभापति ने विशेषाधिकार समिति को भेज दिया। समिति ने पिछले सप्ताह हुई अपनी बैठक में इस मामले पर गौर किया और चौधरी से लिखित जवाब मांगा। भाजपा के दोनों सांसदों ने संसद सदस्यों के खिलाफ अपमानजनक और मानहानिकारक बयान देने के आरोप में राज्य परिषद कार्य संचालन और प्रक्रिया नियमों के नियम 188 के तहत चौधरी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी।

### दिल्ली में कारोबारी की हत्या के मामले में पांच लोग गिरफ्तार, बिश्नोई गिरोह के दावे की जांच जारी

**नयी दिल्ली :** उत्तरी दिल्ली के बाहरी इलाके में स्थित बवाना औद्योगिक क्षेत्र में हाल ही में 35 वर्षीय व्यवसायी की हत्या के सिलसिले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस का कहना है कि हत्या एक लूट की साजिश का हिस्सा थी, जबकि जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के गिरोह के नाम पर वारदात की जिम्मेदारी लेने वाले सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक पोस्ट की जांच अभी जारी है। 'प्लास्टिक दाना' निर्माता वैभव गांधी की नौ फरवरी को बावना के डीएसआईआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र के सेक्टर चार स्थित उनके कारखाने के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि हमलावर उनकी कार के पास पहुंचे, उन पर गोली चलाई और उनका लैपटॉप, फोन और दस्तावेजों से भरा बैग लेकर फरार हो गए। गांधी को महर्षि वाल्मीकि अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। बाद में उनकी गाड़ी से लगभग एक करोड़ रुपये नकद बरामद हुए। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने गांधी को लूटने की साजिश रची थी। इनमें से एक व्यक्ति, जो पहले वित्तीय लेन-देन के लिए उनके कार्यालय गया था, ने गिरोह को नकदी की उपलब्धता के बारे में सूचना दी थी। अधिकारियों ने बताया कि साजिशकर्ताओं ने हमले को अंजाम देने से पहले इलाके की कई बार रेकी की थी। जांच के दौरान कथित मुख्य साजिशकर्ता संजय उर्फ ताऊ (54) और मुखबिर रविंदर उर्फ रवि (42) को सुल्तानपुरी से गिरफ्तार किया गया। दो अन्य आरोपी संदीप उर्फ पुजारी (28) और हरीश कुमार उर्फ सोनू (45) को बाद में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि पांचवें आरोपी अरुण उर्फ पागल (37), जो एक बस परिचालक है, को शुक्रवार रात करीब 11.30 बजे तब गिरफ्तार किया गया जब उसने कथित तौर पर बिना नंबर प्लेट वाली चोरी की मोटरसाइकिल पर सवार होकर भागने की कोशिश की और पुलिस टीम पर गोली चलाई। पुलिस की जवाबी गोलीबारी में उसके पैर में गोली लगी जिसके बाद उसे काबू कर लिया गया।

### 'संदेशे आते हैं': गोवा मूल के ऑस्ट्रेलियाई गायक ने 'मातृभूमि' भारत में दी प्रस्तुति

**नयी दिल्ली :** गोवा में जन्मे ऑस्ट्रेलियाई गायक रूबेन डी मेलो ने करीब दो दशक पहले भारत छोड़कर ऑस्ट्रेलिया चले गए थे। उन्होंने संगीत में करियर बनाने के लिए इंजीनियरिंग की पढ़ाई भी छोड़ दी थी। मेलो ने काफी संघर्ष के बाद रचनात्मक क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। पर्थ शहर में रहने वाले गायक एवं गीतकार ने 2024 में गायन प्रतियोगिता 'द वॉइस ऑस्ट्रेलिया' का खिताब भी जीता था। यहां ऑस्ट्रेलियाई उच्चायोग में आयोजित 'गिग ऑन द ग्रीन' में शुक्रवार की रात को डी मेलो और ऑस्ट्रेलिया में जन्मीं भारतीय मूल की संगीतकार मिलान रिंग ने प्रस्तुति दी। इस कार्यक्रम में शामिल हुए ऑस्ट्रेलियाई राजदूत फिलिप ग्रीन ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया की बेहतरीन संस्कृति और कला को भारत में लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, ''हम ऑस्ट्रेलिया में भारत की संस्कृति और कला का स्वागत करते हैं।'' ऑस्ट्रेलियाई राजदूत फिलिप ग्रीन ने कार्यक्रम से इतर 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''ऑस्ट्रेलिया में अब 10 लाख से अधिक भारतीय मूल के लोग हैं। यह हमारे देश में सबसे तेजी से बढ़ने वाला समुदाय है, और वे हमारे समाज में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। हम चाहते हैं कि वे द्विपक्षीय संबंधों के लिए भी बेहतरीन काम करें।''

### रायपुर में गेट परीक्षा में नकल करने के प्रयास के आरोप में छह लोग गिरफ्तार

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में रविवार को ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग (गेट) परीक्षा में नकल करने की कोशिश करने के आरोप में कुछ अभ्यर्थियों सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि उनके पास से आठ मोबाइल फोन, चार ब्लूटूथ-सक्षम उपकरण, तीन ब्लूटूथ इयरपीस और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए कुछ लोग परीक्षा दे रहे थे। उन्होंने बताया कि वे प्रश्नों को पढ़कर सुनाते थे, जबकि उनके साथी उत्तर ढूंढकर उन्हें वापस बताते थे। गेट एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा है। यह परीक्षा अभ्यर्थियों की इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी, विज्ञान, वाणिज्य, कला, वास्तुकला और मानविकी जैसे विभिन्न स्नातक स्तरीय विषयों की व्यापक समझ का आकलन करती है। अधिकारी ने बताया, एक गुप्त सूचना के आधार पर, पुलिस ने डीडी नगर पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत परीक्षा केंद्र के आसपास सावधानीपूर्वक निगरानी रखी। उन्होंने कुछ व्यक्तियों को संदिग्ध परिस्थितियों में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाते हुए देखा।

### दिल्ली सरकार ने 72 वरिष्ठ अधिकारियों का तबादला किया

**नयी दिल्ली :** दिल्ली सरकार ने प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 72 वरिष्ठ अधिकारियों का तबादला किया है। इन अधिकारियों में एजीएमयूटी कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी भी शामिल हैं, जिन्हें विभिन्न विभागों में अतिरिक्त प्रभार दिए गए हैं।सेवा विभाग द्वारा शनिवार को जारी आदेश के अनुसार, अरुणाचल प्रदेश-गोवा-मिजोरम एवं संघ राज्य क्षेत्र (एजीएमयूटी) कैडर के 36 आईएएस अधिकारियों को या तो अतिरिक्त जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं या विभिन्न विभागों में स्थानांतरित किया गया है।इस फेरबदल में 36 दानिक्स (दिल्ली, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह सिविल सेवा) अधिकारियों को भी शामिल किया गया है।संतोष डी. वैद्य (आईएएस, 1998) को प्रधान सचिव (गृह) नियुक्त किया गया है। वे वित्त, योजना और उद्योग विभागों का अतिरिक्त प्रभार भी संभालेंगे।वर्तमान में अतिरिक्त मुख्य सचिव (समाज कल्याण) का पदभार संभाल रहे बिपुल पाठक (आईएएस, 1992) को अनुसूचित जाति/जनजाति/पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डूसिब) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रुपेश कुमार ठाकुर (आईएएस, 2006) को सचिव (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण) नियुक्त किया गया है। वे निखिल कुमार (आईएएस, 2002) का स्थान लेंगे, जिन्हें आयुक्त (व्यापार एवं कर) बनाया गया है।

### सरकार गैर निर्धारित विमानन परिचालकों और अनियंत्रित हवाई क्षेत्रों का 'गहन अध्ययन' कर रही है: नायडू




**नयी दिल्ली :** नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने कहा कि सरकार गैर-निर्धारित ऑपरेटर और अनियंत्रित हवाई पट्टियों द्वारा किए जा रहे उड़ान संचालन का गहन अध्ययन कर रही है, ताकि यह देखा जा सके कि किन क्षेत्रों में कदम उठाने की आवश्यकता है। गत 28 जनवरी को वीएसआर वेंचर्स के स्वामित्व वाले 'लियरजेट 45' विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद गैर-निर्धारित परिचालकों के उड़ान संचालन नियामक जांच के घेरे में आ गए हैं। इस दुर्घटना में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार और चार अन्य लोगों की मौत हो गई थी। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने इस महीने की शुरुआत में ही एनएसओपी का एक विशेष सुरक्षा ऑडिट शुरू कर दिया है। नायडू ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि नागर विमानन मंत्रालय एनएसओपी के साथ-साथ अनियंत्रित हवाई पट्टियों का भी 'गहन अध्ययन' कर रहा है। उन्होंने कहा कि एनएसओपी और अनियंत्रित हवाई पट्टियों के संबंध में जहां भी सुधार की आवश्यकता होगी, उन पहलुओं की जांच की जाएगी। इस साल, 28 जनवरी को लियरजेट 45 विमान बारामती हवाई अड्डे के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। एनएसओपी आमतौर पर वे संस्थाएं होती हैं, जिनकी उड़ानों की कोई निश्चित समय-सारणी नहीं होती और वे मुख्य रूप से विशेष उड़ानों का संचालन करती हैं। बारामती एक अनियंत्रित हवाई पट्टी है, जहां यातायात संबंधी जानकारी वहां मौजूद उड़ानों का प्रशिक्षण देने वाले संस्थानों के प्रशिक्षकों या पायलटों द्वारा प्रदान की जाती है।

### ओडिशा के श्मशान घाट से पांच ग्रामीणों के शव गायब, जांच के आदेश

**भद्रक (ओडिशा) :** ओडिशा के भद्रक जिले में एक श्मशान घाट से कथित तौर पर पांच ग्रामीणों के शव गायब किए जाने का मामला सामने आया है। इसके बाद अधिकारियों ने विस्तृत जांच के आदेश दिए हैं। एक पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।पुलिस ने बताया कि तटीय जिले के भंडारीपोखरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत बैतरणी नदी के किनारे स्थित मणिनाथपुर गांव के श्मशान घाट में बृहस्पतिवार रात को शव गायब पाए गए। भंडारीपोखरी थाने की प्रभारी निरीक्षक (आईआईसी) राजलक्ष्मी नायक ने कहा, मुझे रविवार को मणिनाथपुर गांव के ग्रामीणों से गांव के श्मशान घाट से पांच शवों के गायब होने की शिकायत मिली है।नायक के अनुसार, गायब किए गए शव खगेश्वर सामल, हताबंधु बेउरिया, कार्तिक नायक, सरस्वती बेहरा और कालंदी बेहरा के थे। उन्होंने बताया कि इन सभी की मौत पिछले दो महीनों में हुई थी।

## जीएसटी दरों में हालिया सुधार से कैंसर का इलाज किफायती होने की संभावना: एम्स शोधकर्ता




**नयी दिल्ली :** हाल ही में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में किए गए बदलाव कैंसर उपचार को अधिक किफायती और सुलभ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण नीतिगत बदलाव का संकेत देते हैं। एम्स के शोधकर्ताओं ने यह बात कही है। इन सुधारों में कर संरचना को सरल बनाना, दवाओं और चिकित्सा उपकरणों पर कर हटाना तथा तंबाकू उत्पादों पर कर में वृद्धि शामिल है। दिल्ली में स्थित एम्स के डॉ. बीआर अंबेडकर इंस्टीट्यूट रोटरी कैंसर अस्पताल के रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग के ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. अभिषेक शंकर और वैज्ञानिक डॉ. वैभव साहनी ने 'फ्रंटियर' में प्रकाशित एक टिप्पणी में कहा कि इन सुधारों के दौरान कैंसर मरीजों की आर्थिक समस्याओं का ध्यान रखा गया है और उपचार खर्च की वहनीयता से जुड़ी लंबे समय से चली आ रही खामियों को दूर करने का प्रयास किया गया। शोधकर्ताओं ने उल्लेख किया कि जीएसटी परिषद ने अपनी 56वीं बैठक में कैंसर उपचार में उपयोग होने वाली दवाओं समेत 33 जीवनरक्षक दवाओं को जीएसटी से पूर्णतः छूट देने की सिफारिश की। इन दवाओं पर पहले 12 प्रतिशत जीएसटी लगता था, जिसे अब शून्य कर दिया गया है। इसके अलावा, दुर्लभ बीमारियों और कैंसर के उपचार में इस्तेमाल होने वाली तीन महत्वपूर्ण दवाओं पर पहले पांच प्रतिशत जीएसटी था, जिसे घटाकर शून्य कर दिया गया है। जीएसटी परिषद ने व्यक्तिगत स्वास्थ्य और जीवन बीमा पॉलिसियों पर भी जीएसटी नहीं लगाने की सिफारिश की। इन पॉलिसियों पर पहले 18 प्रतिशत जीएसटी लागू था। शोधकर्ताओं ने कहा कि इस नीतिगत सुधार का एक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि इसमें कुछ ऐसी पेटेंट दवाएं भी शामिल हैं, जिनका कोई जेनेरिक विकल्प उपलब्ध नहीं है। एक अन्य महत्वपूर्ण कदम के तहत, परिषद ने तंबाकू उत्पादों पर कर स्लैब बढ़ाकर 40 प्रतिशत करने की भी सिफारिश की है, जो देश में किसी भी वस्तु वर्ग के लिए सबसे अधिक है। हालांकि, तंबाकू और उससे संबंधित उत्पाद 28 प्रतिशत के कर स्लैब के तहत ही रहेंगे, जब तक कि ऋण और मुआवजा उपकर का भुगतान नहीं हो जाता।

### भारत का सभ्यतागत ज्ञान एकता का मार्ग दिखाता है : उपराज्यपाल

**जम्मू :** उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने विश्व भर में गहराते आर्थिक एवं रणनीतिक विभाजन के बीच रविवार को कहा कि भारत का शाश्वत सभ्यतागत ज्ञान शांति, सद्भाव और सामूहिक कल्याण में निहित एकता का दृष्टिकोण प्रदान करता है।सिन्हा ने लोगों से सामाजिक परिवर्तन के लिए शक्ति का इस्तेमाल करने और एक समृद्ध भारत के लिए खाका तैयार करने का आग्रह किया जो दुनिया के लिए मार्गदर्शक बने।उपराज्यपाल संत कबीर के 508वें निर्वाण दिवस के अवसर पर शिरोमणि संत कबीर भवन द्वारा जम्मू के पास चक अवतारा बिश्ना में आयोजित स्मृति कार्यक्रम में बोल रहे थे।सिन्हा ने कहा, भारत की सबसे बड़ी ताकत तकनीक और परंपरा, माइक्रोचिप और मंत्रों में महारत हासिल करने की उसकी क्षमता है।

## असम के लिए पिछले एक साल में 55,000 करोड़ रुपये की केंद्रीय परियोजनाओं को मंजूरी दी गई:हिमंत



**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को कहा कि पिछले एक साल में राज्य के लिए करीब 55,000 करोड़ रुपये की केंद्रीय परियोजनाओं को मंजूर दी गई है। यहां संवाददाता सम्मेलन में शर्मा ने असम में मंजूर और नियोजित कई परियोजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा, ''पिछले साल दूसरे 'एडवांटेज असम इन्वेस्टमेंट समिट' के दौरान केंद्र ने 80,000 करोड़ रुपये की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का भरोसा दिया था, और राज्य को पहले ही 55,000 करोड़ रुपये की अलग-अलग परियोजनाओं के लिए मंजूरी मिल चुकी है।'' शर्मा ने कहा कि सरकार ने कामाख्या रेलवे स्टेशन से कामाख्या मंदिर तक कामाख्या रोपवे परियोजना के लिए निविदा पहले ही जारी कर दी है। उन्होंने कहा, ''जब प्रधानमंत्री अगली बार असम आएंगे, तो वह इसकी नींव रखेंगे।'' शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार एक-दो दिन में गुवाहाटी हवाई अड्डे से राज्य की राजधानी के प्रवेश बिंदु जालुकबाड़ी तक एक एलिवेटेड गलियारा बनाने के लिए 1,500 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी दे सकती है। उन्होंने कहा, ''बैहाटा चरियाली से तेजपुर तक राष्ट्रीय राजमार्ग को चार लेन का बनाने की 14,000 करोड़ रुपये की परियोजना मंजूरी के आखिरी चरण में है।''

# शीर्ष क्रम फेल, मिडिल ऑर्डर बेहाल, दबाव में ढहा पाकिस्तान




## भारतीय गेंदबाजों का रहा दबदबा

**कोलंबो :** टी20 विश्व कप 2026 में कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में भारत के खिलाफ पाकिस्तान की पारी पूरी तरह बिखरी हुई नजर आई। 176 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान 18 ओवर में 114 रन पर ऑलआउट हो गया और उसे 61 रन की करारी हार झेलनी पड़ी। स्कोरकार्ड और मैच के हालात देखें तो साफ दिखता है कि यह सिर्फ हार नहीं, बल्कि दबाव में पूरी तरह टूट जाने वाली पारी थी।

**पावरप्ले में ही मैच हाथ से निकला**

पाकिस्तान की हार की नींव पहले छह ओवरों में ही पड़ गई थी। टीम ने पावरप्ले के अंदर चार विकेट गंवा दिए, जो टी20 विश्व कप में दूसरी बार हुआ जब पाकिस्तान ने शुरुआती छह ओवरों में चार विकेट खोए। टॉप-3 बल्लेबाजों का कुल योग सिर्फ 10 रन रहा, जो टी20 विश्व कप में उनका सबसे खराब प्रदर्शन है और भारत के खिलाफ भी सबसे कम।

पहले ओवर में ही साहिबजादा फरहान खाता खोले बिना हार्दिक पांड्या का शिकार बने। इसके बाद जसप्रीत बुमराह ने अपने पहले ही ओवर में सईम अयूब (6) और कप्तान सलमान अली आगा (4) को पवेलियन भेजकर पाकिस्तान की कमर तोड़ दी। बाबर आजम भी 5 रन बनाकर अक्षर पटेल की गेंद पर बोल्ड हो गए। 4.5 ओवर में स्कोर 34/4 था और मैच लगभग भारत की पकड़ में आ चुका था।

**स्पिन की चर्चा, लेकिन कहर बरपाया पेस ने**

मैच से पहले चर्चा थी कि स्पिन गेंदबाजी अहम भूमिका निभाएगी, लेकिन भारत ने शुरुआत से ही तेज गेंदबाजों पर भरोसा किया। पाकिस्तान के शुरुआती तीन विकेट पूरी तरह पेस अटैक ने झटके। आंकड़े बताते हैं कि पावरप्ले में अच्छी लेंथ (6-8 मीटर) और शॉर्ट गेंदों पर पाकिस्तान के बल्लेबाज सबसे ज्यादा संघर्ष करते दिखे। भारतीय गेंदबाजों ने लगातार सही एरिया में गेंदबाजी कर बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया।

**बीच के ओवरों में भी नहीं मिली स्थिरता**

उस्मान खान (44 रन, 34 गेंद) ने जरूर कुछ आक्रामक शॉट खेलकर जवाबी हमला करने की कोशिश की, लेकिन दूसरे छोर से उन्हें समर्थन नहीं मिला। शादाब खान (14), शाहीन अफरीदी (23 नाबाद) और फहीम अशरफ (10) के अलावा कोई भी बल्लेबाज प्रभाव नहीं छोड़ सका। सात बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू पाए। मिडिल ऑर्डर पूरी तरह दबाव में दिखा। नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे। 10.4 ओवर में 73/5, 12.1 ओवर में 77/8 और 17.6 ओवर में पूरी टीम 114 पर सिमट गई। रन रेट 6.33 रहा, जो 176 के लक्ष्य के सामने बेहद कम था।

**भारतीय गेंदबाजों का सामूहिक प्रदर्शन**

भारत के लिए हार्दिक पांड्या, जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल और वरुण चक्रवर्ती ने दो-दो विकेट लिए। कुलदीप यादव और तिलक वर्मा को भी एक-एक सफलता मिली। खास बात यह रही कि भारतीय गेंदबाजों ने किसी एक बल्लेबाज को टिककर साझेदारी बनाने का मौका नहीं दिया।

**पावरप्ले में विकेट खोकर भी भारत ने नहीं मानी हार**

भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट पर 175 रन बनाए। एक समय टीम 200 के पार जाती दिख रही थी, लेकिन बीच के ओवरों में लगे झटकों ने रनगति पर ब्रेक लगा दिया। पाकिस्तान की ओर से 20 में से 18 ओवर स्पिनर्स से कराना इस मुकाबले में चर्चा का विषय रहा। शुरुआत में भारत को झटका जरूर लगा जब सलमान आगा ने अभिषेक शर्मा को पहले ही ओवर में आउट कर दिया। हालांकि इसके बाद ईशान किशन ने आक्रामक अंदाज अपनाते हुए मैच का रुख बदल दिया। तिलक वर्मा के साथ मिलकर उन्होंने पावरप्ले में तेजी से रन बटोरे। शाहीन अफरीदी के ओवर में 15 रन और अंत में 11 रन के ओवर ने भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। छह ओवर के बाद स्कोर 52/1 था और ईशान पूरी तरह लय में दिख रहे थे।

**ईशान ने बनाया दबाव**

मिडिल ओवर्स में भारत की पारी अपने चरम पर पहुंची। ईशान किशन ने अबरार के ओवर में लगातार तीन चौके जड़कर दबाव पूरी तरह पाकिस्तान पर डाल दिया। शादाब खान के ओवर में 17 रन आए और ऐसा लगने लगा कि भारत 200 के करीब पहुंच जाएगा। ईशान ने सिर्फ 40 गेंदों पर 77 रन की विस्फोटक पारी खेली, जिसमें 10 चौके और तीन छक्के शामिल थे। लेकिन 13वें ओवर में सईम अयूब ने उन्हें आउट कर पाकिस्तान को बड़ी सफलता दिलाई। यही वह मोड़ था जहां से मैच का रुख थोड़ा बदला।



**स्पिनर्स ने की दबाव बनाने की कोशिश**

ईशान के आउट होते ही रनगति धीमी पड़ गई। नवाज और उस्मान तारिक ने किफायती ओवर डालकर भारत पर दबाव बनाया। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 32 रन की पारी खेली, लेकिन वह बड़े शॉट लगाने में ज्यादा सफल नहीं हो पाए। शिवम दुबे (27) और तिलक वर्मा (25) ने योगदान दिया, मगर लगातार विकेट गिरने से टीम अंतिम ओवरों में खुलकर नहीं खेल सकी।

**आखिरी में रिंकू का बल्ला गरजा**

डेथ ओवर्स में भारत को तेज फिनिश की जरूरत थी। रिंकू सिंह ने चार गेंदों पर 11 रन बनाकर कुछ राहत जरूर दी, लेकिन टीम 175 रन तक ही पहुंच सकी। एक समय जो स्कोर 190-200 की ओर जाता दिख रहा था, वह मिडिल और डेथ ओवरों में आई सुस्ती के कारण सीमित रह गया।

**स्पिनर्स के भरोसे आया पाकिस्तान**

पाकिस्तान की रणनीति साफ नजर आई। उन्होंने 20 में से 18 ओवर स्पिनर्स से कराए और कुल छह स्पिन गेंदबाजों का इस्तेमाल किया। शुरुआत में ईशान के आक्रामक रुख के सामने यह रणनीति असरदार नहीं दिखी, लेकिन मिडिल ओवर्स में स्पिन ने ही भारत की रफ्तार रोकी। कुल मिलाकर भारत ने अच्छी शुरुआत और मजबूत मिडिल फेज के दम पर प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया, लेकिन बीच के ओवरों में लगे झटकों और धीमी रनगति के कारण टीम बड़ा स्कोर खड़ा करने से चूक गई।

## इस विकेट पर पहले बल्लेबाजी करना बेहतर विकल्प था: सूर्यकुमार




भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप ए मैच में पाकिस्तान के खिलाफ 61 रन की बड़ी जीत के साथ सुपर आठ चरण के लिए क्वालीफाई करने के बाद कहा कि इस पिच पर पहले बल्लेबाजी करना बेहतर विकल्प था और उन्होंने 175 रन बनाकर विरोधी टीम को मुकाबले से बाहर कर दिया। भारत के 176 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम हार्दिक पंड्या (16 रन पर दो विकेट), वरुण चक्रवर्ती (17 रन पर दो विकेट), जसप्रीत बुमराह (17 रन पर दो विकेट) और अक्षर पटेल (29 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 18 ओवर में 114 रन पर सिमट गई। भारत ने इससे पहले इशान की 40 गेंद में 10 चौकों और तीन छक्कों से 77 रन की पारी और तिलक वर्मा (25) के साथ उनकी दूसरे विकेट की 87 रन की साझेदारी से सात विकेट पर 175 रन बनाए। सूर्यकुमार ने कहा कि इस पिच पर 155 रन प्रतिस्पर्धी स्कोर होता और वह 15 से 20 रन अधिक बनाने में सफल रहे।

## पाकिस्तान पर जीत से काफी आत्मविश्वास मिलेगा: इशान

पाकिस्तान के खिलाफ आईसीसी टी20 विश्व कप ग्रुप ए मैच में 40 गेंद में 77 रन की ताबड़तोड़ पारी खेलकर भारत की बड़ी जीत में अहम योगदान देने वाले इशान किशन ने रविवार को यहां कहा कि इस जीत से टीम का आत्मविश्वास काफी बढ़ेगा। इशान ने स्पिन की अनुकूल पिच पर 40 गेंद में 10 चौकों और तीन छक्के लगाने के अलावा तिलक वर्मा (25) के साथ दूसरे विकेट के लिए 87 रन जोड़कर भारत का दबदबा कायम किया। उन्हें इस पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। भारत ने सात विकेट पर 175 रन बनाने के बाद पाकिस्तान को 18 ओवर में 114 रन पर आउट कर 61 रन से जीत दर्ज की। इशान ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कहा, ''मुझे लगता है कि शुरुआत में विकेट उतना आसान नहीं था। ऐसे में खुद पर भरोसा रखना और अपनी ताकत पर ध्यान केंद्रित करना जरूरी था। मैंने अपने ऑफ-साइड खेल पर काफी मेहनत की है। मैं बस चीजों को सरल रखने की कोशिश कर रहा था।''

## अर्जेंटीना ने एफआईएच प्रो-लीग के मुकाबले में भारत को 4-2 से हराया

**राउरकेला :** भारतीय हॉकी टीम का एफआईएच प्रो लीग निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा जिसे रविवार को यहां राउरकेला चरण के अंतिम मुकाबले में अर्जेंटीना ने 4-2 से हराया। इस मुकाबले में भी टीम की पुरानी कमजोरियां उभरकर सामने आईं। अर्जेंटीना की ओर से तादेओ मार्कुची (28 वां मिनट, 49 वां मिनट) ने दो गोल दागे, जबकि टोमास दोमेने (18 वां मिनट) और लूसियो मेंडेज़ (43 वां मिनट) ने भी अहम योगदान दिया। भारत के लिए बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में आदित्य लालेज (50 वां मिनट) और संजय (59 वां मिनट) ने गोल किए। टीम को कुछ दिन पहले अर्जेंटीना के हाथों 0-8 की करारी हार का सामना करना पड़ा था।

## इटली को हराकर सुपर आठ में जगह पक्की करने उतरेगा इंग्लैंड

**कोलकाता :** दो बार का चैंपियन इंग्लैंड सोमवार को यहां अपने आखिरी ग्रुप सी मैच में टी20 विश्व कप में पहली बार खेल रहे फुटबॉल के अपने चिर प्रतिद्वंद्वी इटली को हराकर सुपर आठ में जगह पक्की करने के इरादे से उतरेगा। इंग्लैंड और इटली के बीच फुटबॉल पिच पर जबरदस्त प्रतिद्वंद्विता है और दोनों टीमों के बीच कई यादगार मुकाबले खेले गए हैं। इसमें वेम्बले में यूरो 2020 फाइनल में इटली की पेनल्टी शूटआउट में जीत भी शामिल है। हालांकि सोमवार को यह प्रतिद्वंद्विता पहली बार फुटबॉल की जगह क्रिकेट में नजर आएगी और ईडन गार्डन्स इसका गवाह बनेगा। शनिवार को यहां इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के बीच हुए मुकाबले के लिए 35 हजार से अधिक दर्शक स्टेडियम पहुंचे थे। ऐसा लगता है कि इंग्लैंड की टीम धीरे-धीरे लय हासिल कर रही है। टीम हालांकि स्कॉटलैंड पर दबाव वाली जीत के बाद इस मैच में उतरेगी।

## भारत ने पहले महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय में ऑस्ट्रेलिया को 21 रन से हराया

**सिडनी:** तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी की करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी की बदौलत भारत ने वर्षा से प्रभावित पहले महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को डकवर्थ-लुईस (डीएलएस) पद्धति के तहत 21 रन से हरा दिया। अरुंधति ने 22 रन देकर चार विकेट झटके, जबकि रेणुका सिंह (14 रन पर दो विकेट) और श्री चरणी (14 रन पर दो विकेट) ने उनका शानदार साथ निभाया।ऑस्ट्रेलिया ने तेज शुरुआत करते हुए 2.2 ओवर में 22 रन बना लिए थे, लेकिन रेणुका ने बेथ मूनी (5) को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद जॉर्जिया वोल (18) भी जल्दी पवेलियन लौट गईं। एलिस पैरी (20) और फोएबे लिचफील्ड (26) ने तीसरे विकेट के लिए 41 रन जोड़कर पारी संभालने की कोशिश की, मगर कप्तान हरमनप्रीत कौर के शानदार कैच से पैरी की पारी का अंत हुआ।मध्य ओवरों में अरुंधति ने लिचफील्ड समेत अहम विकेट निकालकर मेजबान टीम की कमर तोड़ दी। जॉर्जिया वेयरहैम (30) और निकोला कैरी (12) ने छठे विकेट के लिए 41 रन जोड़े, लेकिन 14वें ओवर के बाद ऑस्ट्रेलिया की पारी लड़खड़ा गई और पूरी टीम 18 ओवर में 133 रन पर सिमट गई। अंतिम पांच विकेट महज 12 रन पर गिरे।लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने 5.1 ओवर में एक विकेट पर 50 रन बना लिए थे, तभी बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा और दोबारा शुरू नहीं हो सका। डीएलएस के तहत आवश्यक स्कोर 29 रन था, जिससे भारत को विजेता घोषित किया गया।




## कृष्णमूर्ति और मोनांक की अर्धशतकीय पारियों से अमेरिका ने नामीबिया को हराया

**चेन्नई:** संजय कृष्णमूर्ति के विस्फोटक अर्धशतक और कप्तान मोनांक पटेल की आक्रामक पारी के दम पर अमेरिका ने ग्रुप ए के मुकाबले में नामीबिया को 31 रन से हराकर सुपर आठ में पहुंचने की उम्मीदें बरकरार रखीं। लगातार दूसरी जीत के साथ अमेरिका ने चार अंकों के साथ अपना अभियान समाप्त किया और वह तालिका में भारत और पाकिस्तान के बाद तीसरे स्थान पर रहा।पहले बल्लेबाजी करते हुए अमेरिका ने चार विकेट पर 199 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया, जो टी20 विश्व कप में उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। मोनांक पटेल ने 30 गेंदों में तीन चौके और तीन छक्कों की मदद से 52 रन बनाकर टीम को तेज शुरुआत दिलाई। उन्होंने शायन जहांगीर (22) के साथ पहले विकेट के लिए 68 रन जोड़े। इसके बाद संजय कृष्णमूर्ति ने 33 गेंदों पर नाबाद 68 रन ठोकते हुए पारी को नई ऊंचाई दी। उन्होंने अपनी पारी में चार चौके और छह छक्के लगाए तथा मिलिंद कुमार (28) के साथ 87 रन की अहम साझेदारी निभाई।199 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नामीबिया की ओर से लॉरेन स्टीनकैंप ने 39 गेंदों में 58 रन बनाकर संघर्ष किया, लेकिन टीम छह विकेट पर 168 रन ही बना सकी। अमेरिका के लिए शैडली वैन शाल्कविक ने दो विकेट चटकाए, जबकि सौरभ नेत्रवलकर ने कसी हुई गेंदबाजी की। मध्य ओवरों में लगातार विकेट गिरने से नामीबिया की पारी लड़खड़ा गई और वह लक्ष्य से दूर रह गई। 'प्लेयर ऑफ द मैच' कृष्णमूर्ति की पारी जीत का निर्णायक कारक साबित हुई।




# नेपाल पर बड़ी जीत से सुपर आठ में पहुंचा वेस्टइंडीज


**मुंबई :** अनुभवी ऑलराउंडर जैसन होल्डर की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के उत्कृष्ट खेल के दम पर वेस्टइंडीज ने रविवार को यहां टी20 विश्व कप के ग्रुप सी के मैच में नेपाल को 28 गेंद शेष रहते हुए नौ विकेट से करारी शिकस्त देकर सुपर आठ में अपनी जगह पक्की की। नेपाल की तरफ से दीपेंद्र सिंह ऐरी ने 47 गेंद पर 58 रन की शानदार पारी खेली जिससे उनकी टीम पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद आठ विकेट पर 133 रन बनाने में सफल रही। ऐरी ने अपनी पारी में तीन चौके और इतने ही छक्के लगाए। उनके अलावा सोमपाल कामी ने 15 गेंद पर चार चौकों की मदद से नाबाद 26 रन का योगदान दिया। वेस्टइंडीज ने इसके जवाब में 15.2 ओवर में एक विकेट पर 134 रन बनाकर आसानी से लक्ष्य हासिल किया। उसकी तरफ से कप्तान शाई होप ने 44 गेंद पर नाबाद 61 रन बनाए जिसमें पांच चौके और तीन छक्के शामिल हैं। शिमरोन हेटमायर ने चार चौकों और दो छक्कों की मदद से 32 गेंद पर नाबाद 46 रन बनाए। इन दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 91 रन की अटूट साझेदारी की। वेस्टइंडीज की यह लगातार तीसरी जीत है जिससे उसने छह अंक के साथ ग्रुप सी में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। वह सुपर आठ में पहुंचने वाली पहली टीम है।




# व्यापार

## स्टार्टअप नवाचार और रोजगार सृजन को बढ़ावा दे रहे हैं: पूर्व राष्ट्रपति कोविंद

**नयी दिल्ली :** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने रविवार को कहा कि भारत दुनिया के तीसरे सबसे बड़े स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के रूप में उभरा है, जिसमें दो लाख से अधिक मान्यता प्राप्त स्टार्टअप देश भर में नवाचार और रोजगार सृजन को गति दे रहे हैं। कोविंद ने जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन (जीटो) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि इसके साथ ही, 100 से अधिक स्टार्टअप ने 'यूनिकॉर्न' का दर्जा हासिल कर लिया है। यूनिकॉर्न से आशय एक अरब डॉलर से अधिक के मूल्यांकन से है। 'एआई इम्पैक्ट समिट' के लिए वैश्विक दिग्गजों और प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों के एकत्रित होने के बीच उन्होंने कहा कि यह प्रभावशाली वैश्विक रैंकिंग और उच्च-मूल्य वाले स्टार्टअप की विशाल संख्या भारत के कोने-कोने से उभर रहे नवाचार, रोजगार सृजन और विश्व स्तरीय उद्यमों को दर्शाती है। जीटो की राष्ट्रीय स्टार्टअप पहल 'इल्युमिन 8' में निवेशकों और परामर्शदाताओं को संबोधित करते हुए कोविंद ने कहा, ''व्यवसाय और मूल्य एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि भागीदार हैं। लाभ और उद्देश्य को एक साथ आगे बढ़ना चाहिए।'' उन्होंने उल्लेख किया कि जैन सिद्धांत इस गहरी समझ को दर्शाते हैं कि जो समाज केवल लाभ पर ध्यान केंद्रित करता है लेकिन मूल्यों की उपेक्षा करता है, वह कुछ समय के लिए तो आगे बढ़ सकता है, लेकिन धीरे-धीरे अपना मार्ग भटक जाता है। दूसरी ओर, उन्होंने कहा कि समाज की सेवा करने वाला धन सार्थक हो जाता है और नैतिकता में निहित उद्यम चिरस्थायी बन जाता है। इस अवसर पर 'जीटो इंक्यूबेशन एंड इनोवेशन फाउंडेशन' के चेयरमैन जिनेंद्र भंडारी ने कहा कि भारत की स्टार्टअप गाथा अब केवल मूल्यांकन के बारे में नहीं है, बल्कि यह वास्तविक अर्थव्यवस्था के लिए मूल्य सृजन के बारे में है। उन्होंने कहा कि 'स्टार्टअप इंडिया फंड 2.0' जैसी पहल सहित सरकार की निरंतर प्रतिबद्धता एक शक्तिशाली संकेत देती है कि जोखिम लेने और नवाचार को न केवल स्वीकार किया जाता है बल्कि प्रोत्साहित भी किया जाता है। उन्होंने कहा कि भारत के संस्थापक केवल कंपनियां नहीं बना रहे हैं, बल्कि वे आर्थिक गतिशीलता, रोजगार और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता का निर्माण कर रहे हैं।



## सीतारमण का लगातार नौ बजट पेश करना पूरे देश की महिलाओं को प्रेरित करने वाला: प्रधानमंत्री मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा लगातार नौ बजट पेश करना राष्ट्रीय गर्व की बात है और इस उपलब्धि से देश भर की कई महिलाएं प्रेरित महसूस कर रही हैं। सीतारमण एक फरवरी को लगातार नौ बजट पेश करने वाली एकमात्र वित्त मंत्री बन गईं। वह पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई द्वारा पेश किए गए 10 बजट के रिकॉर्ड से सिर्फ एक कदम दूर हैं। देसाई ने 1959 से 1964 तक वित्त मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान छह बजट और 1967 से 1969 के बीच चार बजट पेश किए थे। प्रधानमंत्री ने 'पीटीआई-भाषा' के साथ एक विशेष साक्षात्कार में कहा, ''वास्तव में यह राष्ट्रीय गौरव की बात है कि हमारी वित्त मंत्री निर्मला जी ने लगातार नौ बार बजट पेश किया है, जो एक रिकॉर्ड और गर्व की बात है।''

## अमेरिकी मुद्रास्फीति, रोजगार आंकड़ों से सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट जारी रहेगी : विश्लेषक

**नयी दिल्ली :** अगले सप्ताह सोने और चांदी की कीमतों में और गिरावट देखने को मिल सकती है। हालांकि, सर्राफा बाजार में उतार-चढ़ाव जारी रहने की संभावना है। विशेषज्ञों ने यह बात कही है। विशेषज्ञों ने कहा कि निवेशक अमेरिकी अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण आंकड़ों जैसे मुद्रास्फीति, सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) और फेडरल रिजर्व की नीतियों पर खास नजर बनाए हुए हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, व्यापारी संभावित ब्याज दरों में कटौती का समय और गति समझने के लिए अमेरिका के श्रम संबंधी आंकड़े, फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक के विवरण और फेड के अधिकारियों के बयानों पर नजर रखेंगे। जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के (ईबीजी, कमोडिटी एंड करेंसी रिसर्च) के उपाध्यक्ष प्रणव मेर ने कहा कि सोने और चांदी की कीमतों में और अधिक मजबूती देखने को मिल सकती है, लेकिन जीडीपी पर आने वाले अमेरिकी आंकड़े और व्यक्तिगत उपभोग व्यय (पीसीई) मुद्रास्फीति संख्या और फेडरल रिजर्व के अधिकारी की टिप्पणी पर ध्यान केंद्रित होने से अस्थिरता बनी रहेगी। घरेलू बाजार में, मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर चांदी का वायदा भाव पिछले सप्ताह 5,532 रुपये यानी 2.2 प्रतिशत गिर गया, जबकि सोने का भाव 444 रुपये यानी 0.3 प्रतिशत बढ़ा। एंजेल वन के उपाध्यक्ष (अनुसंधान, गैर-कृषि जिंस और मुद्राएं) प्रथमेश माल्या ने कहा, फरवरी 2026 में सोने की कीमतों में गिरावट आई है, 13 फरवरी को कीमतें 1,80,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के उच्चतम स्तर से घटकर लगभग 1,53,800 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई हैं। उन्होंने कहा कि उम्मीद से अधिक मजबूत अमेरिकी रोजगार आंकड़ों ने निकट अवधि में दरों में कटौती की उम्मीदों को कम कर दिया है, जिससे पिछले सप्ताह सोने की कीमतों पर असर पड़ा है।

## भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते के अप्रैल में लागू होने की संभावना: अधिकारी

**नयी दिल्ली :** भारत और ब्रिटेन के बीच जुलाई, 2025 में हस्ताक्षरित भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते के अप्रैल, 2026 में लागू होने की संभावना है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। भारत और ब्रिटेन ने 24 जुलाई, 2025 को वृहद आर्थिक और व्यापार समझौते (सीईटीए) पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत भारत के 99 प्रतिशत उत्पाद ब्रिटेन में बिना किसी शुल्क के भेजे जा सकेंगे, जबकि भारत में ब्रिटेन से आने वाली कारों और व्हिस्की पर कम शुल्क लगेगा। अधिकारी ने बताया, ''हमें इस समझौते के अप्रैल में लागू होने की उम्मीद है।''

## आयात शुल्क कटौती के बाद सीएनएच अमेरिका को फिर करेगी ट्रैक्टर निर्यात, 1,800 करोड़ के निवेश की योजना

**पुणे :** इतालवी-अमेरिकी कृषि उपकरण विनिर्माता कंपनी सीएनएच की भारतीय इकाई ने अमेरिका को फिर से पूरी क्षमता के साथ ट्रैक्टर निर्यात शुरू करने का फैसला किया है। इसके साथ ही कंपनी अगले दो-तीन साल में लगभग 1,800 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। यह कदम भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के बाद उठाया गया है, जिसके तहत भारतीय सामान पर आयात शुल्क 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। 'न्यू हॉलैंड' और 'केस आईएच' जैसे ब्रांड का परिचालन करने वाली इस कंपनी ने पिछले साल ऊंचे शुल्क के कारण अमेरिका को होने वाली आपूर्ति रोक दी थी। 2025 के अंतिम महीनों में अमेरिकी बाजार के लिए उत्पादन को लगभग बंद कर दिया गया था। सीएनएच इंडिया के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक नरिंदर मित्तल ने कंपनी के पुणे संयंत्र में 'पीटीआई-भाषा' को दिए साक्षात्कार में कहा, शुल्क घटकर 18 प्रतिशत होने के साथ ही हमने अमेरिका को पूर्ण रूप से ट्रैक्टर निर्यात शुरू कर दिया है। नए 'कॉम्पैक्ट' मॉडल जुड़ने से इस बार निर्यात पिछले साल से अधिक रहेगा और अमेरिकी बाजार की सुस्ती के बावजूद कुल निर्यात में इसकी हिस्सेदारी 30 प्रतिशत बनी रहेगी। निर्यात की यह बहाली सीएनएच की 'इंडिया फॉर ग्लोबल' (वैश्विक बाजार के लिए भारत) रणनीति के अनुरूप है। इस रणनीति के तहत भारत को छोटे और मध्यम ट्रैक्टर के साथ-साथ पुर्जों के एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित किया जा रहा है, जिनकी आपूर्ति अमेरिका, यूरोप और लातिनी अमेरिका के संयंत्रों में की जाती है। फरवरी, 2026 में हुए व्यापार समझौते से इस्पात और एल्युमीनियम शुल्क में भी राहत मिलने की संभावना है। भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए कंपनी ने 1,800 करोड़ रुपये के नए निवेश की रूपरेखा तैयार की है। इसमें से लगभग 1,500 करोड़ रुपये कृषि खंड (ट्रैक्टर, हार्वेस्टर आदि) और 300 करोड़ रुपये निर्माण उपकरणों पर खर्च किए जाएंगे। मित्तल ने बताया कि इस निवेश में से लगभग 1,000 करोड़ रुपये एक नए ट्रैक्टर विनिर्माण संयंत्र के लिए आवंटित किए गए हैं। इस चौथे संयंत्र के चालू होने पर कंपनी की वार्षिक उत्पादन क्षमता 60,000 से बढ़कर 1,20,000 इकाई हो जाएगी। संयंत्र के लिए भूमि अधिग्रहण को लेकर उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और पंजाब जैसे राज्यों से बातचीत जारी है। स्थान पर स्पष्टता 2026 की दूसरी तिमाही तक आने की उम्मीद है, जबकि उत्पादन 2028 की शुरुआत तक शुरू हो सकता है।

वर्ष 10, पूर्णांक 3505 अंक 315 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in